2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी : जानलेवा साबित हो सकते हैं रेलवे फ्लाईओवर के गड्ढे

6 अभिमत
भारत हेतु साइबर सिद्धान्त महत्वपूर्ण

9 देश/विदेश
ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है : सोनिया गांधी

11 स्पोर्ट्स
उम्मीदें जीवंत रखने को एक-दूसरे का सामना करेंगे सनराइजर्स और केकेआर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 96
फरीदाबाद, शनिवार, 14 मई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



उदयन माने आठ अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर पहुंचे
पेज - 12

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,793 | ▼ | 136 | |
| निफ्टी | 15,782 | ▼ | 25.85 | |
| सोना | 50,127 | ▲ | 360 | /10 gm |
| चांदी | 59,168 | ▼ | 252 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 47.00°C
न्यूनतम 30.00°C

## क्विक न्यूज

### आतंकी से संबंधों को लेकर तीन सरकारी कर्मचारी सस्पेंड

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने आतंकवाद का समर्थन देने के आरोप में तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इसमें कश्मीर विश्वविद्यालय में केमिस्ट्री के प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित, शिक्षक मोहम्मद मकबूल हाजम और पुलिस जवान गुलाम रसूल शामिल हैं। एक आतंकी समूह और राष्ट्र-विरोधी नेटवर्क पर हाल ही में हुई कार्रवाई में इन पर शिकंजा कसा गया।

### श्रीनगर में महबूबा मुफ्ती को घर में नजरबंद किया गया : पीडीपी

**जम्मू।** पीडीपी ने दावा किया है कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को घर में नजरबंद कर दिया गया है। पार्टी ने अभी तक नजरबंद होने के कारणों की पुष्टि नहीं की है। महबूबा मुफ्ती के घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है। उधर, बाबू सिंह हवाला मामले में राज्य जांच एजेंसी ने सुबह जम्मू-कश्मीर में 9 जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी हवाला मामले में गिरफ्तार हुए कांग्रेस के पूर्व मंत्री बाबू सिंह से पूछताछ के आधार पर की गई। टीम ने कुछ दस्तावेज भी बरामद किए। एजेंसी ने अभी तक छापेमारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया।

### आईएसआई ने रची थी पंजाब धमाके की साजिश

**पटियाला।** पंजाब पुलिस के मोहाली स्थित इंटेलिजेंस हेडक्वॉर्टर पर आतंकी हमला हुआ था। इसे खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) ने करवाया और इसका मास्टरमाइंड कनाडा बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह लाडा है। लाडा पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर हरविंदर रिंदा का करीबी है। यह हमला पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर किया गया। इस आरपीजी के जरिए यह रॉकेट दागा गया, वह भी पाकिस्तान से ही आया था। शुक्रवार को डीजीपी वीके भावरा ने यह खुलासा किया। डीजीपी ने बताया कि इस मामले में अभी तक पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। हालांकि रॉकेट दागने वाले तीन हमलावर अभी पकड़ से बाहर हैं।

### आप विधायक अमानतुल्लाह खान को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** आप विधायक अमानतुल्लाह खान को दिल्ली की साकेत कोर्ट ने शुक्रवार को जमानत दे दी। उनके खिलाफ अब तक 18 एफआईआर दर्ज की गई हैं और उन्हें 30 मार्च को ही हिस्ट्रीशीटर और खराब चरित्र घोषित किया जा चुका है। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खान को गुरुवार को मदनपुर खादर से दंगे और सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा पहुंचाने के आरोपों के तहत गिरफ्तार किया था।

### सुरक्षाबलों ने 24 घंटे में लिया राहुल भट का बदला

# तीन आतंकी किए ढेर, 350 कश्मीरी पंडितों का सरकारी पदों से इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**कश्मीरी** पंडित राहुल भट की हत्या में शामिल तीनों आतंकियों को सुरक्षाबलों ने 24 घंटे के अंदर मार गिराया है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने राहुल की मौत की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है। सरकार ने राहुल की पत्नी को सरकारी नौकरी देने और उनकी बेटी की पढ़ाई का पूरा खर्चा उठाने का भी ऐलान किया है। उधर, कश्मीरी पंडितों में लगातार निशाना बनाकर हो रहे हमलों से खौफ फैल गया है। इस टारगेट किलिंग के विरोध में 350 सरकारी कर्मचारियों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है।





गुरुवार को आतंकियों ने बड़गाम जिले के चडूरा तहसील ऑफिस में घुसकर क्लर्क राहुल को शूट कर दिया था। इसके बाद राहुल ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। घटना के बाद से ही इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा था। इसी बीच पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम को जानकारी मिली कि बांदीपोरा के बरार इलाके में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ।

इसमें राहुल की हत्या में शामिल तीनों आतंकी ढेर हो गए। राहुल भट की हत्या को लेकर कश्मीरी पंडितों में भारी आक्रोश है। हत्या के विरोध में शुक्रवार को 350 सरकारी कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया है। कर्मचारियों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को अपने इस्तीफे भेज दिए हैं। सभी कश्मीरी पंडित प्रधानमंत्री पैकेज के कर्मचारी हैं। इन लोगों का कहना है कि घाटी में कश्मीरी पंडित सुरक्षित नहीं हैं। रोज इसकी बानगी देखने को मिलती है। सरकार कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा देने के वादे तो करती है, लेकिन वो जमीन पर दिखाई नहीं देते। ऐसे में हम कश्मीर में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### कश्मीरी पंडित अपनी सुरक्षा को लेकर जम्मू से लेकर श्रीनगर तक प्रदर्शन कर रहे

**कश्मीर** में 24 घंटों के अंदर हत्या की दो घटनाएं सामने आई हैं। गुरुवार को कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या हुई थी। शुक्रवार को पुलवामा के गुदूरा में आतंकियों ने एसपीओ रियाज अहमद थोकर पर फायरिंग कर दी, अस्पताल में उनकी मौत हो गई। डीआईजी दक्षिण कश्मीर रेंज अब्दुल जब्बार ने बताया कि रियाज छुट्टी पर था और अपने बच्चे की स्कूल बस का इंतजार कर रहा था। इस दौरान दो अज्ञात बाइक सवारों ने उस पर गोलियां चला दीं। कश्मीरी पंडित अपनी सुरक्षा को लेकर जम्मू से लेकर श्रीनगर तक प्रदर्शन कर रहे हैं। कई जगहों से पुलिस और पंडितों के बीच धक्का-मुक्की की भी जानकारी मिली है। घाटी में तनाव की स्थिति हो गई है। कश्मीरी पंडित जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर, बडगाम के शेखपोरा में प्रदर्शन कर रहे कश्मीरी पंडितों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज का इस्तेमाल किया। यह सभी लोग श्रीनगर एयरपोर्ट अड्डे की ओर मार्च कर रहे थे।

## सामान की अवैध ढुलाई करने वाले वाहनों पर कसा जाएगा शिकंजा



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में अवैध तौर पर सामान की ढुलाई करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा, जो व्यक्ति टैक्स की पेमेंट किए बिना कॉमर्शियल वाहन से सामान ले जाते पकड़ा जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वाहनों की चेकिंग के दौरान कराधान विभाग के अधिकारियों के साथ पुलिस-बल भी होगा। विभाग के जो अधिकारी टैक्स की चोरी के मामले में छापेमारी करेंगे, उनके लिए शरीर पर स्पाई-कैमरा भी होगा। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में आबकारी एवं कराधान विभाग के एनफोर्समेंट की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। डिप्टी सीएम, जिनके पास आबकारी एवं कराधान विभाग का भी प्रभार है, ने इस अवसर पर कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि जो भी अधिकारी नियमित तौर पर टैक्स चोरी करने वाले वाहनों की ईमानदारी से चेकिंग नहीं करेगा उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

### वैष्णो देवी मार्ग पर हादसा

# कटड़ा से जम्मू आ रही बस आग का गोला बनी, चार की मौत

## जिला प्रशासन ने मृतकों को पांच-पांच लाख मुआवजे की घोषणा की

### आग में झुलसे हुए श्रद्धालुओं को मिलेंगे एक-एक लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**श्री माता** वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहे यात्रियों की बस में धमाके के बाद आग लग गई। आधार शिविर कटड़ा से तीन किलोमीटर की दूरी पर चलती बस में आग लगने से चार श्रद्धालुओं की जलकर मौत हो गई। 24 अन्य श्रद्धालु बुरी तरह से झुलस गए। कटड़ा में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में बताया जा रहा है कि बस के इंजन वाली जगह धमाका हुआ, जिससे आग लग गई। बाद में ईंधन टंकी फटने से पूरी बस जल गई। शुक्रवार देर शाम तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस (जेके14-1831) कटड़ा के मुख्य बस अड्डे से दोपहर बाद 3.15 बजे रवाना हुई। श्रद्धालुओं को लेकर यह बस कडमाल स्थित शनिदेव मंदिर के पास से गुजर रही थी, इसी दौरान 3.30 बजे बस के अगले हिस्से में धमाका होने से आग लग गई। इससे पहले कि बस रुकती और लोगों को बाहर निकाला जाता, आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया। बस में बैठे श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। ईंधन टंकी फटने के बाद आग तेजी से फैली, जिससे चार लोगों की बस में ही जलकर मौत हो गई। अन्य 24 घायलों में से ज्यादातर की बाजू और पैर झुलसे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आग की लपटों में घिरी बस से बाहर निकाल कटड़ा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया गया। दमकल कर्मियों के आग बुझाने तक बस बुरी तरह से जल चुकी थी। कटड़ा बस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एलजी प्रशासन ने पांच-पांच लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख देने की घोषणा की है। एलजी ने आर्थिक मदद पर ट्वीट कर कहा, यह हादसा बेहद दर्दनाक है। सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है। जिला प्रशासन को घायलों के लिए हर संभव व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला

बस में बैठे श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। ईंधन टंकी फटने के बाद आग तेजी से फैली जिससे चार लोगों की बस में ही जलकर मौत हो गई। अन्य 24 घायलों में से ज्यादातर की बाजू और पैर झुलसे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को आग की लपटों में घिरी बस से बाहर निकाल कटड़ा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जीएमसी जम्मू रेफर कर दिया गया।

### मेट्रो स्टेशन के पास इमारत में लगी आग, महिला की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में मुंडका मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 544 के पास एक इमारत में आग लग गई है। सूचना पर दमकल की 24 गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। इमारत में कई लोग फंसे थे, जिन्हें दमकल कर्मियों ने निकाल लिया है। हालांकि आग से झुलसी एक महिला की मौत हो गई है।



एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने इमारत की खिड़कियां तोड़ीं। लोगों को बचाया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी समीर शर्मा ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत का इस्तेमाल आमतौर पर कंपनियों को कार्यालय की जगह उपलब्ध कराने के लिए किया जाता था। आग इमारत की पहली मंजिल से लगी, जिसमें एक सीसीटीवी कैमरा और राउटर निर्माण कंपनी का कार्यालय है। कंपनी का मालिक पुलिस हिरासत में है। पुलिस ने कहा कि घटना में एक मौत हो गई है। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# दूसरी बार प्रधानमंत्री बना हूं तो मुझे सबकुछ मिल गया, ऐसा नहीं है : मोदी

### मोदी ने कहा, दो बार प्रधानमंत्री बनना काफी नहीं, मैं दूसरी धातु का हूं

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुजरात सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अभी मंद नहीं पड़ने वाले हैं। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस बीच उन्होंने विपक्ष के किसी नेता की बात याद करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि दो बार प्रधानमंत्री बनना ही एक शख्स के लिए काफी है। लेकिन मैं दूसरी धातु का बना हूं। उन्होंने कहा, एक दिन एक बड़े नेता मुझसे मिले। वह अकसर राजनीति में हमारा विरोध करते थे लेकिन मैं उनका सम्मान करता हूं। कुछ मामलों में वह मुझसे खुश नहीं थे और इसीलिए वह मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने कहा, मोदी जी, आप दो बार देश के प्रधानमंत्री बन चुके हैं।

अब आप और क्या चाहते हैं। उनका विचार था कि अगर कोई दो बार प्रधानमंत्री बन गया तो उसे सब कुछ मिल गया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, उन्हें पता नहीं है कि मोदी किस धातु का बना है। गुजरात की धरती ने उसे बनाया है। मैं किसी काम में ढील देने में विश्वास नहीं रखता। मैं यह नहीं सोचता कि जो होना था हो गया, अब आराम करना चाहिए। मेरा सपना है कि सैचुरेशन, शत प्रतिशत लोगों तक जनहित की योजनाओं को पहुंचाना।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के दौरान किसी नेता के नाम का जिक्र नहीं किया। हालांकि कुछ दिन पहले एनसीपी नेता शरद पवार उनसे मिलने के लिए आए थे और उन्होंने केंद्र की एजेंसियों को लेकर भी मुद्दा उठाया था। शिवसेना नेता संजय राउत और उनके परिवार के लोगों पर ऐक्शन को लेकर भी उन्होंने चर्चा की थी।

### ट्विटर की 44 अरब डॉलर की डील होल्ड पर : एलन मस्क

**वाशिंगटन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शुक्रवार को बताया कि ट्विटर की 44 अरब डॉलर की डील फिलहाल होल्ड पर है। अपने ट्वीट के साथ उन्होंने रॉयटर्स के आर्टिकल का एक लिंक भी शेयर किया है।

ट्विटर डील के होल्ड होने की वजह स्पैम अकाउंट के कैल्कुलेशन को बताया गया है। हाल ही में ट्विटर ने अपनी फाइलिंग में बताया था कि पहली तिमाही उसके स्पैम अकाउंट की संख्या मोनेटाइजेबल डेली एक्टिव यूजर्स के पांच फीसद से भी कम है। मस्क ने इस रिपोर्ट से जुड़ा रॉयटर्स का एक आर्टिकल भी ट्विटर पर शेयर किया है। डील की होल्ड होने की जानकारी सामने आने के बाद ट्विटर के शेयर प्री मार्केट में 11 फीसद से ज्यादा टूट गए, जबकि टेस्ला के शेयर में पांच फीसद करीब तेजी है।

## शराब के नशे में धुत्त आईजी कलसन ने फिर की मारपीट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के विवादित आईपीएस हेमंत कलसन ने एक बार फिर से शराब के नशे में धुत्त होकर तोड़फोड़ की है, जिसके चलते शुक्रवार को उन्हें पंचकूला पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एक सप्ताह में यह दूसरा मामला है, जब कलसन ने शराब के नशे में हंगामा किया है।



आईजी हेमंत कलसन को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया

इस बीच मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हेमंत कलसन को समय से पहले जबरन सेवानिवृत्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। सरकार ने होमगार्ड में सेवारत आईजी हेमंत कलसन को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेशों में कहा गया है कि उन्होंने अपने कार्यालय की शक्तियों का दुरुपयोग किया और विभाग की गरिमा को भी ठेस पंहुचाई है। निलंबन के दौरान उनका हैडक्वॉर्टर हरियाणा के डीजीपी का कार्यालय होगा और संबंधित प्राधिकारी की अनुमति के बिना स्टेशन को नहीं छोड़ेंगे।

पिंजौर पुलिस को दी शिकायत में रतपुर कॉलोनी निवासी तलविंदर सिंह ने बताया कि वह 75 प्रतिशत विकलांग है। वह पानी और किरियाना दुकान चलाता है। तलविंदर ने कहा कि हेमंत कलसन शराब के नशे में थे। उन्होंने दुकान में घुसकर तलविंदर के साथ दुर्व्यवहार किया, गाली गलौच व मारपीट की।

# हरियाणा में ऑनलाइन होंगे शस्त्र लाइसेंस के आवेदन : मनोहर लाल

## सरल और अंत्योदय केंद्रों के माध्यम से आवेदन करना होगा

### शस्त्र लाइसेंस के लिए ट्रेनिंग होगी अनिवार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नागरिक सेवाओं में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने की मुहिम में उस समय एक और अध्याय जुड़ गया है, जब मुख्यमंत्री ने शस्त्र लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन करने को हरी-झड़ी दे दी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को शस्त्र लाइसेंस पर बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शस्त्र लाइसेंस की आवेदन प्रक्रिया को परिवार-पहचान-पत्र के साथ लिंक किया जाए। इसके लिए एनआईसी, नागरिक संसाधन सूचना विभाग व गृह विभाग मिलकर कार्य करें। बैठक में मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि एक-दो महीनों में पूरी प्रक्रिया को दुरस्त कर लिया जाएगा और एक जुलाई को यह पोर्टल लांच किया जा सकता है।

बैठक में निर्णय लिया कि शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने वालों को पुलिस विभाग से कम से कम एक सप्ताह की शस्त्र के बारे व फायरिंग की ट्रेनिंग लेनी होगी। मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आरंभ में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मधुबन, करनाल, भोंडसी, गुरुग्राम, सुनारिया रोहतक व रोहतक के अलावा हरियाणा पुलिस की सिरसा, नारनौल, जींद व कुरुक्षेत्र की फायरिंग रेंज में ट्रेनिंग दी जा सकती है। लाइसेंस के आवेदन करने वाले को ट्रेनिंग का विकल्प भी भरना होगा और ट्रेनिंग के बारे में आवेदक के मोबाइल पर मैसेज भेज दिया जाएगा। इस बात की भी जानकारी दी गई कि शस्त्र अधिनियम के तहत लाइसेंस प्रदान किए जाते हैं और इस अधिनियम में वर्ष 2016 और वर्ष 2019 में संशोधन भी किए गए हैं। अधिनियम के अनुसार पहले शस्त्र लाइसेंस फसलों की सुरक्षा के लिए तथा व्यक्ति की खुद की सुरक्षा के लिए दिए जाते हैं। वर्तमान में शस्त्र लाइसेंस की अवधि पांच वर्ष की है।

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, प्रधान सचिव वी उमाशंकर, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा, पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल, आईजी सीआईडी आलोक मित्तल, गृह विभाग के विशेष सचिव एएस मान व एनआईसी के अधिकारी मौजूद थे।



# स्मार्ट सिटी : जानलेवा साबित हो सकते हैं रेलवे फ्लाईओवर के गड्ढे

### नगर निगम की लापरवाही से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रहे पुल

राजेश दास। फरीदाबाद

**एक** तरफ शहर को स्मार्ट बनाने के नाम पर फिजुल के कामों में पैसों की बर्बादी की जा रही है। वहीं दूसरी शहर की ज्यादातर सड़कों पर तो गहरे गहरे गड्ढे बने ही हुए हैं। हालांकि एफएमडीए द्वारा कुछ प्रमुख सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। लेकिन शहर की अनेक सड़के अभी जर्जर हालत में है। यहां तक कि रेलवे फ्लाईओवर भी गड्ढों से अछूते नहीं हैं। करीब साढ़े तीन साल पहले नगर निगम ने नीलम और बाटा रेलवे फ्लाइओवर की मरम्मत करवाई थी। इस बीच डेढ़ साल पहले आग लगने की वजह से क्षतिग्रस्त हुए नीलम पुल की फिर मरम्मत करानी पड़ी।

फिलहाल नीलम पुल पर जानलेवा गड्ढे की वजह से कभी बड़ा हादसा हो सकता है। रख रखाव के अभाव में बाटा रेलवे फ्लाईओवर के ऊपर काफी संख्या में गड्ढे बन हुए हैं। लेकिन इसके बावजूद मरम्मत नहीं करवाई जा रही है। बल्लभगढ़ सोहना फ्लाइओवर और बड़खल पुल की हालत भी कुछ खास अच्छी नहीं हैं। इनमें से बल्लभगढ़ पुल तो बुरी तरह जर्जर हो चुका है। हालांकि गड्ढों को भरने का प्रयास किया गया है। लेकिन पुल की जर्जर हालत के कारण हर समय हादसों का डर सताता है। यदि यही स्थिति रही तो सड़कों की तरह पुलों पर भी लोग हादसों का शिकार होने लगेंगे।



जानलेवा साबित हो सकता नीलम पुल का गड्ढा।



जर्जर हालत में बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर।

## प्रशासन को हादसे का इंतजार

**निगम** अधिकारी जिस तरह से शहर का विकास कर रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार है। एनआईटी इलाके को हाइवे से जोड़ने के लिए शहर में चार रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज हैं। इनमें बड़खल रेलवे फ्लाईओवर, नीलम फ्लाईओवर, बाटा रेलवे फ्लाईओवर और बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज शामिल है। चारों फ्लाईओवरों का निर्माण वर्षो पहले नगर निगम और रेलवे की तरफ से करवाया गया था। लेकिन पिछले कुछ सालों के दौरान इन पुलों की कई बार मरम्मत करवाई जा चुकी है। मरम्मत के कामों में नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद पुल कुछ ही समय बाद फिर से जर्जर होने शुरू हो जाते हैं। नगर निगम द्वारा समय पर रख रखाव न करने की वजह से पुलों की हालत थोड़े ही समय में खस्ता हो जाती है। क्योंकि एक बार मरम्मत करवाने के बाद निगम द्वारा दोबारा ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। जिससे स्थिति दयनीय होती जा रही है। बड़खल और बल्लभगढ़ फ्लाइओवर पर बने गहरे गड्ढों के कारण कभी भी हादसा हो सकता है।

## नियमित मरम्मत के अभाव में जर्जर

**नगर** निगम अथवा अन्य संबंधित विभागों द्वारा शहर के चारों ही रेलवे फ्लाइओवरों की मरम्मत नियमित रूप से नहीं करवाई जाती। इनमे बड़खल रेलवे फ्लाईओवर, नीलम फ्लाईओवर, बाटा रेलवे फ्लाईओवर और बल्लभगढ़ रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज शामिल है। फ्लाईओवरों का निर्माण वर्षो पहले नगर निगम और रेलवे द्वारा करवाया गया था। निर्माण के वर्षो बाद भी इन पुलों को मरम्मत की जरूरत नहीं पड़ी। लेकिन पिछले कुछ सालों के दौरान इन पुलों की कई बार मरम्मत हो चुकी है। मरम्मत के कामों में नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद पुल कुछ ही समय बाद फिर से जर्जर होने शुरू हो जाते हैं। नगर निगम द्वारा समय पर रख रखाव न करने से पुलों की हालत थोड़े ही समय में खस्ता हो जाती है। कई कारणों से पुलों में छोटे छोटे गड्ढे बनते रहते हैं। जो जल्दी ही गड्ढे बन जाते हैं। निगम समय पर मरम्मत करवा दें तो यह स्थिति नहीं बनेगी। लगातार बरसात का पानी गड्ढों में जाने से उनका आकार और गहराई भी बढ़ती चली जाती है। यह गड्ढे बड़े होते ही वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित होने लगते हैं।



बल्लभगढ़ पुल का क्षतिग्रस्त फुटपाथ।

## लापरवाही से समस्या



**सेव** फरीदाबाद टीम के सदस्य किशन कुमार का कहना है कि मरम्मत के अभाव में अक्सर रेलवे फ्लाईओवर की हालत जर्जर होने लगती है। जबकि नगर निगम को चारों पुलों की नियमित रूप से मरम्मत करवाते रहना चाहिए। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण रेलवे फ्लाईओवर ब्रिजों के नीचे अवैध कब्जे तो हो ही गए हैं, साथ ही यहां गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। ऐसे में आसपास स्थित कार्यालयों में काम करने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है।

## शिकायत के बाद भी मरम्मत नहीं

**नियमित** रख रखाव और मरम्मत के अभाव में शहर के चारों रेलवे फ्लाईओवरों की हालत लगातार जर्जर होती जा रही है। नीलम फ्लाईओवर के नीचे कबाड़ियों द्वारा किए गए अवैध कब्जों के कारण करीब डेढ़ साल पहले भयानक आग लगी थी। जिससे पुल के पिलर बुरी तरह जर्जर हो गए थे। बाद में नगर निगम ने लाखों रुपये खर्च कर पुल के नीचे के हिस्से की मशक्कत के बाद मरम्मत कराई थी। लेकिन उस दौरान पुल बंद होने के बावजूद निगम के अधिकारियों ने पुल के ऊपर सड़कों की मरम्मत कराने की कोई जरूरत महसूस नहीं की। जिसका असर अब देखने को मिल रहा है। अब हालत ये है कि नीलम पुल पर एक जगह इतना खतरनाक गड्ढा बन चुका है कि पुल के सरिये तक नजर आने लगे हैं। सरियों के वजह से कभी भी कोई दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो सकता है। सड़क सुरक्षा संगठन की तरफ से गड्ढे की फोटो सोशल मीडिया पर भी अपलोड की गई है। इसके बावजूद निगम मरम्मत नहीं करवा रहा।

## शहर का तापमान

- अधिकतम 45.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 29.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- प्रेम आई हॉस्पिटल का राज्यपाल करेंगे उद्घाटन : दोपहर 2.15 बजे
- सेक्टर-12 खेल परिसर में मैराथन का आयोजन : सुबह 6 बजे
- पंजाबी वाडा में डाली जाने वाली सीवर लाइन कार्य का शुभारंभ : सुबह 10 बजे
- जिले में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन: सुबह 10 बजे

## निवेश गुरु

**ईएसआईसी** द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना में शामिल होने वाले सदस्यों की तादाद में इस महीने इजाफा देखने को मिला है। एनएसओ ने एक रिपोर्ट जारी करते हुए इस बात की जानकारी उपलब्ध कराई है। एनएसओ के द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अगस्त में लगभग 13.22 लाख नए सदस्य ईएसआईसी द्वारा संचालित होने वाली सामाजिक सुरक्षा योजना में शामिल हुए हैं। जबकि पिछले महीने इसके तहत सदस्यों की संख्या 13.33 लाख थी।

## यूटीलिटी न्यूज

### नारद मुनि जयंती पर संगोष्ठी

**फरीदाबाद।** विश्व संवाद केंद्र एवं जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संयुक्त सौजन्य से सृष्टि के प्रथम पत्रकार महर्षि नारद मुनि की जयंती के शुभ अवसर पर 15 मई को संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। विश्व संवाद केंद्र फरीदाबाद के विभाग प्रचार प्रमुख माधव ने बताया कि कार्यक्रम का स्थान जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि का विवेकानंद सभागार है। कार्यक्रम का आरंभ सुबह 11 बजे से शुरू होगा। सृष्टि के प्रथम पत्रकार महर्षि नारद मुनि की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का विषय राष्ट्रहित केंद्रित पत्रकारिता है। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि वाईएमसीए के माननीय कुलपति प्रो. सुशील कुमार जी तोमर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त जीन्यूज के एसोसिएट एडिटर अमित कुमार प्रकाश विशिष्ट अतिथि हैं। राष्ट्रहित केंद्रित पत्रकारिता विषय पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में संसद टीवी के संपादक श्याम किशोर सहाय का उद्बोधन होगा।

## क्विक न्यूज

### ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

**फरीदाबाद।** वाणिज्य विभाग, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने टैली में सर्टिफिकेट कोर्स के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया जो बीकॉम फाइनल ईयर के छात्रों के लिए सेवा भारती फरीदाबाद के सहयोग से चलाया जाएगा। छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने और अपने भविष्य के लिए खुद को तैयार करने के लिए प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में यह पहल की गई है। तरुण वाष्णेय और केके अग्रवाल सेवा भारती फरीदाबाद की ओर से इस पाठ्यक्रम का समन्वयन करेंगे। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने इस बहुमूल्य पाठ्यक्रम के लिए हमारे महाविद्यालय को चुनने के लिए सेवा भारती फरीदाबाद का आभार व्यक्त किया। दिन के मुख्य वक्ता सीए शिव कुमार शर्मा थे जिन्होंने समझाया कि पाठ्यक्रम क्या है और समग्र रूप से व्यक्तियों, अर्थव्यवस्था के लिए पाठ्यक्रम का परिणाम क्या होगा।

# छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

### शादी विवाह के मौसम में लोग मसालेदार खाना खाकर भी बीमार हो रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और आईएमए के सहयोग से गांव चांदपुर स्थित इंफेंट जीसस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें आईएमए की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. पुनिता हसीजा मुख्य अतिथि रही। उन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम, स्पर्श संबंधी (बेड टच) जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों के साथ हो रहे अपराधों को जागरूक होकर ही बढ़ने से रोका जा सकता है। छात्राओं को सही ओर गलत स्पर्श की जानकारी से अवगत कराया।





जागरुकता कार्यक्रम में शामिल अधिकारी और छात्र।

एकॉर्ड अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभात बाजपेयी ने तपती गर्मी में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस मौसम में बच्चों में डायरिया तेजी से फैलता है। इससे बचने के लिए पानी नियमित मात्रा में पीएं। कोई भी समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं। डॉ. सुरेंदर ने कहा कि तेज धूप में बाहर घूमने से बचें, बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। इसके अलावा जंक फूड के सेवन से भी बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मौसम बेहद खतरनाक है और ऐसे में लोगों को सुरक्षित रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शादी विवाह का मौसम है, जिससे लोग मसालेदार खाना खाकर भी बीमार हो रहे हैं। डाक्टर का कहना है कि जितना हो सके मसालेदार खाना खाने से बचें और रात के समय ज्यादा खाना न खाएं। दिन में भी खान-पान पर नजर रखें और शरीर में पानी की कमी न होने दें। आईएमए की डॉ. भारती ओर अन्नू गुलियानी ने छात्रों को मोबाइल फोन पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ज्यादा देर तक फोन चलाने या गेम खेलने से आंखों में दर्द की समस्या होने लगती है। इस मौके पर डॉ. दीपा गुप्ता, डॉ. कामना बख्शी, डॉ. सुनीता आर्य, डॉ. मनीषा गुप्ता ने अपने विचार रखे।

# रोटरी सेन्ट्रल ने दिए दो लाख रुपये

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कल** सायं रोटरी क्लब फरीदाबाद सेन्ट्रल ने रोटरी डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर अनूप मित्तल को गवर्नर ऑफिशियल विजिट के मौके पर रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन को क्लब की तरफ से दो लाख का चेक, होटल पार्क प्लाजा में एक भव्य कार्यक्रम में भेंट किया। यह राशि समाज के गरीब,कमजोर वर्ग के स्वाथ्य सम्बंधित सुविधाओं, पर्यावरण के अतिरिक्त युद्ध पीड़ितों के लिए भी खर्च की जाएगी।

इस अवसर पर लक्ष्य नामक एक विकलांग बच्चे को अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खेलने हेतु छब्बीस हजार का योगदान और फरीदाबाद के थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों के इलाज के लिये तेरह हज़ार रुपये भी दिए गए। रोटरी सेंट्रल के प्रधान कुलभूषण और सेक्रेटरी इंदरपाल ने क्लब के सदस्यों का आभार प्रकट किया। डिस्ट्रिक्ट रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य रोटेरियन जगदीश सहदेव ने समाज के जरूरत मन्दों के लिए बढ़ चढ़कर सहयोग का आश्वासन दिया।



फाउंडेशन को चेक सौंपते क्लब के सदस्य।

इस मौके पर रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल के पूर्व प्रधानों में विशेषकर जेएस गुप्ता, कृष्ण कौशिक, हेमंत मांडे, प्रेम अमर, ओम प्रकाश गुलाटी, पीके गुप्ता के इलावा प्रधान नॉमिनी हनीश सिंगला और भारी मात्रा में सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान नरेश वर्मा और जोइंट सेक्रेटरी प्रियंका सूद ने किया।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट की तरफ से नॉमिनी गवर्नर जितेंद्र गुप्ता, धीरज भूटानी और अस्सिटेंट गवर्नर सुनील गुप्ता आदि अन्य ने भाग लिया।

# जॉब क्रिएटर बनाने को कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीय** युवा शक्ति ट्रस्ट नियमित रूप से आंत्रेप्यूनरशिप डेवलपमैंट प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाना है ताकि यह युवा भविष्य में दूसरे लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सके।

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट के चेयरमैन बीवाईएसटी मैंटर चैप्टर जेपी मल्होत्रा ने यह बात कहते हुए बताया कि बीवाईएसटी निरंतर युवाओं विशेषकर महिलाओं को सबल व सामर्थ बनाने के साथ-साथ उन्हें जॉब प्रोवाइडर बनाने के लिये कार्य कर रहा है। बताया कि चेयरपर्सन लक्ष्मी वैंकटारमण के नेतृत्व में बीवाईएसटी ने कई ऐसी योजनाएं आरंभ की हैं जिनसे युवा वर्ग को नये अवसरों के साथ-साथ आर्थिक प्रोत्साहन व प्रबुद्ध मैंटर्स का दिशा निर्देश मिल रहा है। आपने जानकारी दी कि राष्ट्रीयकृत बैंकों से बिना कोलैक्ट्रल गारंटी के एक लाख से 50 लाख रुपये के ऋण तथा नि:शुल्क सहायता सर्विस बीवाईएसटी के प्रोजेक्टों का अंग है। यही नहीं आंत्रेप्यूनरशिप ट्रेनिंग, काउंसलिंग, मैंटरिंग स्पोर्ट, नये अवसर बीवाईएसटी की विशेष पहचान है। 40 वर्ष की आयु की एससी एसटी महिलाओं को मैन्यूफैक्चरिंग व सर्विस सैक्टर सहित ट्रेडिंग के लिये वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है और यह फरीदाबाद व पलवल की सभी महिलाओं के लिये उपलब्ध है। इसके साथ ही मैंटर डेवलपमैंट प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बीवाईएसटी ने 1800 121 81189 नम्बर पर हैल्पलाइन सुविधा भी आरंभ की है जहां सभी सुविधाओं की जानकारी ली जा सकती है।



प्रोग्राम में शामिल गणमान्य लोग।

# एमआरयू को मिला क्यूएस आई-गेज डायमंड सर्टिफिकेट

### कॉन्क्लेव का आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में किया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मानव** रचना यूनिवर्सिटी और मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित क्यूएस आई-गेज शैक्षिक उत्कृष्टता कॉन्क्लेव में शैक्षणिक वातावरण में खुशी को बढ़ावा देने के लिए इंस्टीट्यूशंस ऑफ हैप्पीनेस पुरस्कार मिला है। सर्वेक्षण में देश भर से कुल 100 संस्थानों ने भाग लिया और केवल 33 संस्थान इंस्टीट्यूशंस ऑफ हैप्पीनेस पुरस्कार प्राप्त करने के लिए योग्य पाए गए।





मानव रचना के प्रतिनिधि को प्रमाण पत्र देतीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

यूके स्थित QS, Quacquarelli Symonds के इंडियन सब्सिडियरी, त्त्र्- ढ्ढ-व्न्नत्नश्च ने एक कठोर मूल्यांकन अभ्यास के बाद भारत के सबसे खुशहाल शैक्षणिक संस्थानों की घोषणा की, जो पिछले साल दिसंबर में इंडस्ट्री बॉडी ASSOCHAM के सहयोग से शुरू हुआ था। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ज़ुबिन ईरानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुरुस्कार वितरण किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि शिक्षक छात्रों की खुशी के स्तर, उनकी भलाई, जीवन की गुणवत्ता, स्थिरता में जुड़ाव और सामाजिक परिवर्तन परियोजनाओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करें, जो संस्थानों को बेहतर परिणामों के लिए आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगा।

इस आयोजन में, मानव रचना यूनिवर्सिटी ने क्यूएस आई-गेज समग्र डायमंड रेटिंग के लिए प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया, जो शिक्षण और सीखने, संकाय गुणवत्ता, रोज़गार योग्यता, सामाजिक ज़िम्मेदारी, अनुसंधान, उद्यमिता, नवाचार, खेल, कला और संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीयकरण से लेकर विभिन्न श्रेणियों में फैले 100 से अधिक संकेतकों में कठोर मूल्यांकन के बाद एक संस्थान को दिया जाता है। एमआरयू को टीचिंग एंड लर्निंग, फैकल्टी क्वालिटी, फैसिलिटीज और सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के लिए क्यूएस आई-गेज डायमंड रेटिंग एवं रोज़गार योग्यता और शैक्षणिक विकास के लिए क्यूएस आई-गेज प्लेटिनम रेटिंग से सम्मानित किया गया है।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**ज़रूरी मुद्दे हैं क्या ये बताते आमज़न को हैं**
**नहीं कुछ लेना देना पर दिखाते आमज़न को हैं**
**समझ में आमज़न की जाने कब ये बात आएगी**
**सियासत -मीड़िया मिलकर नचाते आमज़न को हैं**

# हर्ष करेंगे बांग्लादेशी मुक्केबाज हीरा से मुकाबला

### 17 से 22 मई तक होगा अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**द्रोणाचार्य** बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज हर्षगिल बांग्लादेश, ढाका में 17 मई से 22 मई तक आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग में भाग लेंगे। उनका सामला बंगलादेश के मुक्केबाज हीरा मियां से होगा। वैसे हर्ष गिल परिचय के मोहताज नहीं है क्योंकि उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है।

वह सेक्टर 10 केएल दयानंद पब्लिक स्कूल में स्थित द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब मे प्रैक्टिस करते हैं तथा उनके कोच अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर डॉ. राजीव गोदारा हैं। उनके पिता लखविंदर गिल फरीदाबाद सेक्टर-11 में रहते हैं। इससे पहले हर्ष कई बार राष्ट्रीय स्तर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल कर चुके हैं। उन्होंने 19 जुलाई 2019 सर्बिया में आयोजित गोल्डन ग्लव्स ऑफ वोजवोदिना अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और जनवरी 2021 में नोएडा में आयोजित प्रोफेशन बॉक्सिंग में भी जीत हासिल की थी और वह अभी तक बिना कोई मैच हारे लगातार 6 प्रोफेशनल फाइट जीत चुके हैं राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने स्कूल नैशनल गेम्स 2018 असम में हुई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

ओपन नेशनल 2018 चंडीगढ़ में रजत पदक हासिल किया। ऑल इंडिया साईं नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2018 रोहतक में हुई प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। खेलो इंडिया गेम्स 2018 दिल्ली में रजत पदक हासिल किया। वह गवर्नर की तरफ से साल 2018 में पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। हर्ष गिल एक बिजनेसमैन का बेटा है लेकिन उन्होंने ऐसो आराम की जिंदगी छोड़ कर बॉक्सिंग में कदम रखा और देश के लिए ओलंपिक में मेडल जीतने का एक मकसद बना लिया।



अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अपने कोच डॉ. राजीव गोदारा के साथ।

## राजीव गोदारा जाएंगे ढाका

**17 मई** से 22 मई तक बांग्लादेश, ढाका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप मे हमारे फरीदाबाद के अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर डॉ. राजीव गोदारा भारत की तरफ से ऑफिशियल सेलेक्ट हुए हैं। यह अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप बांग्लादेश के ढाका शहर में आयोजित की जा रही है। इस चैंपियनशिप में अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर डॉ. राजीव गोदारा के शिष्य अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर हर्ष गिल भी भाग लेंगे। उनकी यह 7वीं फाइट है, और वह लगातार बिना हारे छह फाइट जीत चुके हैं। अभी अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर डॉ. राजीव गोदारा डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी के एचओडी स्पोर्ट्स है और साथ में वह सेक्टर 10 मैं स्थित द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब मे देश के उभरते हुए मुक्केबाजों को तैयार कर रहे हैं। राजीव गोदारा ने कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाजों को तैयार किया है। उनकी दो लड़कियां माही सिवाच और तनीषा लांबा एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था।

# बार एसोसिएशन ने वितरित की ऑफिसियल किट

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक्स संघ फरीदाबाद के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह के द्वारा जिला संघ के सभी तकनीकी अधिकारियों को आफिसियल किट प्रदान की गई और सभी तकनीकी अधिकारियों से आग्रह किया कि भविष्य में होने वाली जिला और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में आफिसियल ड्यूटी देने का कार्य करेंगे। ओमवीर सिंह ने जानकारी दी कि आफिसियल किट का वितरण फरीदाबाद मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के प्रधान केपी तेवतिया ने किया। केपी तेवतिया ने सभी तकनीकी अधिकारियों को पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कर्म करने को कहा। किट वितरण समारोह। कोच साजिद हुसैन, वीरेंद्र बिधुडी, कुलदीप ठाकुर, घनश्याम, सीमा बडगूजर, इमरान, रोहित, इरफान, मनीष गिरी, शारदा, प्रदीप कुमार, रजनी, एथलेटिक्स कोच भूपेंदर और कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ को आफिसियल किट प्रदान की गई।



किट वितरण करते पदाधिकारी।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि दिनाक 30.04.2022 को गुमशुदा लड़की इशिता पुत्री धर्मन्द्र निवासी मकान न0 226 , गली न0 05, न्यू भारत कॉलोनी फरीदाबाद अपने घर से बिना बताये अपनी मर्जी से कही चली गई है जो घर पर वापस नहीं आई है, जिसका हुलिया इस प्रकार से है रग गोरा, गोल चेहरा, हस्ट पुष्ट शरीर, कद करीब 5 फुट 3 इंच उम्र 17 साल 6 महीने तथा जिसने लाल रंग का सूट, व लाल रंग की पलाजो व पेरो में हवाई चप्पल पहने हुए है। मुकदमा न० 213, दिनाक 01.05.22, थाना खेडी पुल फरीदाबाद। सुचना मिलने पर सुचित किया जाये।

**थाना खेडी पुल फरीदाबाद**

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 14 मई , 2022



# बीके : जानलेवा हो सकता है बिजली का खुला पैनल

## बच्चों के टीकाकरण केन्द्र के निकट बने पैनल से हो सकता है बड़ा हादसा

कविता। फरीदाबाद



बीके में मौजूद 440 वॉल्ट के पैनल के टूटे गेट के निकट घूमते बच्चे को हटाती महिला।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में पैनलों के लिए कई जगह स्थान बने हुए है। कमरा नम्बर 40 और 37 के निकट मौजूद पैनल में 440 वॉल्ट का खतरे का संकेत लगा हुआ है। यहां साफ शब्दों में इससे दूर रहने की चेतावनी दी गई। लेकिन इस पैनल पर लगा गेट पिछले तीन दिनों से टूटा पड़ा है। इस विषय में अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि लगातार मैंटेनेंस का कार्य चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मैंटेनेंस के कारण अस्पताल में लगातार बिजली गुल की समस्या भी आ रही है। शनिवार को भी 12 से दोपहर एक बजे तक अस्पताल में बिजली कट रहेगी। जिसके कारण मरीजों को दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक बीके अस्पताल में बिजली के पैनल खुले पड़े हैं। इसका ताजा उदाहरण ओपीडी की गैलरी में मौजूद कमरा नम्बर 37 और 40 के निकट देखने को मिल रहा है। जहां 440 वॉल्टेज के पैनल का दरवाजा दीमक लगने के कारण खराब होकर टूट गया है। लेकिन इसे अब तक ठीक कराने के लिए अस्पताल की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जबकि यहां मौजूद कमरा नम्बर 37 में बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। ऐसे में यहां बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। शनिवार को भी टीकाकरण होगा। ऐसे में यदि कुछ हो गया तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### ये होगी परेशानी

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही सबकुछ ठीक करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीके अस्पताल परिसर में दो ऑक्सीजन प्लांट, नई कोरोना जांच प्रयोगशाला, कोविड-19 अस्थाई अस्पताल, सेंट्रल वैक्सीनेशन सेंटर और वैक्सीनेशन केन्द्र के साथ ही नर्सरी का स्थान भी बढ़ाया गया है।

ऐसे में अस्पताल में बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं की जा रही है। जिसे देखते हुए अस्पताल में ट्रांसफार्मर इंस्टालेशन का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण आज (शनिवार को) दोपहर 12 से एक बजे तक बीके में कंपलीट ब्लैकआउंट रहेगा। वहीं मरीजों को कोविड-19 अस्पताल में दोपहर एक से ढ़ाई बजे तक काम किया जाएगा। जिसके कारण वहां के मरीजों को अपातकालीन कक्ष में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं अन्य मरीजों को भी यहां से वहां शिफ्ट करके काम को किया जाएगा।

# स्कूटी लूट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने स्नैचिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अजय उर्फ राहुल स्थाई रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मिश्रकापूरा गांव का तथा अस्थाई रूप से दिल्ली के मयूर विहार का रहने वाला है। आरोपी ने बीपीटीपी के सेक्टर-75 में 23 जुलाई को एक स्कूटी स्नैचिंग की घटना को अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना बीपीटीपी में स्नैचिंग की धाराओं में दर्ज है। स्नैचिंग की गई स्कूटी पहले ही बरामद की जा चुकी है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने उत्तर प्रदेश में स्नैचिंग की कई वारदातों को अंजाम दिया है

# संक्षिप्त समाचार

## विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बने रमेश चन्द



चुनाव के लिए की गई बैठक में मौजूद सदस्य।

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन एच तीन फरीदाबाद में विद्यालय प्रबंधन समिति ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की विशेष बैठक का आयोजन किया। बैठक में निवर्तमान विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष ज्योति गुलाटी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें। बैठक में प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, पूर्व अध्यक्ष ज्योति गुलाटी, दिलीप, धर्मवीर, विजय कुमार, आशा भाटिया, ओपी ढींगरा, पंकज झा, अब्दुल्ला, अनीता, एसएमसी इंचार्ज प्राध्यापिका सविता, साधना, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम, संजय मिश्रा, सूबे सिंह और विद्यालय की अध्यापिकाओं ने सहभागिता की। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष ज्योति गुलाटी की सपुत्री आस्था बारहवीं कक्षा की परीक्षा दे चुकी हैं तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की पुत्र अथवा पुत्री विद्यालय का छात्र अथवा छात्रा होनी चाहिए। बैठक में एसएमसी इंचार्ज प्राध्यापिका सविता ने नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए सभी सदस्यों से आग्रह किया की वे अध्यक्ष पद के लिए आगे आएं। सभी सदस्यों ने परामर्श कर सर्वसम्मति से रमेश चंद्र, जिन की सपुत्री प्रियांशी दसवीं की छात्रा है, को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुन लिया। पूर्व अध्यक्ष ज्योति गुलाटी, दिलीप सहित सभी अध्यापकों और सदस्यों ने नव नियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि विद्यालय भविष्य में और भी नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा तथा विद्यालय में भौतिक सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यालय प्रबंध समिति की इंचार्ज प्राध्यापिका सविता और सभी सहयोगियों एवं प्रबंधन समिति सदस्यों का विद्यालय में पधारने पर स्वागत और अभिनंदन किया।

## बम निरोधक दस्ते ने बीके अस्पताल में की जांच



**फरीदाबाद।** महत्वपूर्ण स्थान, मॉल, होटल बैंक इत्यादि की जा रही चेकिंग के तहत बीके अस्पताल के परिसर को थाना एसजीएम नगर प्रबंधक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार और पीपी नंबर 3 इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सोमपाल सिंह की टीम ने बम निरोधक दस्ते के साथ चेक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बीके अस्पताल के उच्च अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर मीटिंग कर परिसर को पुलिस टीम ने बम डिस्पोजल टीम के साथ मिलकर चेक किया। थाना प्रबंधक ने अस्पताल की सुरक्षा में लगे गार्डों को सुरक्षा के नियमों के बारे में अवगत कराया और हिदायत दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलते ही पुलिस को उसके बारे में सूचित करें। अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की एंट्री रजिस्टर में एड्रेस और मोबाइल फोन नंबर सहित एंट्री कराएं। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति है जो अपनी आईडी छुपा रहा है तो उसे पकड़ कर तुरंत पुलिस को सूचित करें। थाना प्रबंधक ने अस्पताल के उच्च अधिकारियों से मीटिंग कर सीसीटीवी कैमरों के सुचारू रूप से काम करने और उनकी सही लोकेशन पर इंस्टॉलेशन की बात कही। सीसीटीवी कैमरा का रिकॉर्ड अपने पास सुरक्षित रखने की की बात कही।

## अदालत परिसर में वैक्सीनेशन शिविर आयोजित



**फरीदाबाद।** सीजेएम कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुणाल गर्ग ने बताया कि डालसा और जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया। सीजेएम ने बताया कि हमारे पैनल अधिवक्ताओं व फरीदाबाद बार एसोसिएशन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का भरपूर सहयोग रहा है। सीजेएम कुणाल गर्ग ने बताया कि अदालत परिसर में जो व्यक्ति अपने केस निपटारा अन्य मामले को लेकर पहुंचने वालों का भी वैक्सीनेशन हो रहा है। अगर किसी का नहीं हुआ है तो वह यहां वैक्सीन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं की टीम द्वारा लोगों को बताया कि यहां अदालत परिसर में वैक्सीनेशन शिविर का लाभ उठाएं। अगर कोई व्यक्ति वैक्सीन से वंचित है। तो यहां पर नि:शुल्क वैक्सीन लगाई जा रही है। इस तरह से लोगों को स्वास्थ्य संबंधित जागरूक किया गया। सीजेएम ने बताया कि इसमें तीनों वर्गों को शामिल किया है। चाहे वह बच्चा हो बूढ़ा हो या महिला हो कोई भी व्यक्ति इस वैक्सीनेशन शिविर के माध्यम से अपना वैक्सीनेशन करा सकता है। अदालत परिसर में वैक्सीनेशन शिविर के दौरान जिला बार एसोसिएशन के प्रधान जिला फरीदाबाद बार एसोसिएशन के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कोविड वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला बार एसोसिएशन अधिवक्ता पीके तेवतिया ने कैम्प में आए सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया। अधिवक्ता सन्दीप पाराशर महासचिव जिला बार एसोसिएशन ने कैम्प की सराहना करते हुए कहा कि जिन कैम्पों से जनहित का भला हो। ऐसे कैम्पों का आयोजन निरन्तर होना चाहिए। एसएमओ कम कोविड वैक्सीन नोडल अधिकारी डॉक्टर मान सिंह ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देशा नुसार नियमों की अनुपालना सभी के लिए आवश्यक है। मौके पर मुख्य रूप से जेपी अधाना पूर्व प्रधान जिला बार एसोसिएशन, अनिल कुमार उपाध्यक्ष, आशीष अरोड़ा संयुक्त सचिव, संजीव अत्री, अजीत डागर, संजय तेवतिया, रमन वशिष्ठ, दीपक गुप्ता, प्रेमदत्त भारद्वाज, विजय शर्मा, राहुल शर्मा, मनीश शर्मा, पैनल अधिवक्ता संजय गुप्ता, अर्चना गुप्ता, ओमबीर धनकड़, ओमदत्त शर्मा, हिमांशु तेवतिया, प्रशांत यादव सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## आओ चलें गांव की ओर योजना पर किया विचार विमर्श



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की फरीदाबाद शाखा ने शुक्रवार को मानव भवन सेक्टर 10 में एक बैठक करके महिला मंडल की चार प्रमुख योजनाओं में से एक योजना आओ चलें गांव की ओर के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया। महिला मंडल की अध्यक्षा सुमंगला बोरड ने कहा है कि बैठक में निर्णय लिया गया कि इस महत्वपूर्ण योजना को सफलतापूर्वक पूरा करने के मानव सेवा समिति की महिला टीम के साथ मिलकर गांव में जरूरतमंदों की मदद के लिए सेवा कार्य शुरू किए जाएंगे। बैठक के बाद मोटीवेटर व केरियर काउंसलर सपना जैन ने मानव सुपर 21 के तहत नीट व आईआईटी की नि:शुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए। महिला टीम की ओर से एडवांस पढ़ाई करने के लिए मानव सुपर 21 मिशन को एक कम्प्यूटर सेट प्रदान किया गया और सभी विद्यार्थियों को स्टेशनरी, फल वितरित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बैठक में कमला लुनिया ,प्रेमलता गोलछा,निवर्तमान अध्यक्ष सुनीता नाहटा, मंत्री चंदा दुगड़;उपाध्यक्ष ललिता बैद, सहमंत्री सरिता भंसाली, प्रीति गोलछा, कोषाध्यक्ष खुशबु सेठिया उपस्थित रहीं। सभी ने मानव सेवा समिति के सभी सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, महिला सेल की चेयरमैन उषाकिरण शर्मा व राज राठी, कमला वर्मा,रमा सरना, कुसुम वशिष्ठ ने तेरापंथ महिला मंडल की सभी सदस्यों का सम्मान पट्टिका पहनाकर स्वागत सत्कार किया।

# कलयुगी बेटे ने कैंची से वार कर की वृद्ध माता-पिता की हत्या

## दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम देकर आरोपी हो गया फरार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मृतकों के परिजन विलाप करते हुए।



पिता-माता की मृत्यु करने वाला आरोपी।

**ग्रेटर** फरीदाबाद के हनुमान नगर इलाके में रहने वाले एक युवक ने बीती रात कैंची से अपने माता-पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दोनों को बेरहमी से हत्या कर दी। मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतक दंपति बेटे द्वारा किया जाने वाले नशे की लत का विरोध करते थे। आस-पड़ोस के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर अपराध शाखा की टीम के साथ पुलिस की फोरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल शुरू कर दी।

पुलिस ने दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिए हैं। पुलिस ने मौके से हत्या में इस्तेमाल की गई कैंची बरामद कर ली है। थाना खेड़ीपुल पुलिस ने मृतक के दामाद की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि घटना शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे की है। हनुमान नगर में रहने वाले बुजुर्ग दम्पति बीर सिंह (70 वर्ष) व उनकी पत्नी चम्पा (62 वर्ष) की हत्या उनके पुत्र जीतू उर्फ जितेंद्र (38 साल) के द्वारा की गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही थाना खेड़ी पुल एसएचओ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर दोनों बुजुर्गों के शव खून से लथपथ हालत में पड़े हुए थे। वारदात के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। मौक पर एसीपी महेंद्र वर्मा, एफएसएल प्रभारी डॉ. मनीषा, और क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। एफएसएल टीम के द्वारा नमूने लिए गए। दोनों मृतकों के शव बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मृतक दम्पति के दामाद सुरेंद्र सिंह की शिकायत पर आरोपी जीतू उर्फ जितेंद्र के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र सिंह के अनुसार आरोपी जीतू शादी शुदा है। आरोपी का तलाक हो चुका है। आरोपी शराब पीने का आदी है। आरोपी अक्सर शराब के नशे में धुत्त होकर अपने माता-पिता से लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करता रहता था। सम्भव है कि इसी वजह से आरोपी ने रात को इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना स्थल से खून में लाल कैंची बरामद की गई है। मामले की तफ्तीश जारी है। पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# राष्ट्रीय राजमार्ग का दौरा कर कमियां दूर करने के दिए आदेश



राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर लोगों की समस्याएं सुनते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

## लोगों ने किया केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शुक्रवार को दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर से होडल के करमन बॉर्डर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ दौरा किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों, जिनमें शहर व गांव शामिल हैं पर राजमार्ग पर आवागमन में समस्याएं आ रही हैं। उन समस्याओं का लोगों से सलाह मश्वरा करके राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रशासनिक व तकनीकी अधिकारियों के साथ मिलकर समस्याओं का हर हाल में आपसी समन्वय के साथ समाधान किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्रामीणों व शहवासियों द्वारा फूलमालाओं व पुष्प वर्षा करके सामूहिक तौर पर पगड़ियां बांधकर सम्मान भी किया गया।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहरों में अलग-अलग वार्डों की समस्याएं हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के खेत, पशुओं के घेर, स्कूल, श्मशानघाट, सामुदायिक केंद्र सहित अन्य गांव के सामूहिक स्थानों पर आने-जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्रॉसिंग न होने के कारण आवागमन में बाधा हो रही है और कई किलोमीटर के चक्कर काटकर आना-जाना पड़ रहा है। होडल विधायक जगदीश नायर, पलवल विधायक दीपक मंगला, हथीन विधायक प्रवीण डागर, पलवल भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, किरणपाल खटाना आदि मौजिज व्यक्ति उपस्थित रहे।

# थैलासीमिया मुक्त बनाने को आयुक्त से की मुलाकात



**फरीदाबाद।** जैसा कि विश्वभर में थैलासीमिया मुक्ति के प्रति अभियान चलाये जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय थैलासीमिया दिवस पर विश्व भर की संस्थाओं ने मिलकर शपथ ली कि वर्ष 2025 तक विश्व को थैलासीमिया मुक्त किया जाएगा। उसी कड़ी में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया फरीदाबाद का भी प्रयास रहेगा, जिसके लिए संस्था वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के महा सचिव रविन्द्र डुडेजा, संस्था के प्रधान हरीश रतरा व जेके भाटिया ने नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त यशपाल यादव से सौहार्द पूर्ण वातावरण में मुलाकात की। रविन्द्र डुडेजा व हरीश रतरा ने यशपाल यादव से प्रार्थना की कि जब तब समाज के हर वर्ग को थैलासीमिया की जानकारी नहीं होगी थैलासीमिया मुक्त विश्व का सपना नहीं देखा जा सकता। जिसके लिए शहर भर में होर्डिंग्स लगाए जाने चाहिए ताकि लोगों को बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके। यशपाल यादव संस्था द्वारा चलायी जा रही गतिविधियों के बारे में वर्षों से परिचित हैं और वो भलीभांति परिचित है कि बिना उचित जानकारी के थैलासीमिया को नहीं रोका जा सकता। अत उन्होंने सहर्ष संस्था की मांग को स्वीकार कर लिया व संस्था को लिखित रूप में दे दिया की शहर में थैलासीमिया की जानकारी के लिए होर्डिंग्स लगाए जाएं ताकि थैलासीमिया मुक्त विश्व का सपना पूरा हो सके।

# अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक पर छापा

## मिले भारी संख्या में नशे के इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाइयां

विवेक सिंह। फरीदाबाद



जांच करती टीम के सदस्य।

**स्वास्थ्य** मंत्री के निर्देश पर काम करते हुए जिला खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा गौच्छी स्थित 33 फीट रोड पर चल रहे पुर्णिमा विश्वास नामक एक क्लीनिक पर छापेमारी की गई। जहां एचएसएनसीबी की तरफ से की गई छापेमारी में उन्हें भारी संख्या में प्रतिबंधित दवाइयां और नशे के इंजेक्शन मिले हैं। जिस पर क्लीनिक को सील कर दिया गया है।

औषधि नियंत्रण विभाग को सूचना मिली कि गौच्छी में चल रहे पुर्णिमा विश्वास क्लीनिक पर प्रतिबंधित दवाइयां मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग की टीम ने एचएम के निर्देश पर क्लीनिक पर छापेमारी की। जहां से बड़ी मात्रा में नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के मिलने पर क्लीनिक को सील कर दिया। देर रात हुई इस कार्रवाई के बाद विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई है।

जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी संदीप गहलान ने बताया कि क्लीनिक पर नशीली दवाएं बेचने की शिकायत मिली थी। इसलिए बृहस्पतिवार को कार्रवाई की गई। क्लीनिक में नशीली दवाएं और इंजेक्शन मिले हैं। मौके पर मिली दवाईयां नशीली दवाओं की श्रेणी में आती हैं। इनको बेचने पर पाबंदी है। उन्होंने बताया कि एचएम ने नशा रोकने के लिए ऐसी दवाओं पर बैन लगा रखा है। ऐसी दवाओं की खरीद फरोख्त पर सख्ती बरतने और तुरंत कार्रवाई के निर्देश हैं। इन दवाओं का बिल भी मौके पर नहीं मिला। जिस पर सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए मामला दर्ज करवा दिया है।

# चौकीदार से लूटपाट में एक और गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** गांव भनकपुर की वाटर सप्लाई से वाटर सप्लाई के चौकीदार को बंधक बनाकर ट्रांसफार्मर से कॉपर और पैसे लूट के आरोपी को क्रम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अजय पलवल के गांव बबरिया मोहल्ला का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्कॉर्पियो गाड़ी और देसी कट्टा के दम पर 25 अप्रैल की रात को लूट की वारदात को अंजाम दिया था। चौकीदार की शिकायत पर थाना सेक्टर 58 में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर फरीदाबाद के सेक्टर-12 से गिरफ्तार किया है। आरोपी साथियों के साथ मिलकर 25 अप्रैल की रात को गांव भनकपुर से खदावली रोड पर बने सरकारी पानी के बूस्टर पर चौकीदार और उसके पिता को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया था।

# सांसद खेल महोत्सव को लेकर मैराथन आज

## उद्घाटन समारोह 19 मई को सायं 7 बजे खेल परिसर सेक्टर - 12 में आयोजित होगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



मैराथन के आयोजन को लेकर बैठक को सम्बोधित करते हुए डीसी

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव से आमजन को जोड़ने के लिए 14 मई शनिवार को प्रात: 6 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से एक विशाल मैराथन का आयोजन भी किया जाएगा व इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने शुक्रवार लघु सचिवालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव के लिए एक बैठक की। बैठक में एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम नसीब कुमार, नगर निगम संयुक्त आयुक्त अनिल यादव, नगर निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश, नगर निगम संयुक्त आयुक्त गौरव अंटिल, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार, डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स गिरिराज, जिला खेल अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद थे।

सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन समारोह 19 मई को सायं 7 बजे खेल परिसर सेक्टर -12 में आयोजित होगा। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव का में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर शिरकत कर रहे हैं। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा परिवहन, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद विधायक नरेन्द्र गुप्ता, तिगांव विधायक राजेश नागर, पृथला विधायक नयन पाल रावत, एनआईटी विधायक नीरज शर्मा, पलवल विधायक दीपक मंगला, हथीन विधायक प्रवीण डागर, होडल विधायक जगदीश नायर शिरकत करेंगे। जबकि बीजेपी के फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, बीजेपी पलवल के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, जेजेपी के फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, जजपा के पलवल के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सरौत शिरकत कर रहे हैं।

इस मैराथन में क्षेत्र के हजारों बच्चे, बुजुर्ग, युवा व महिलाएं शामिल हों रहे हैं।

# वेश्यावृति के आरोप में तीन युवतियों सहित चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर थाना पुलिस की टीम ने देर रात ऑनलाइन चल रहे वेश्यावृति के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक युवक और तीन युवतियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एसजीएम नगर थाना क्षेत्र में अपना गोरखधंधा चला रहे थे। आरोपी व्हाट्सऐप पर युवतियों के फोटो भेजकर ग्राहकों को अपने जाल में फंसाते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, 2350 रुपये, पांच मोबाइल फोन आदि सामान जब्त किया है। एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद ने एसजीएम नगर थाना एसएचओ दिलीप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की। टीम में सिपाही विजय कुमार को फर्जी ग्राहक बनाया था। सिपाही ने फर्जी ग्राहक बनकर वेबसाइट पर दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। उसने कहा कि वह कार में तीन युवतियों को लेकर पहुंच रहा है। जिसके बाद सभी को काबू कर लिया।

# इंस्पेक्टर सविता ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** अमृत महोत्सव के अंतर्गत नशे के दुष्परिणाम, भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर आदि अपराधों और यातायात नियमों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने का कार्यक्रम डीसीपी मुख्याल नीतिश अग्रवाल के दिशा निर्देशों पर स्टूडेंट पुलिस कैडेट सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता के नेतृत्व चलाया है। जिन्होंने आज जीबीएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एसजीएम नगर में पहुंचकर विद्यार्थियों महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए यातायात के नियमों के प्रति भी जागरूक किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जीबीएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में सभी छात्राओं को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर, यातायात नियमों तथा गुड व बेड टच के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं का कार्य केवल घर तक ही सीमित नहीं है बल्कि वह पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस समाज निर्माण में अपना योगदान दे सकती हैं। बहुत सी महिलाएं शिक्षा के अभाव में शोषण का शिकार होती हैं क्योंकि उन्हें इस समाज और अपने रिश्तेदारों में अपनी बदनामी का डर रहता है। एक पति शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ दुरव्यवहार करता है उसके साथ मारपीट करता है और उसे बहुत ही अति भद्दी गालियां भी देता है परंतु पत्नी इन सब को सिर्फ इसलिए सहन करती है कि यदि उसने अपने पति के खिलाफ कुछ भी बोला या कोई भी कार्य किया तो उसका पति वापस उसे छोड़ देगा और उसे वापस अपने मायके जाना पड़ेगा इसी वजह से महिलाएं शोषण का शिकार होती हैं और अपने अधिकारों जागरूकता के अभाव में पूरी उम्र दबाव में व्यतीत कर दी हैं। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में असमर्थ होती है इसलिए अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए।

# सर्वे में खुलासा...देश में बढ़ती जनसंख्या पर लग रहा नियंत्रण

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**स्वास्थ्य** मंत्रालय की नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की पांचवीं रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देश में बच्चे पैदा करने की रफ्तार घटी है। यानी अब बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण लग रहा है। पहले यह रफ्तार 2.2 फीसदी थी जो अब घटकर 2 फीसदी हो गई है। हर क्षेत्र में बढ़ती महंगाई के चलते विशेषज्ञ जनसंख्या नियंत्रण को सही मान रहे हैं। इससे बच्चों का सही पालन-पोषण हो सकेगा।

सर्वे के माध्यम से पता चला है कि देश में शिक्षा की स्थिति में भी सुधार हुआ है। यहां पुरुषों की साक्षरता दर 84 फीसदी है, जबकि महिलाएं देश में 72 प्रतिशत साक्षर हैं। रोजगार की बात करें तो सर्वे में बताया गया है कि देश में 75 फीसदी पुरुषों और 25 फीसदी महिलाओं के

### देश में बच्चे पैदा करने की रफ्तार पहले 2.2 फीसदी थी, जो घटकर 2 फीसदी हुई

### देश में पुरुषों की साक्षरता दर 84 फीसद जबकि महिलाओं की 72 प्रतिशत

पास रोजगार है। 50 फीसदी पुरुषों और 45 फीसदी महिलाओं ने कम से कम 10 साल तक स्कूलों में शिक्षा ली है।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी के इस दौर में भी आज की तारीख में 32 फीसदी पुरुष और 41 फीसदी महिलाएं अखबार, टीवी, रेडियो, सिनेमा से दूर हैं। यह सब उन तक नहीं पहुंच पाए हैं। इंटरनेट के उपयोग की बात करें तो देश में 15 से 49 साल के बीच 32 फीसदी पुरुष और 41 फीसदी महिलाएं इंटरनेट क उपयोग करते हैं।



### शादियां अधिक उम्र में हो रहीं

**देश** में शादी की भी उम्र बढ़ी है। सरकार की तरफ से ऐसा कोई नियम नहीं बनाया गया है, लेकिन अब अधिक उम्र में युवाओं की शादियां हो रही हैं। पुरुषों की शादी की औसत उम्र अब 24.9 वर्ष (24 साल 9 महीने) आंकी गई है, जबकि महिलाओं की शादी की उम्र 18.8 वर्ष (18 साल 8 महीने) हो गई है। इसी तरह परिवार नियोजन की बात करें तो आधुनिक गर्भनिरोधक इस्तेमाल करने वाली महिलाओं की संख्या 48 फीसदी से बढ़कर 56 फीसदी हो गई है। आज भी नसबंदी को अधिक पसंद किया जा रहा है।

### सब सुख चाहिए तो जनसंख्या घटाइए : जीव विज्ञानी डॉ. राम सिंह

**अंतरराष्ट्रीय** ख्याति प्राप्त जीव विज्ञानी डॉ. (प्रो.) राम सिंह कहते हैं कि जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। अगर सब सुख चाहिए तो जनसंख्या को घटाइए। हमें अपने बच्चों को सब कुछ देना है तो बच्चों की संख्या भी सीमित रखनी होगी। आज सुविधाओं की कमी का बड़ा कारण ही जनसंख्या है। लाइफस्टाइल बढ़ने के साथ खर्चे भी उसी हिसाब से हो जाते हैं। ऐसे में मध्यम व उच्च वर्ग के लोग खुद ही इस बात के प्रति जागरूक हुए हैं कि कम जनसंख्या से ही अच्छा जीवन जिया जा सकता है। सरकार अगर जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना सकती तो कम से कम ऐसा जागरुकता कार्यक्रम चलाए, जिससे कि हर व्यक्ति इस बात को सोचे की भविष्य सीमित जनसंख्या से ही सुरक्षित है। समय रहते हमें संभलना भी चाहिए। सिर्फ जनसंख्या ही नहीं, प्रकृति के साथ और भी बहुत से खिलवाड़ हो रहे हैं, जिन्हें बंद करना जरूरी है। नहीं तो प्रकृति इंसान से लड़ेगी और सब नष्ट कर देगी।

### मोटापे से भी अछूते नहीं है देश के लोग

सर्वे में सामने आया है कि देश में मोटापा भी बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2015-16 में 21 फीसदी महिलाओं का वजन अधिक था, जो अब बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई हैं। पुरुषों में मोटापे का आंकड़ा 19 फीसदी से बढ़कर 23 फीसदी हो गया है।

# ईडी व सीबीआई के नाम पर रिश्वत देने में बीजेपी नेता बत्रा पर भी हो कार्रवाई

### आप नेता बोले, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के केस में ईडी, सीबीआई को भी खरीदने चले थे यशपाल बत्रा

### ईडी, सीबीआई को रिश्वत के नाम पर बत्रा ने भी किया है बदनाम

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



आप नेता अभय जैन एडवोकेट, अशोक वर्मा एडवोकेट।

**आम** आदमी पार्टी कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट व अशोक वर्मा एडवोकेट ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-प्रवक्ता एवं गुरुग्राम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बत्रा के रिश्वत कांड पर सवाल खड़े करते हुए पुलिस द्वारा उन पर भी केस दर्ज करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यशपाल बत्रा ने ईडी और सीबीआई के नाम पर जो रिश्वत दी थी, इस मामले में उनके खिलाफ भी पुलिस केस दर्ज करें। भले ही आरोपी फर्जी अधिकारी बनकर उनसे पहले 10 लाख रुपये ले चुके और अब 2 लाख रुपये ले रहे हों, लेकिन सवालों के घेरे में यशपाल बत्रा भी हैं। आप नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में रहते हुए वे गुरुग्राम नगर निगम लागू होने के बाद पहले सीनियर डिप्टी मेयर बने थे। उस समय उनके द्वारा नियमों का उल्लंघन करके बिल्डिंग निर्माण किया गया। हालांकि उनकी बिल्डिंग को उनके पद पर रहते हुए ही गिराया और सील भी किया गया।

अब उनके द्वारा ईडी और सीबीआई के नाम पर 10 लाख रुपये पहले रिश्वत देने और ईडी, सीबीआई अधिकारी बने लोगों द्वारा फिर से रिश्वत की मांग करने के मामले में जो खुलासा हुआ है वह हैरान कर देने वाला है। आप नेताओं ने कहा कि बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के मामले में वे इतनी मोटी रिश्वत दे सकते हैं, यह भी बड़े सवाल खड़े करता है। क्योंकि यशपाल बत्रा ने इस रिश्वत को बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के नाम पर ही एफआईआर में दर्शाया है। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के मामले में ईडी और सीबीआई उनके दरवाजे तक पहुंच सकती है, यह भी एक बड़ा सवाल खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि इसमें और भी कुछ गड़बड़ी पाई जा सकती है। बशर्ते गुरुग्राम पुलिस रिश्वत देने के इस मामले में भाजपा नेता मेयर यशपाल बत्रा के खिलाफ भी केस दर्ज कर निष्पक्ष जांच करे। जिस दल की प्रदेश में सरकार है और उसी दल का नेता रिश्वत लेकर अपने काम करवाने का प्रयास करता है, यह भारतीय जनता पार्टी की सरकारों को कटघरे में खड़ा करता है।

# नागरिक अस्पताल में एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने की मांग

**सोहना।** सोहना के 100 बेड वाले नागरिक अस्पताल एक मात्र एम्बुलेंस के सहारे चल रहा है। डॉक्टर द्वारा आपातकाल में रोगी को रेफर करने उसके परिजनों को घंटों इतजार करना पड़ता है। तब तक रोगी की हालत पहले से और खराब हो जाती है। जिससे रोगी की जान जाने का खतरा गहरा जाता है।

प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अक्टबूर 2021 खंड के गांव सरमथला में मंच के माध्यम से सोहना के नागरिक अस्पताल को 50 से 100 बेड का बनाए जाने की घोषणा तो कर दी थी। लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी नागरिक अस्पताल में एक मात्र एम्बुलेंस के सहारे अस्पताल को चलाया जा रहा है। जबकि नागरिक अस्पताल में 50 हजार की आबादी वाले शहर समेत आसपास ग्रामीण क्षेत्र के 20 से 25 गांव और जिला नूंह, पलवल और रेवाड़ी के लगते गांवों से मरीज उपचार के लिए आते हैं। इसके साथ-साथ नागरिक अस्पताल राष्ट्रीय मार्ग 248ए से लगता हुआ है। जहां पर आए दिन होने वाले सड़क हादसों में घायल लोग आते हैं, लेकिन एक मात्र



सोहना के नागरिक अस्पताल में खड़ी एक मात्र एम्बुलेंस।

एम्बुलेंस होने के कारण रोगी को अन्य अस्पताल में लेकर जाने के लिए 2 से 4 घंटा तक इंतजार करना पड़ता है।

### गरीब व मध्यम वर्गी नागरिक को सहारा

**नागरिक** अस्पताल में मजदूरी, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों से लेकर मध्यमवर्गी परिवार के लोग उपचार के लिए आते हैं। जिन्हें सरकार द्वारा एम्बुलेंस की फ्री सेवा उपलब्ध कराई जाती है। स्थानीय निवासी सुरेन्द्र का कहना है कि नागरिक अस्पताल में 2 से 3 एम्बुलेंस होनी चाहिए। जिससे रेफर मरीज को गुरुग्राम या नूंह के नल्हड़ अस्पताल में समय पर पहुंचा जा सके।

# दिल्ली रेवाड़ी सेक्शन पर पैसेंजर ट्रेन का संचालन 16 से

**गुरुग्राम।** दिल्ली-रेवाड़ी सेक्शन पर पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू होने जा रहा है। सदस्य रेलवे परामर्श समिति और दैनिक रेल यात्री संघ पटौदी रोड के अध्यक्ष योगिन्द्र चौहान समेत हजारों दैनिक यात्रियों ने इस ट्रेन के संचालन पर खुशी जाहिर की है।

पैसेंजर ट्रेन नंबर-04436 मेरठ-रेवाड़ी स्पेशल जिसका पुराना नंबर 54412 है, इस ट्रेन को 14734 रेवाड़ी-श्रीगंगानगर में विलय करके एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 14030 के रूप में 16 मई को मेरठ कैंट से सुबह 06:45 पर चलाया जाएगा। ये ट्रेन नई दिल्ली सुबह नौ बजे, दिल्ली कैंट 9:48 पर, गुरुग्राम 10:18 पर, पटौदी 11:03 और रेवाड़ी 12:50 पहुंचेगी, श्रीगंगानगर रात को 11: 45 मिनट पर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर-14733 व 54416 का विलय कर श्रीगंगानगर से 17 मई को एक्सप्रेस ट्रेन नं 14029 बनाकर सुबह 1:45 पर श्रीगंगानगर से चलाया जाएगा, जो रेवाड़ी 12 बजे पटौदी दोपहर 1:39, गुरुग्राम 2:18, दिल्ली कैंट 2:44 और पुरानी दिल्ली 3:40 पर पहुंचेगी। एक्सप्रेस ट्रेन नंबर-14029 का रैक दिल्ली पहुंचने के बाद रेवाड़ी के लिए ट्रेन नं 04283 (पुराना नंबर-54417) बनकर दिल्ली से 16:10 पर रेवाड़ी के लिए चलाया जाएगा। वापसी में रेवाड़ी से शाम 19:25 पर ट्रेन नंबर-04286 (पुराना नंबर-54420) बनकर दिल्ली के लिए चलाया जाएगा। यहि रैक 18 मई को दिल्ली से सुबह 03:20 पर ट्रेन नं 04285(पुराना नं 54413) बनाकर चलाया जाएगा। इसी प्रकार रेवाड़ी दिल्ली पैसेंजर 04989 (पूराना नं 54421) व ट्रेन नं 04435 (पूराना नं 54411) का भी संचालन 18 मई से होगा।

# एजुकेशन वॉलंटियर्स ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

### कौशल रोजगार निगम में शामिल करने की है उनकी मांग

### विधायक सुधीर सिंगला ने सरकार से पैरवी करने का दिया आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को ज्ञापन सौंपने से पूर्व अपनी मांग रखते एजुकेशन वॉलंटियर्स।

**शुक्रवार** को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला से एजुकेशन वॉलंटियर्स ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उन्हें कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए, ताकि उनका रोजगार सुरक्षित हो सके। विधायक सुधीर सिंगला ने उनकी इस मांग को सरकार तक पहुंचाकर पैरवी करने का आश्वासन दिया है।

एजुकेशन वॉलंटियर्स ने ज्ञापन में कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के समक्ष शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष एजुकेशन वॉलंटियर्स को विभाग द्वारा निर्धारित समय (ज्यादातर 6 या 9 महीने) के लिए किसी भी तरह शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लिया जाता है। इस संपूर्ण प्रक्रिया में एक गैर सरकारी संस्था ह्यमन पीपल टू पीपल इंडिया भी शामिल हैं, लेकिन हमारा ज्यादातर कार्य विभाग द्वारा ही संचालित किया जाता है। सरकार पूर्व में घोषणा कर चुकी है कि अब डीसी रेट, ठेकेदारी प्रथा तथा निजी संस्थाओं को सरकारी विभागों से बाहर कर दिया गया है। अब यह सारी प्रक्रियाएं कौशल रोजगार निगम के तहत की जाएंगी। इसलिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अधीन कार्य कर रहे वोकेशनल टीचर्स को भी हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाए।

विधायक सुधीर सिंगला ने एजुकेशन वॉलंटियर्स से ज्ञापन लेने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनके इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल तक पहुंचाने के साथ व्यक्तिगत तौर पर भी इस पर चर्चा करेंगे। उन्हें कौशल निगम में सम्मिलित करने की पूरी सिफारिश करेंगे। सभी एजुकेशन वॉलंटियर्स ने विधायक सुधीर सिंगला का धन्यवाद किया।

# वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों को आसान भाषा में प्रस्तुत करना चाहिए : केए बद्रीनाथ

### महंगाई को काबू में करने के लिए आरबीआई ने उठाए हैं आवश्यक कदम

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम विवि में आयोजित वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों को लेकर कार्यशाला में बोलते मुख्य वक्ता केए बद्रीनाथ।

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों का बोध कराने वाली संख्याओं को किस प्रकार आसान भाषा में समझें विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के प्रधान सलाहकार केए बद्रीनाथ ने भाग लिया। विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने केए बद्रीनाथ को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर छात्रों के साथ अपनी बातचीत के दौरान केए बद्रीनाथ ने वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उसके उपयोग की तकनीक छात्रों के साथ साझा की, जिसमें संख्याओं के माध्यम से वित्तीय और आर्थिक आंकड़ों को आसानी से समझा जा सके। साथ ही उन्होंने आवश्यक कौशल का भी उल्लेख किया। उन्होंने हाल में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लिए गए आर्थिक फैसलों पर विस्तार से छात्रों के साथ चर्चा की। छात्रों ने भी वित्तीय और देश की अर्थव्यवस्था से जुड़े अपने सवाल बद्रीनाथ से पूछे, जिसका उन्होंने बहुत ही सरल और सहज भाषा में जवाब दिया।

उन्होंने बताया कि आरबीआई द्वारा रेपो रेट में 40 बेसिक प्वाइंट की बढ़ोतरी का फैसला काफी अहम था। क्योंकि अब रेपो रेट 4.4 फीसदी हो गई है। उन्होंने कहा कि रेपो रेट में बढ़ोतरी के बाद अब आपको कर्ज लेने में महंगाई की मार झेलनी होगी तो वहीं ईएमआई का बोझ भी बढ़ेगा। हम सबको यह भी ध्यान रखना चाहिए की आरबीआई का ये फैसला भारतीय अर्थव्यवस्था, महंगाई और आम जनता की भलाई को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण यूक्रेन और रूस का युद्ध है, जो 3 महीने से ज्यादा समय से चल रहा है। इस अवसर पर मीडिया स्टडीज डिपार्टमेंट के डीन डॉ. राकेश कुमार योगी, डॉ. श्वेता, डॉ. नीरा, डॉ. दीपिका आदि उपस्थित रहे।

# नगर परिषद करेगा एलपीजी चलित शव दाह गृह स्थापित

**सोहना।** नगरपरिषद विभाग जल्द ही एलपीजी चलित शव दाह गृह स्थापित करेगा। जिसका कार्य अंतिम चरण में है। नगर परिषद इस कार्य पर करीब 70 लाख रुपये खर्च करेगा।

शहर और दूसरे राज्यों के निवासियों को अब अपने परिजनों का बरसात या ईंधन न मिलने के अवसर पर घंटों इंतजार नहीं करना होगा। नगर परिषद ने शहर के दमदमा मार्ग पर स्थित श्मशान घाट पर अब एलपीजी से चलने वाली शव दाह मशीन स्थापित करेगी। जिस पर करीब 70 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसका कार्य तीव्र गति से चालू है। इस योजना को नगर परिषद बरसात का मौसम शुरू होने से पहले पूर्ण करना चाह रही है। नगर परिषद के इंजीनियर (एसडीओ) सुशील कुमार ठाकरान ने बताया कि एलपीजी दाह संस्कार मशीन का 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। मालूम रहे कि शहर बरसात के मौसम में ईंधन गीला होने से शव का अंतिम संस्कार करने में नागरिकों को भारी परेशानी होती है। इसके साथ लावारिश मिलने वाले शव का अंतिम संस्कार करने के लिए पुलिस को भी परेशानी होती है।

# ट्रेन से उदयपुर गए राहुल गांधी दीपेंद्र हुड्डा का किया स्वागत



गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं का ट्रेन से आभार जताते राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा।

### गुरुग्राम स्टेशन पर बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ता

**गुरुग्राम।** शुक्रवार से कांग्रेस पार्टी के तीन दिवसीय नव-संकल्प चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चेतक एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर गुरुग्राम के रास्ते उदयपुर गए। गुरुवार देर रात चेतक एक्सप्रेस यहां पहुंची। राहुल गांधी के साथ राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी थे। गुरुग्राम स्टेशन पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी, दीपेंद्र हुड्डा का स्वागत किया गया।

जोश से भरे कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, दीपेन्द्र हुड्डा जिंदाबाद के नारे लगाए। दक्षिण हरियाणा से गुजरने वाली चेतक एक्सप्रेस ट्रेन जिस स्टेशन पर भी ठहरी, हर स्टेशन पर उनका स्वागत किया गया।

कांग्रेस के नव-संकल्प चिंतन शिविर में हिस्सा लेने के लिए चेतक एक्सप्रेस से राहुल गांधी के साथ दीपेन्द्र हुड्डा दिल्ली के सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से उदयपुर के लिए ट्रेन से रवाना हुए थे। कार्यकर्ताओं को जैसे ही सूचना मिली कि राहुल गांधी के साथ दीपेन्द्र हुड्डा चेतक एक्सप्रेस ट्रेन से जा रहे हैं तो भारी भीड़ स्टेशन पर उमड़ पड़ी। दोनों नेताओं के स्वागत के लिए गुरुग्राम, पटौदी, रेवाड़ी नारनौल स्टेशनों पर हरियाणा कांग्रेस के तमाम नेता, कार्यकर्ता इकट्ठे हुए और उनका स्वागत किया गया। राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा ने यहां कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### महापंचायत के लिए बनाई गई सब कमेटियों को सौंपी जिम्मेदारियां



**सोहना।** टोल संघर्ष समिति ने 10 से 12 बनाई गई सब कमेटियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। 20 मई से एक दिन में एक कमेटी 9 से 10 गांवों का दौरा करेगी। महापंचायत को सफल बनाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने का फैसला लिया है। टोल संघर्ष समिति के मुख्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में करीब 10 नई सबकमेटियां बनाई गई। बैठक में महाराज सिंह, बलबीर सिंह गब्दा, जगमिन्द्र खटाना, सतबीर पहलवान, संजय सिंह, जिन्नी पहलवान, हीरा सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। जिन्हें अलग-अलग कमेटियों के प्रभारी बनाते हुए जिम्मेदारी सौंपी। बैठक के बाद बलबीर सिंह गब्दा ने बताया कि महापंचायत को सफल बनाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने की पूरी तैयारियां कर ली है। हक के लिए समिति किसी के सामने नहीं जाएगी। अब समिति महापंचायत में टोल से जुड़े कंपनी से लेकर एनएच और राजनीति लोगों को बुलाया जाएगा। सतबीर पहलवान ने बताया कि 20 मई से गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, नूंह, रेवाड़ी के गांव और शहरों के दौरे करके महापंचायत में आने के लिए लोगों को न्योता दिया जाएगा। एक साथ 20 से 25 गांवों के लोग न्योता देने के लिए गांव-गांव का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि महापंचायत के माध्यम से प्रशासन और सत्ताधारी सरकार को हक की लड़ाई लड़ने की ताकत दिखाई जाएगी।

### लॉरेन्स बिश्नोई गैंग के दो गुर्गे अवैध हथियार समेत दबोचे

**गुरुग्राम।** गुप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए जसप्रीत सिंह उर्फ अमन उर्फ अम्मू व रोबिन सोनी उर्फ रिंकू निवासी श्रीगंगानगर राजस्थान को अलग-अलग स्थानों बस क्यू शेल्टर सेक्टर-31, व सुभाष चौक गुरुग्राम से अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल व चार कारतूस बरामद किए गए हैं। अपराध शाखा सेक्टर-31 प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे लॉरेन्स गिरोह के सदस्य हैं। लॉरेन्स बिश्नोई के कहने के अनुसार ही अपराधिक वारदातों को अंजाम देते है। उनके खिलाफ पहले भी हत्या के प्रयास, लड़ाई-झगडे व अवैध हथियार रखने के 3 मामले दर्ज हैं। वे गुरुग्राम में फरारी काट रहे थे तो पुलिस ने गुप्त सूचना पर इन्हें काबू कर लिया। उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की सम्बंधित धाराओं के तहत थाना सेक्टर-40 व थाना सदर गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया है।

### गुरुग्राम में लोक अदालत आज, 25 बेंच करेंगी सुनवाई

**गुरुग्राम।** जिला में शनिवार 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी, जिसमें ट्रैफिक चालान, सिविल, बैंक रिकवरी, वैवाहिक मामलों सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे जाएंगे। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के निर्देशानुसार जिला में यह लोक अदालत लगाई जा रही है। लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए गुरुग्राम में 25 जजों की बेंच गठित की गई है। उन्होंने बताया कि 25 बेंचों में 4 बेंच मोटर वाहन एक्ट केसों के लिए व एक बेंच एलएसी के लिए गठित की गई है। पारिवारिक मामलों की सुलह के लिए भी एक बेंच लगाई जाएगी। लोक अदालत में लेबर से जुड़े मामलों के लिए दो बेंच बनाई गई हैं। ट्रैफिक मामलों की सुनवाई के लिए दस बेंचों का गठन किया है। चेक बाउंस के मामलों की सुनवाई के लिए सात बेंच और प्री लिटिगेशन मामलों के लिए एक बेंच का गठन किया है। सब-डिवीजन सोहना व पटौदी में भी एक-एक बेंच का गठन किया है। प्रवक्ता ने बताया कि लोक अदालत में करीब 20 हजार केस रखे जाएंगे। लोक अदालत की सभी बेंच में एक-एक पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा, जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रहकर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद करेंगे।

### जिम्नास्ट ध्रुवी स्कूल वर्ल्ड गेम्स-2022 के लिए फ्रांस रवाना



**गुरुग्राम।** फ्रांस में होने जा रहे आईएसएफस्कूल वर्ल्ड गेम्स-2022 में भाग लेने के लिए गुरुग्राम की रिदमिक जिमनास्ट ध्रुवी चौधरी शुक्रवार को रवाना हुई। ये गेम नॉरमैंडी फ्रांस में 14 मई से हो रहे हैं और समापन 22 मई 2022 को होगा। आईएसएफ स्कूल वर्ल्ड गेम्स-2022 में विश्व से 64 देश के खिलाड़ी 17 प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। गुरुग्राम से खिलाड़ी ध्रुवी को एम3एम फाउंडेशन अपने लक्ष्य प्रोग्राम के तहत सपोर्ट कर रहा है। पूरे हरियाणा से रिदमिक जिम्नास्टिक के दो तथा आर्चरी से एक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ध्रुवी के सपनों में भी अनेक रुकावटें आती रहीं और एक समय ऐसा भी आया कि जब वह अपने संघर्षों से तंग आकर हार मानने जा रही थीं। इसी बीच एम3एम फाउंडेशन के लक्ष्य प्रोग्राम से उन्हें फिर से आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की उम्मीद मिली। हरियाणा की यह खिलाड़ी को फ्रांस में 14 मई से 22 मई 2022 को आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपने देश का झंडा बुलंद करने का मौका मिला है। वह इस टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए रवाना हो चुकी हैं। उनके कोच, माता-पिता एवं पूरे परिवार के साथ, एम3एम फाउंडेशन को भी उनसे बहुत उम्मीदें हैं।

### 12 गांव की पंचायत में निर्णय, टूटे निर्माणों का कार्य आज से

**गुरुग्राम।** इस्लामपुर सुभाष चौक पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने बिल्डर से साठ-गांठ कर 30 दुकानों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को पंचायत आहुत की गई। इस पंचायत में 12 गांव के लोग शामिल हुए। इस पंचायत की अध्यक्षता 360 गांव के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकरान ने की। 12 गांव की पंचायत में रायसिना, अलीपुर, रिठौज, पलटा, खटोला, चकरपुर, हयातपुर, धनवापुर, बसई, दौलताबाद, सिलोखरा समेत कई गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे। पंचायत में बादशाहपुर विधानसभा विधायक राकेश दौलताबाद भी पहुंचे। राकेश दौलताबाद ने आश्वासन देते हुए ग्रामीणों को कहा कि जिन लोगों की दुकानें टूटी हैं या अवैध बताकर उन दुकानों को तोड़ा गया, इसकी जानकारी उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को दी। साथ ही इसकी जांच और बिल्डर व अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते यह उनकी जिम्मेदारी है। पंचायत में नगर निगम अधिकारी भी पहुंचे, 12 गांव की पंचायत के मौजिज लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। महेंद्र सिंह ठाकरान अध्यक्ष झाड़सा 360 गांव, महासिंह, संतोख सिंह अधिवक्ता, श्याम सिंह झाड़सा, अशोक हंस सरपंच नाहरपुर, अतर सिंह सरपंच धनवापुर, राजीव सिंह हसनपुर, ओमपाल तिगरा, नाथू सरपंच मोहम्मदपुर, बिल्लू सरपंच टीकरी, राजेश फाजिलपुर, रामवीर सरपंच नरसिंहपुर, उदयवीर सरपंच खांडसा, प्रदीप जैलदार समेत अनेक लोगों ने पंचायत में शिरकत की।

### बादशाहपुर में लगाया गया किसान क्रेडिट कार्ड कैंप

**गुरुग्राम।** राजकीय पशु चिकित्सालय बादशाहपुर में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कैंप लगाया गया, जिसमें करीब 50 पशुपालकों ने भाग लिया। इस शिविर में किसानों, पशुपालकों को किसान क्रेडिट संबंधी जानकारियां विस्तार से दी गई। पशु पालन विभाग के एसडीओ डा. सुरेंद्र यादव, पशु चिकित्सक डा. प्रतिभा सिद्धमुख, वीएलडीए कुलबीर, एनिमल अटेंडेंट रविंद्र, तरुण, कृष्ण, नवल किशोर, सुंदर सिंह के अलावा गुरुग्राम बैंक के एलओएम अनूप चतुर्वेदी समेत कई पशुपालक इस दौरान उपस्थित रहे।

# खेलो इंडिया राहगीरी के आयोजन को लेकर डीसी ने ली बैठक

## आजादी अमृत महोत्सव में 21 मई को होगा राहगीरी कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में राहगीरी कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त अजय कुमार।

**आजादी** के अमृत महोत्सव श्रृंखला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 के चौथे सीजन के तहत नूह जिला में आगामी 21 मई को खेलो इंडिया-राहगीरी का आयोजन किया जाएगा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जिला के खिलाड़ियों की भागीदारी है, ऐसे में अलग-अलग गेम में जिला के खिलाड़ी यूथ गेम्स में भागीदार बन रहे हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने यह जानकारी शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में राहगीरी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों की बैठक में दी।

उन्होंने कहा कि राहगीरी में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल, शुभंकर धाकड़ भी साथ-साथ पहुंचेंगे। नूंह जिला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल का भव्य एवं गरिमापूर्ण तरीके से स्वागत जिला वासियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि राहगीरी कार्यक्रम में जिलावासियों विशेषकर युवाओं व खिलाड़ियों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग व अधिकारी राहगीरी की तैयारियों में जुट जाएं और तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा ही राहगीरी कार्यक्रम को भव्य रूप देते हुए इसका सफल आयोजन किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि नूंह जिला में शनिवार 21 मई को शाम 6 बजे खेलो इंडिया थीम आधारित मशाल व शुभंकर को शहर में राहगीरी के लिए निर्धारित स्थान यासीन मेव डिग्री कॉलेज के सामने किया जाएगा। राहगीरी के दौरान, योगा व बॉक्सिंग आदि खेलों के लाइव डेमो भी होंगे। साथ ही खेलो इंडिया थीम गीत के साथ राहगीरी में सांस्कृतिक मंच भी सजेगा और उसके बाद मशाल की फ्लैग ऑफ सेरेमनी होगी। उन्होंने कहा कि इस बार हरियाणा को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 की मेजबानी करने का अवसर मिला है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 के चौथे सीजन का शानदार और भव्य आगाज हो चुका है।

उन्होंने बताया कि अभी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीन संस्करण आयोजित हो चुके हैं और हरियाणा में चौथे संस्करण में हरियाणा प्रदेश खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी कर रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 का आयोजन 4 जून से 13 जून, 2022 तक हरियाणा सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) व केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में 25 तरह के खेल आयोजित होंगे, जिनमें पांच पारंपरिक खेल जैसे गतका, कलारीपयट्ट, थांग-ता, मलखंभ और योगासन शामिल हैं। ये खेल पांच स्थानों पंचकूला, अंबाला, शाहाबाद, चंडीगढ़ और दिल्ली में आयोजित होंगे। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभीता ढाका, एसडीएम सुश्री सलोनी शर्मा, सीटीएम रणवीर सिंह, डीएसपी अशोक कुमार, सीएमजीजीए राजू राम, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी निर्मला, डीईओ डॉक्टर अब्दुल रहमान सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयनित उमेर खान।

# 17 वर्षीय उमेर खान का खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हुआ चयन

## नूंह के उमेर का भारोत्तोलन में हुआ चयन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

### उपायुक्त अजय कुमार ने उमेर को दिया बधाई संदेश

**उपायुक्त** अजय कुमार ने कहा कि जिला के लिए यह गर्व की बात है कि नूंह निवासी वार्ड नंबर-8 के रहने वाले 17 वर्षीय उमेर खान का भारोत्तोलन में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयन हुआ है।

अजय कुमार ने उमेर को अपना बधाई संदेश देते हुए कहा कि 31 मार्च 2022 को उडीसा की राजधानी भुवनेश्वर में नेशनल स्तर की चैंपियनशिप में नूंह निवासी वार्ड 8 नूंह के 17 वर्षीय उमेर खान ने वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में क्वालीफाई करके खेलो इंडिया में जगह बनाई है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि उमेर 13 जून 2022 को खेलो इंडिया की प्रतियोगिता में भाग लेगा। उमेर खान ने क्वालीफाई मुकाबले में स्नैच में 115 किलोग्राम और क्लीन जर्क में 151 किलोग्राम कुल मिलाकर 266 किलोग्राम वजन उठाकर अपना हौसला दिखाया और खेलो इंडिया में चयन के लिए जगह बनाई है। उपायुक्त ने उमेर खान को बधाई देते हुए कहा कि उमेर खान के इस कारनामे पर पूरी मेवात में खुशी की लहर है। उसने साबित किया है कि मेवात में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस उन्हें मौका और मंच मिलने की दरकार है। आज उमेर को खेलों इंडिया में क्वालीफाई करने के पूरा नूंह जिला गर्व महसूस कर रहा है और निरंतर सफलता की कामना कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### छपैड़ा गांव में आयोजित हुआ वित्तीय साक्षरता कैम्प



छपैड़ा गांव में आयोजित कैम्प में लोगों को जानकारी देते एलडीएम पंकज सिन्हा।

**नूंह।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व जनधन खाते खोलने के लिए एलडीएम पंकज की अध्यक्षता में इंडरी खंड के गांव छपैड़ा में वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया। एलडीएम ने बताया कि इस कैम्प में 30 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 28 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा लोगों को किए गए। इसके अतिरिक्त जनधन खाते भी खोले गए। इससे पूर्व अड़बर व फिरोजपुर-झिरका में वित्तीय साक्षरता कैम्प आयोजित किए जा चुके है। श्रीसिन्हा ने कहा कि हमारा कैम्प लागने का उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं के बारे में पता चल सके ताकि लोग इन योजनाओं का फायदा उठा सके। इस अवसर पर केन्द्र वित्तीय साक्षरता की तरफ से मौहम्मद उमर, एफएलसी एजाज अहमद, कैनरा बैंक भी मौजूद रहे।

### मेवात में जल्द शिक्षक नहीं भेजे तो आंदोलन : विधायक आफताब

**नूंह।** नूंह विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर कांग्रेस कार्यकर्तओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा जजपा सरकार मेवात की शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह से ध्वस्त करने का काम कर रही है। ऐसा करके प्रदेश सरकार मेवात से भेदभाव कर रही है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि मेवात में शिक्षकों की भारी कमी है, आधे से अधिक पद रिक्त हैं और सैंकड़ों स्कूल एक या दो शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं, विज्ञान के शिक्षक और भी कम हैं। हाल ही में विधान सभा में भी ये मामला उठाया, शिक्षामंत्री से बैठक हुई जिसके फैसले व सुझाव अभी तक अमल में नहीं लाए गए हैं। ये दर्शाता है कि प्रदेश सरकार मेवात की शिक्षा को लेकर कितनी लापरवाह है। उन्होंने बीजेपी जजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के पास मेवात की शिक्षा व विकास के लिए ना नीति है और ना नीयत। आफताब अहमद ने कहा कि मेवात में मेवात मॉडल स्कूल काफी हद तक अच्छा काम कर रहे थे लेकिन भाजपा-जजपा सरकार ने उन्हें शिक्षा विभाग में सम्मिलित करके उनका बेडा गर्क कर दिया। जो सरकार सरकारी स्कूल नहीं चला पा रही थी तो वो कैसे मेवात मॉडल स्कूल चलाती। मेवात माडल स्कूलों का मकसद मेवात में अच्छी और सस्ती शिक्षा देना था जिसे सरकार ने मिटा दिया। आफताब अहमद ने कहा कि शीत काल सत्र में उन्होंने मेवात की शिक्षा से जुडे मुद्दों को उठाया था और सरकार ने आश्वासन दिया था कि एक महीने में उन्हें पूरा कर दिया जाएगा, इनमें मेवात में शिक्षक भेजने की मांग भी शामिल थी लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। बीते दिनों भी आफताब अहमद ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से शिक्षकों को मेवात भेजने की मांग की है। आफताब अहमद ने विधान सभा व शिक्षामंत्री के समक्ष मांग करते हुए कहा था कि अन्य जिलों से मेवात आने के इच्छुक शिक्षकों को मेवात अतिरिक्त भत्ते के साथ तुरंत भेजा जाए, स्थाई शिक्षक भर्ती तक मेवात के पात्र स्थानीय युवाओं को शिक्षक लगाया जाए और उर्दू जैसे विषयों के शिक्षकों की भर्ती की जाए। आफताब अहमद ने कहा कि दो साल से चिलावली में मेवात माडल स्कूल बनकर तैयार है लेकिन सरकार शुरू नहीं कर रही है।

### सोलर बैटरी व तीन मोबाइल चोरी, केस दर्ज

**तावडू।** गांव सूंध में एक संस्था की सोलर बैटरी व तीन मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संस्था की ट्रस्टी मोनाक्षी सिंह ने पुलिस को बताया कि एनजीओ की और से बच्चों के लिए रेजिडेंटल एकेडमी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गत 11 मई को 20 बैटरी व दो इनवर्टर यहां पर लगाने के लिए लाए गए थे। जिनमें से उसी रात्रि 6 बैटरी चोरी हो गई और यहां पर काम करने वाले मजदूरों के तीन मोबाइल फोन चोरी हो गए। उन्होंने बताया कि संस्था की और से सुरक्षा के लिए एक सिक्योरिटी गार्ड भी लगा रखा है। उन्हें शक है कि सुरक्षा गार्ड शौएब खान, इरफान, फकरू व मोहनसब की मिलीभगत के कारण यह चोरी की गई है। पुलिस ने संस्था की ट्रस्टी मोनाक्षी सिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अंत्योदय मेला : लाभार्थियों को ऋण राशि दें जल्द

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका ने बैंकर्स को कहा है कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आए हुए आवेदनों को बिना किसी ठोस कारणों से बैंकर्स रिजेक्ट न करें तथा आयोजित किए गए अंत्योदय मेलों में हुए स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थियों को दें ऋण राशि जल्द से जल्द प्रदान करें। उन्होंने बैकर्स को सख्त लहजे में कहा कि बैकर्स इस तरफ ध्यान दे तथा जो आवेदन आए हुए उन पर तुरंत कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए डिस्पोज हुए केसों की रिपोर्ट प्रतिदिन दे। अतिरिक्त उपायुक्त डा. सुभिता ढाका शुक्रवार को अपने कार्यालय में बैंकर्स के साथ मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत रिजेक्ट किए केसों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में प्रोग्रेस दिखाई देनी चाहिए सभी बैंकर्स मन लगाकर कार्य करें और पेंडिग केसों पर फोकस करें।
अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई) के मद्देनजर परिवार पहचान पत्र से चिन्हित परिवारों की आय बढ़ाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने बताया कि अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत उन परिवारों को शामिल किया गया है जो परिवार पहचान पत्र के तहत चिह्नित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना की मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं समीक्षा करते रहते हैं। सभी संबंधित अधिकारी विशेष फोक्स रखकर चयनित व्यक्तियों को लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। पशु लोन के लिए पशुपालन विभाग के अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं फकरूद्दीन पुत्र नूर अहमद निवासी गांव कांगरका तहसील तावडु जिला नूंह बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आसिफ व पुत्रवधू रुबीसा का मेरे साथ दुर्व्यवहार करते है। दोनों के गलत आचरण के कारण में उन्हें अपनी सभी प्रकार की चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में वह अपने लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

मैं रामवती पत्नी स्वर्गीय श्री हरेकिशन निवासी गांव बछीपुरा तहसील होडल जिला पलवल ने अपने पुत्र विजयपाल को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। किसी से लेनदेन, झगडा या अन्य व्यवहार करने पर वह खुद जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की जिम्मेवारी नहीं होगी।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पशुपति शाह और उनकी पत्नी श्रीमती नैना देवी, मकान नं० 2009, सेक्टर-23ए, फरीदाबाद के रहने वाले हैं, उनकी एक बेटी पूजा है, जो मेरे मुवक्किलों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मेरे मुवक्किलों नें अपनी बेटी को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर दिया है, जो कि उनकी आज्ञा में नहीं है। उसके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से उनका व उनके परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। कोई कानूनी रिश्ता नहीं होगा।
एस.पी त्यागी, एडवोकेट
सेक्टर 12, फरीदाबाद

किराये हेतु

कार्यालय हेतु किराये पर तीन कक्ष के भवन की आवश्यकता हैं। जिससे बिजली, पानी तथा शौचालय की व्यवस्था हो। इच्छुक व्यक्ति विज्ञापन प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर सम्पर्क करें।

विनोद कुमार
फोन नं० 9013777527

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 83 लोगों की हुई जांच

### गांव बझेड़ा में लगा शिविर, एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की हुई जांच

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाते ग्रामीण।

**एनटीपीसी** समर्थित जन आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम बिस्नौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) के तत्वावधान में शुक्रवार को नूंह के गांव बझेड़ा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 83 लोगों की विभिन्न प्रकार की जांच की। एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के लिए उनकी जांच पर विशेष ध्यान दिया गया। बीपी और ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल की जांच के साथ-साथ ब्लड टेस्ट भी किए गए। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करते रहें।

लोगों को कम लागत वाले पोषण और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए संतुलित आहार के बारे में भी जागरूक किया गया। दवाएं और फेस मास्क बांटे गए। नियमित रूप से अपने दरवाजे पर स्वास्थ्य सेवा मिलने से ग्रामीण बहुत खुश हैं। बीएसजीएसएस निदेशक अनूप कुमार ने कहा कि अगस्त 2021 में बझेड़ा गांव में स्वास्थ्य कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद से 15,470 से अधिक लोगों को मुफ्त दवाओं, प्रयोगशाला परीक्षणों, स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता कार्यक्रमों और रेफरल सेवाओं के साथ नियमित ओपीडी परामर्श के माध्यम से कई तरह की सेवाएं प्रदान की गई हैं।

# न्यायिक परिसर में आज लगेगी नेशनल लोक अदालत

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**राष्ट्रीय** एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण व आपसी सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं।

प्राधिकरण सचिव प्रतीक जैन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग की अध्यक्षता में 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अदालत में मोटर दुर्घटना मुआवजा, चैक बाऊस, दीवानी मामले, बिजली के मामले व अन्य मामलो का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से वादों का निपटारा जल्द कराया जा सकता है। वहीं निर्मित किये गये मामलों में आगे कोई अपील/पुनरीक्षण दायर नहीं की जा सकती, जिससे समय व धन की बचत होती है।

# साली को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के एक गांव से दामाद द्वारा साली को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल महेश ने बताया कि पतराम उर्फ विजय निवासी नांगल तहसील बहादुरपुर जिला अलवर तावडू उपमंडल के एक गांव में अपनी ससुराल में आया था। आरोप है कि गत 19-20 अप्रैल की रात आरोपी अपनी साली को बहला-फुसलाकर ले गया। जिसके बाद पीड़ित परिजन अपने स्तर पर मामले का समाधान करने में जुट गए। पीड़ित अब तक लड़की की खोजबीन में जुटे हुए थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। सदर थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता के बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मत्स्य पालन के दिए गए लक्ष्य को पूरा करें अधिकारी: उपायुक्त

पायनियर समाचार। नूंह

### नूंह जिले में 151 हैक्टेयर तालाबों में मछली पालन का कार्य हुआ

**उपायुक्त** अजय कुमार ने मछली पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में मछली पालन के दिए हुए लक्ष्य को पूरा करें। नूंह जिले में 1510 हैक्टेयर तालाबों में मछली पालन का कार्य हुआ तथा 310 लाख मछली बीज तालाबों में संचय किया गया जिसमें 19168 टन मछली का उत्पादन हुआ।

उपायुक्त अजय कुमार शुक्रवार को जिला सचिवालय में मत्स्य पालन विभाग की डीएलसी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ने तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाए। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रति हेक्टेयर 14 लाख खारे पानी व मीठे पानी 11 लाख रुपए के प्रोजेक्ट पर अनुसूचित जाति व महिला वर्ग को 60 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत की दर से अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे किसान जिनके पास पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी उपलब्ध नहीं हैं तथा भूमिगत जल भी खारा/लवणीय हैं, वे मछली पालन का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। झींगा मछली पालन से प्रति एकड़ 5 से 6 लाख रुपये तक की आमदनी प्राप्त की जा सकती है।

# दो खसरा और एक गलघोटु की पुष्टि, जिले में खसरा के 47 संदिग्ध मामले

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



अस्पताल में लगी लोगों की भीड़

**कोरोना** काल में बच्चों का टीकाकरण कम होने का खामयाजा स्वास्थ्य विभाग और बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। काफी समय बाद अचानक मेवात में खसरा और गलघोंटू जैसी जानलेवा बीमारी ने पर पसारने शुरू कर दिए है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार अकेले मरोड़ा पीएचसी के अंतर्गत दो खसरा और एक गलघोटु की पुष्टि हो चुकी है जबकि जिले में 47 संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ बसंत दुबे ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते पिछले 2 साल में नियमित टीकाकरण में करीब 24 फीसदी की कमी आई है जिससे गलघोटू और खसरा के मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना है। उन्होंने बताया कि पहले जलिे में 73 फीसदी टीकाकरण होता था लेकिन कोरोना के चलते 49 फीसदी ही टीकाकरण हो सका है।

उन्होंने बताया कि मेवात के मरोड़ा पीएचसी के अंतर्गत खसरा के दो केस की पुष्टि की गई है ढाडोली गांव के है। जबकि फिरोजपुर नमक में गलघोटू का एक केस मिला है,

खसरा के 47 कैस सम्भावित है जिनमे से दो केसों की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है, जांच के जिले में करीब 50 टीमें बनाई गई, आशा वर्कर एमपीएचडब्ल्यू मेल आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर स्वास्थ विभाग के कर्मचारी अधिकारी शामिल है। जो गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक के साथ बीमारी की पहचान कर रही है। इसके अलावा बच्चों का टीकाकरण भी किया जा रहा है। इसके अलावा स्वास्थ्य गांव गांव में हेल्थ कैंप से लगा रहा है। बता दें कि खसरा टीका से बचाव योग्य बीमारी है, जो अप्रतिरक्षित बच्चों को प्रभावित करती है। खसरा से बचाव के लिए एमआर (मीजल्स रूबेला) वैक्सीन की दो खुराकें (9 महीने में पहली खुराक और 18 महीने में दूसरी खुराक) दी जानी हैं। लक्षण वाले सभी बच्चों को लगातार दो दिनों तक विटामिन ए की दो खुराक दी गई। आयु उपयुक्त टीकाकरण के लिए गहन गतिविधि शुरू की गई थी और अब तक विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम ने जिला टीकाकरण टीम के साथ प्रकोप इकाई में सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों की निगरानी की और 16 वर्ष की आयु तक सभी टीकों के लिए गहन गतिविधियों की योजना बनाई। 1-7 वर्ष आयु वर्ग में डीपीटी और 7-16 वर्ष आयु वर्ग में टीडी।

# अब नहीं रहेगी जिला नूंह के स्कूलों में शिक्षकों की कमी

## मेवात विकास अभिकरण ने एनजीओ के साथ साइन किया एमओयू

### एनजीओ से मिले वाले शिक्षकों में 500 जेबीटी तथा 500 बीएड शामिल

रिजवान कासिम। मेवात



डॉक्टर अब्दुल रहमान जिला शिक्षा अधिकारी

**नूंह** जिले के सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की कमी नहीं रहेगी। मेवात विकास अभिकरण (एमडीए) ने एनजीओ के साथ एक एमओयू साइन किया है। जिसके तहत अब जिले भर के सरकारी स्कूलों में 1000 टीचर एनजीओ के माध्यम से लगाए जाएंगे। इनमें 500 जेबीटी तथा 500 बीएड टीचर शामिल है। आगामी जून माह तक इन अध्यापकों की नियुक्ति स्कूलों में कर दी जाएगी। इन अध्यापकों की नियुक्ति के बाद नूंह जिला शैक्षणिक एतबार से हरियाणा के अग्रणी जिलों में शामिल हो जाएगा, जो अब अध्यापकों की कमी से जूझ रहा है।

आपको बता दें कि 1000 अध्यापकों की नियुक्ति के बाद ना केवल जिले का शैक्षणिक स्तर ऊंचा होगा, बल्कि ड्रॉपआउट की समस्या भी पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। हालांकि शिक्षा विभाग ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले में सैकड़ों वालंटियर ड्रॉपआउट को रोकने के लिए लगाए हुए हैं, लेकिन इन 1000 अध्यापकों की नियुक्ति के बाद अच्छे परिणाम सामने आने से इनकार नहीं किया जा सकता। इन अध्यापकों को तकरीबन 20,000 रुपए प्रति माह के हिसाब से एनजीओ वेतन देगा। इस अभियान से न केवल मेवात में शिक्षा की अलख जगेगी बल्कि 1000 पढ़े-लिखे अध्यापकों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अब्दुल रहमान ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उपायुक्त एवं सीईओ एमडीए अजय कुमार आईएएस ने एनजीओ के साथ एमओयू साइन किया है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 मई रखी गई है और उसके बाद जून माह तक यह सभी टीचर भर्ती कर दिए जाएंगे।

कुल मिलाकर लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे जिले के स्कूलों में अब अध्यापकों की कमी को भरने के लिए सरकार ने एक खास रणनीति तैयार की है। जिले में जेबीटी तथा मिडिल स्कूलों के अलावा हाई स्कूल व सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यापकों व अन्य संसाधनों का भारी अभाव था। पिछले कुछ सालों से स्थानीय विधायकों से लेकर यहां का आम जन शिक्षा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक इस मांग को लगातार उठाता था।

नूंह जिला नीति आयोग के पिछड़े जिलों की सूची में भी शामिल है। जिले को विकास की पटरी पर लाने के लिए शिक्षा विभाग से जुड़े पैरामीटर पर काम करने की बेहद आवश्यकता है, इसीलिए केंद्र व राज्य सरकार का इस जिले पर विशेष फोकस है। जिसका असर धरातल पर भी दिखने लगा है। खास बात यह है कि स्थानीय युवाओं को ही जॉब में वरीयता दी जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## स्वागत योग्य कदम
### देशद्रोह कानून स्थगित

**सर्वोच्च** न्यायालय ने अत्यधिक निन्दित देशद्रोह कानून को स्थगित रखने का निर्णय किया है। यह एक स्वागत योग्य कदम है। यह जनता को आश्वस्त करने की दिशा में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण कदम है। लोगों को विश्वास हो गया है कि देश की सर्वोच्च अदालत के आंख कान खुले हैं और वह अपने न्यायाधिकार में नागरिकों के अधिकारों को राज्य द्वारा कुचलने से रोकने के लिए सब कुछ कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय को धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उसने केन्द्र को पुन: समीक्षा तथा कानून पर पुनर्विचार का समय दिया, लेकिन यह शर्त भी लगा दी कि इस बीच यह औपनिवेशिक कानून स्थगित रखा जाएगा। उसने केन्द्र का यह तर्क ठुकरा दिया कि देशद्रोह कानून के अंतर्गत अनेक आरोपी आतंकी व धनशोधन कृत्यों में संलिप्त हो सकते हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून के अंतर्गत जेलों में बंद लोगों को जमानत के लिए अदालतों में जाने की अनुमति भी दे दी। ऐसा लगता है कि केन्द्र यह कानून बनाए रखना चाहता है। उसने अदालत से कहा कि भारतीय दंड संहिता-आईपीसी की धारा 124ए के अंतर्गत या देशद्रोह कानून में मामले केवल क्षेत्रीय पुलिस सुपरिंटेंडेंट द्वारा लिखित में कारण बताने पर ही दर्ज किए जा सकते हैं। केन्द्र का कहना था कि एक संज्ञेय अपराध को दर्ज करने से रोकना उचित नहीं होगा और देशद्रोह कानून के अंतर्गत मामला दर्ज करने के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा जांच जरूरी होगी। अदालत ने इस दृष्टिकोण से



सहमति नहीं दिखाई तथा कानून को स्थगित रखने का आदेश दिया। देखना होगा कि केन्द्र जनमत समझ कर ऐसा कानून लागू करने में न्यायिक खिंचाई की चिन्ता करता है या नहीं जिसका बार-बार दुरुपयोग मुख्यत: राजनीतिक विरोधियों व मानवाधिकार एक्टिविस्टों को बदनाम और उनके खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए किया गया।

दर्जनों ऐसे मामले हैं जहां पत्रकारों को भ्रष्टाचार व शक्तिशाली राजनेताओं द्वारा किए जाने वाले अपराध उजागर करने पर इस क्रूर कानून के अंतर्गत बंद किया गया। इसी प्रकार फिल्म निर्माताओं, कवियों व राजनीतिक एक्टिविस्टों को राज्य के खिलाफ अपराध के आरोप में देशद्रोह कानून के अंतर्गत पकड़ा गया। उन पर आईपीसी की धारा 121 के अंतर्गत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने या उसका प्रयास करने अथवा उसे उकसाने, धारा 121 के अंतर्गत दंडनीय अपराध का षडयंत्र करने तथा धारा 122 के अंतर्गत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए हथियार एकत्र करने के आरोप लगे हैं। इस कानून का इतना भयंकर दुरुपयोग हुआ था कि पांच साल में देश के विभिन्न भागों में लोगों के खिलाफ देशद्रोह के 326 मामले दर्ज किए गए, लेकिन राज्य केवल 6 मामलों में ही सजा दिला पाया। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को सरकार ने पसंद नहीं किया है। आदेश के फौरन बाद केन्दीय विधि मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि वे 'अदालत व उसकी स्वतंत्रता का सम्मान' करते हैं, पर एक 'लक्ष्मण रेखा' है जिसे पार नहीं किया जा सकता है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मंत्री का 'लक्ष्मण रेखा' से क्या मतलब है क्योंकि किसी कानून की समीक्षा करना या उसे स्थगित करना अदालत के अधिकार में आता है। प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमना ने अपनी ओर से ठीक ही कहा कि नागरिक स्वतंत्रताओं व नागरिकों के हितों तथा राज्य के बीच संतुलन रखने की आवश्यकता है।

# भारत हेतु साइबर सिद्धान्त महत्वपूर्ण

भारत को साइबर शक्ति प्रदर्शन करने पर विचार करना चाहिए क्योंकि इससे विरोधी सामान्य रूप से साइबर हमले शुरू करने से हिचकेंगे।



**निष्ठा कौशिकी**
(पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर)



बहुत से लोगों ने चीनी हैकरों द्वारा दिसंबर, 2021 व जनवरी, 2022 में वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी के निकट राज्य लोड डिस्पैच केन्द्रों-एसएलडीसी पर हमले की खबरों को रूटीन मान लिया, जबकि सैनिक अवस्थापना को इसे गंभीरता से लेना चाहिए था। इसके साथ ही भारत की जनता को भी समझना चाहिए कि साइबर हमले के नतीजे कितने खतरनाक हो सकते हैं। ये केवल इंटरनेट कनेक्टिविटी या वित्तीय लेनदेन में बाधा डालने तक सीमित नहीं हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ऐसे साइबर हमलों का उद्देश्य तैयारी के लिए सूचनायें एकत्र करना है ताकि भविष्य में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए कोई बड़ी कार्रवाई कर सके। पीएलए की अकादमी आफ मिलिट्री साइंसेज़ द्वारा 2013 में प्रकाशित 'साइंस आफ मिलिट्री स्ट्रेटिजी' में 'इन्फार्मेनाइजेशन की स्थितियों में स्थानीय युद्धों में विजय' की बात कही गई है। इस पहल के अंतर्गत चीन ने अपनी साइबर युद्ध इकाइयों का आधुनिकीकरण किया है तथा इनको आक्रामक व रक्षात्मक, दोनों प्रकार की तकनीकों से लैस किया गया है। 'वुल्फ वैरियर' राजनय का प्रयोग करने तथा लद्दाख व अरुणाचल पर नजरें जमाए रखने वाला चीन भविष्य के बारे में कोई संदेह नहीं छोड़ना चाहता है। चीन चाहता है कि उसके ऐसे इरादे और शक्ति हो कि वह भारत के सिविलियन व सैनिक अवस्थापनाओं के खिलाफ साइबर युद्ध छेड़ सके। ऐसे में भविष्य के युद्ध कैसे होंगे? विरोधी के कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन, कंप्यूटरों, खुफिया, निगरानी व जासूसी-सीफोरआईएसआर में मैलवेयर डाले जा सकते हैं जो महीनों व संभवत: सालों तक खामोश पड़े रहेंगे, जब तक सिस्टम खुले टकराव की स्थिति में बहुत अधिक क्षमता से काम न करने लगे। वैकल्पिक रूप से किसी बड़े हमले के पहले सैनिक अड्डों, अस्पतालों तथा प्रिंट व एलेक्ट्रानिक मीडिया को बिजली सप्लाई करने वाली बिजली ग्रिडों को काटा जा सकता है। यहां तक कि कृत्रिम बुद्धि-एआई का प्रयोग कर फर्जी वीडियो बनाए तथा उनको इंटरनेट पर असंख्य प्रयोगकर्ताओं को भेजा जा सकता है। ऐसे वीडियो से देश की आंतरिक शांति व सुरक्षा को बाधित करने के प्रयास हो सकते हैं। यह काम जवाबी हमले शुरू होने या देश को नया यथार्थ समझने से पहले ही किया जा सकता है। इस प्रकार भविष्य के युद्ध बहुत तेज, गहन तथा तुलनात्मक रूप से कम समय के हो सकते हैं। ये 5-6 घंटे या कुछ दिन के हो सकते हैं। ऐसे हमलों में अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी कानून द्वारा निर्धारित तटस्थता व अन्य पहचान की रेखायें धुंधली हो सकती हैं।

हमारे विरोधियों की आक्रामक साइबर क्षमताओं की घुसपैठ तथा गैर-राज्य कारकों तक उनकी आसान पहुंच ने असमान शक्ति संघर्ष में टैक्टिकल मुद्दे पैदा कर दिए हैं। ऐसे आयुधीकरण से अंतरिक्ष व गैर-अंतरिक्ष आधारित संचार व्यवस्थायें साइबर हमलों के जोखिम का शिकार हो सकती हैं। साइबर प्रतिरोधक क्षमता के वर्तमान युग में सरकार को निष्क्रिय प्रतिरोधक या ऐसी रक्षा व्यवस्था तैयार रखनी चाहिए जिससे साइबर-हमलों को विफल किया जा सके। इस परिदृश्य में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मजबूत नेटवर्क बनाने का सुझाव देते हैं ताकि डिजिटल ढांचागत संरचना को सुरक्षित रखते हुए हमलों को न्यूनतम किया जा सके। दुहरी सुरक्षा व्यवस्था रखने तथा इस प्रकार सफलता सुनिश्चित करने के लिए आपरेशनल क्षेत्र का विस्तार कर इसमें सक्रिय प्रतिरोध को शामिल करना चाहिए। इससे समान तथा समानुपातिक साइबर बदले की कार्रवाई सुनिश्चित होगी। सशस्त्र बलों की आपरेशनल क्षमताओं में ज्यादा बदले वाली व विघटनकारी क्षमताओं को शामिल करना चाहिए। स्वदेश में विकसित मिसाइल व्यवस्थाओं की सुरक्षा के लिए ऐसी तकनीकें तुलनात्मक रूप से खर्चीली हो सकती हैं जिनको विकसित करने में हमारे वैज्ञानिकों व अन्य का सालों का कठोर परिश्रम शामिल है। सर्वोच्च स्तर पर सशस्त्र बलों को दुश्मन के सैनिक कमांड व ढांचागत व्यवस्था को अक्षम बनाने तथा उनकी मिसाइल कमांड व्यवस्थाओं के लिए अलग रास्ता बनाने में सक्षम होने चाहिए। सक्रिय प्रतिरोधक ऐसा परिदृश्य सुनिश्चित करेगा जहां विरोधी की मिसाइलें उड़ान न भर सकें या देश की सुरक्षा के लिए उनके रास्ते बदल दिए जांए। हमारी प्रतिरोधक क्षमताओं का रणनीतिक संचार ऐसा होना चाहिए जो हमारी प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर सके तथा इससे मुकाबला करने वाले में भय पैदा हो। साइबर शक्ति प्रदर्शन से विरोधी सामान्य रूप से भारत पर हमले शुरू करने से हिचकेंगे। इसके साथ ही उनको कृत्रिम बुद्धि-एआई व अन्य प्रचार एवं मनोवैज्ञानिक युद्ध तकनीकों से लैस किया जा सकता है। स्पष्ट है कि हमें ऐसी स्थिति के लिए तैयार होना होगा जहां खुले आक्रमण के साथ हाइब्रिड युद्ध जैसी स्थिति हो। ऐसे में हमें यह विचार भी करना चाहिए कि दूसरे देश अपनी साइबर सुरक्षा के लिए क्या कर रहे हैं। 2008 में वाशिंगटन की राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रपति निर्देश संख्या 54 ने साइबर सुरक्षा पर समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। बाद में, 2010 में अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में डिजिटल ढांचे को रणनीतिक राष्ट्रीय परिसंपत्ति बताया गया और इसलिए इसकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता सामने आई। इसके साथ ही अमेरिकन मिसाइल रक्षा रणनीति में सक्रिय रूप से 'लेफ्ट आफ लांच' रणनीति को शामिल किया गया है जिसमें विरोधी द्वारा मिसाइलें छोड़ने से रोकने के लिए पूर्व-नियोजित हमले की व्यवस्था है। इसका प्रयोग राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए ईरान के खिलाफ सक्रिय रूप से किया गया। अमेरिका के रास्ते पर चल कर नाटो ने भी 2014 में परिष्कृत नीति और कार्ययोजना बनाई।

रूस की स्थिति पर गौर करें तो वर्ष 2000 में आए उसके सूचना सुरक्षा सिद्धान्त में उन खतरों को शामिल किया गया जिनसे सूचना समर्थन बाधित हो सकता है। इसमें प्रचार व मनोवैज्ञानिक युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा गया था कि इसमें 'रूसी समाज में स्वीकृत मूल्यों के खिलाफ नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक मूल्यों तथा हिंसा की संस्कृति पर आधारित जन-संस्कृति माडलों का प्रचार हो सकता है।' इसने व्यवस्थाओं की सुरक्षा के अलग मानक अपनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा 'आयुधों व सैनिक उपकरणों का अनौपचारीकरण, सैनिकों तथा शस्त्र नियंत्रण प्रणालियों की सुरक्षा तथा प्रबंधन व्यवस्थाओं की सुरक्षा के साथ पर्यावरणीय रूप से जोखिम व अर्थिक रूप से महतवपूर्ण उद्यमों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।' रूस और यूक्रेन के बीच जारी टकराव में एआई के दुष्टतापूर्ण प्रयोग के साथ ही साइबर हमले भी हुए। 2021 में आई अपनी राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति के माध्यम से पाकिस्तान ने साइबर हमलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रमुख आयामों पर हमलों की तरह माना है और इसके लिए अत्यन्त गोपनीय तरीके से 'सक्रिय रक्षा' की बात कही है। 'न्यूनतम प्रतिरोध' के स्थान पर 2013 में आई उसकी 'फुल स्पेक्ट्रम' प्रतिरोध में 'परंपरागत से स्ट्रेटिजिक स्तर तक खाली स्थान भरने' की बात कही गई है और निश्चित रूप से इसमें साइबर हमलों के तत्व भी शामिल हैं। हालांकि, भारत ने आस्ट्रेलिया के साथ क्षेत्रीय साइबर दृढ़ता में सुधार के लिए द्विपक्षीय शोध को संस्थाबद्ध करने का कदम सही दिशा में उठाया है। इसके लिए संयुक्त रूप से 'सेंटर आफ एक्सलेंस फार क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलोजी पालिसी' की स्थापना की जाएगी। लेकिन अन्य रणनीतिक साझीदारों के साथ बहुत कुछ करना अभी बाकी है।

अब से दो तीन साल बाद भू-राजनीतिक व टैक्टिकल स्थिति ज्यादा शत्रुतापूर्ण होगी। यदि आवश्यकता हो तो भारत को अपने नाभिकीय मिसाइलों के बारे में पहले प्रयोग नहीं-एनएफयू स्तर पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि वर्तमान स्थिति के उलट मिसाइलों को युद्धास्त्रों से लैस कर लांच के लिए तैयार रखना जरूरी होगा। ऐसी स्थिति में 'लेफ्ट आफ लांच' रणनीति के समान दृष्टिकोण अपनाना होगा जिसमें विरोधी को मिसाइल हमले रोकने के लिए पहले हमला करना शामिल है। उपरोक्त उद्देश्य से हमें रूस, फ्रांस व जापान जैसे रणनीतिक सहयोगियों से सहायता के साथ ही स्वदेशी तकनीकों का विकास जरूरी होगा। क्वाड व आकुस के स्तर पर संयुक्त साइबर सुरक्षा की पहल होनी चाहिए।

पिछले कुछ सालों में सरकार के दूरगामी रणनीतिक दृष्टिकोण के चलते नेशनल साइबर सिक्यूरिटी कोआर्डिनेटर व नेशनल क्रिटिकल इन्फार्मेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन एजेंसी-एनसीआईआईपीसी जैसे संस्थानों का गठन हुआ है। वे भारतीय सशस्त्र बलों की डिफेंस साइबर एजेंसी-डीसीए व मिलिट्री डिफेंस स्पेस एजेंसी-डीएसए के समानान्तर हैं। सिविलियन व सैनिक अवस्थापनाओं के बीच समन्वय तथा एक रणनीतिक सिद्धान्त की आवश्यकता है जिसमें शक्तिशाली प्रतिरोध के लिए शक्ति प्रदर्शन भी शामिल हो।

# अहिंसा : शांति की संस्कृति का सार

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(अध्यात्म शिक्षक)



जिस व्यक्ति ने अपनी भावनाओं, विचारों,शब्दों व कर्मों से हिंसा को समाप्त कर दिया है, वो स्वभाविक ढंग से शांत रहेगा और शांति की सूक्ष्म तरंगों से घिरा रहेगा। महाभारत की कहानी एक ऐसे संघर्ष को प्रस्तुत करती है जो प्रत्येक चिंतनशील पुरुष और स्त्री के दिमाग के युद्धस्थल पर घटित होता है जब इच्छाएं, अपेक्षाएं और दोष आत्मा के जन्मजात गुणों को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। इन परिस्थितियों में, पवित्र गीता हमें बताती है कि कैसे हम इन आंतरिक युद्धों को जीत सकते हैं और सभी बंधनों से मुक्त होकर बेहतर इंसान के रूप में उभर सकते हैं। महाभारत में अहिंसा को व्यक्ति का सर्वोच्च कर्तव्य बताया गया है। हालांकि, वास्तविक जीवन में, ज्यादातर लोग सोचते हैं कि पूरी तरह से अहिंसक होना संभव नहीं है। क्या ऐसा है? हालांकि, आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, उसकी स्थिति को देखते हुए, एक कारक जिसे एक दिव्य सत्ता के उच्च स्तर से हमारे पतन का सबसे बड़ा कारण माना जा सकता है, वह है अपने सभी रूपों में उपस्थित हिंसा । इसलिए, जब हम हर स्थिति में अहिंसक होने का फैसला करते हैं, तो यह हमारे वाचन और व्यवहार को प्रभावित करता है। जो व्यक्ति अहिंसक होना चाहता है, वह ऐसा कुछ भी नहीं करेगा जो उसे हिंसा से जुड़ी स्थिति में ले जाए, चाहे वह भावनात्मक, मौखिक या चरम मामले में, शारीरिक हिंसा हो। ऐसा व्यक्ति मिलनसार, विनम्र, धैर्यवान, सहनशील, विचारशील और प्यार करने वाला होता है। जब ऐसे व्यक्ति का भाषण व आचरण उपरोक्त गुणों द्वारा चिन्हित होता है, तो वे किसी को परेशान या दुखी नहीं करेंगे या दूसरों में ऐसी भावनाएं नहीं पैदा करेंगे जो उन्हें इस व्यक्ति के प्रति आक्रामक बना दे। इस सब का परिणाम दूसरों के साथ सौहार्द्रपूण संबंध बनेगा जिसमें हिंसा की कोई संभावना नहीं होगी।



हालांकि, एक व्यक्ति जो यह मानता है कि उसे कभी-कभी बल प्रयोग करने की आवश्यकता पड़ सकती है, भले ही वह केवल आत्मरक्षा में ही क्यों न हो, और इसलिए उसके पास हथियार रहे, वह भी कभी-कभी आक्रामक ढंग से कार्य करने के लिए उत्साहित महसूस कर सकता है। इस तरह का व्यवहार स्पष्ट रूप से उसके किसी भी दोस्त को जीतने वाला नहीं है, यह केवल उसकी असुरक्षा और आक्रामकता को पोषित करेगा। कोई यह तर्क दे सकता है कि भले ही हम सभी के लिए अच्छे हों, मगर कोई निहित स्वार्थ या बुरे इरादों के कारण हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकता है। वह कहते हैं कि अच्छा होना स्वयं के साथ अच्छा करने की कोई गारंटी नहीं है। फिर क्या? यहीं पर सूक्ष्म शक्तियां काम में आती हैं। हमें यह समझना चाहिए कि जिस व्यक्ति ने अपनी भावनाओं, विचारों, शब्दों और कर्मों से हिंसा को हटा दिया है, वह स्वाभाविक रूप से शांत होगा और इसलिए ऐसे व्यक्तियों से शांति की सूक्ष्म तरंगें निकलती हैं और वातावरण और उसके आसपास के लोगों को प्रभावित करती हैं। इस परिघटना का प्रमाण पूजा स्थलों में पाया जा सकता है। शहर के व्यस्त क्षेत्र में भी, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या चर्च के अंदर शांति का नखलिस्तान है। ये स्थान मन को शांत करते हैं और बाहरी हलचल से राहत प्रदान करते हैं। इन जगहों का माहौल ऐसा इसलिए है क्योंकि जो लोग वहां जाते हैं वे वहां रहते हुए सकारात्मक, पवित्र या शांतिपूर्ण विचार पैदा करते हैं। कम से कम वे नकारात्मक या सांसारिक विचार रखने से बचते हैं। इसलिए, वास्तविक अर्थों में, यह मानवीय विचार हैं जो किसी स्थान के वातावरण या स्पंदन का निर्माण करते हैं। इसीलिए उन जगहों पर वातावरण में तनाव होता है जहां लोग तनावग्रस्त, क्रोधित, चिड़चिड़े या निराश होते हैं।

यह समझना चाहिए कि जब हम दूसरों के साथ बातचीत करते हैं, तो हम जो सूक्ष्म ऊर्जा विकीर्ण करते हैं, वह हमारे प्रति उनके व्यवहार पर सबसे अधिक प्रभाव डालती है। क्या आपने कभी सोचा है कि हमारे मीठे शब्द और मुस्कान किसी ऐसे व्यक्ति को समझाने में विफल क्यों होते हैं जिसके लिए हम भीतर से बहुत अच्छी भावनाएं नहीं रखते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि वे हमसे निकलने वाले नकारात्मक स्पंदनों को पकड़ रहे होते हैं, हमारे शब्दों को नहीं।

एक शांत व्यक्ति हमेशा अपने चारों ओर शांति की आभा रखता है। यह उन लोगों को भी प्रभावित करता है जिनकी उसके प्रति नकारात्मक भावनाएं हो सकती हैं। और यह प्रभाव सभी प्राणियों, यहां तक कि प्रकृति के तत्वों तक फैला हुआ है। यह पवित्र पुरुषों और महिलाओं की जीवन कहानियों में वर्णित है, कि कैसे मारने वाले उनके पास आने पर हृदय परिवर्तित हो गए थे, कैसे जंगली जानवर उनकी उपस्थिति में शांत हो गए; और कैसे प्रकृति-तत्व उनकी सहायता के लिए आए। इस प्रकार, एक व्यक्ति जिसने अपने मन और बुद्धि को शांत कर लिया है, वह हिंसक इरादों वाले लोगों को भी शांत कर सकता है। यहां क्रिया और प्रतिक्रिया के अहिंसक नियम या कर्म के नियम का उल्लेख करना आवश्यक है।

कभी-कभी, व्यक्ति द्वारा झेली गई हिंसा उसके कर्म खातों का परिणाम हो सकती है, चाहे वह वर्तमान जन्म की हो या पहले की। लेकिन ऐसी स्थिति में भी व्यक्ति की हिंसक प्रतिक्रिया उसके कर्म बंधन को ही बढ़ाएगी। यदि हम इस तथ्य को समझ लें और शांति से हिंसक स्थिति का सामना करें, तो हमारे कर्मों का बोझ जल्द ही समाप्त हो जाएगा और हिंसक स्थिति शांत हो जाएगी।

## आप की बात

### कानून का भय जरूरी

**औपनिवेशिक** काल में लागू किए गए राजद्रोह कानून का उद्देश्य पूर्ण होने से अब इसका जारी रखना किसी भी प्रकार से न्यायिक नहीं है। आश्चर्य होता है कि पूर्व और वर्तमान केंद्र सरकारों ने कई अनुपयोगी कानून समाप्त भी किए किंतु राजद्रोह कानून को अभी तक जारी रखना क्यों उचित समझा। स्वतंत्र भारत में अब राजद्रोह कानून पूर्णत: अनुपयोगी नहीं, किंतु विवादास्पद अवश्य हो गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार को निर्देश देते हुए सुनवाई भी की और विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगा दिए हैं। बेहतर हो कि केंद्र सरकार इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न न बनाए और अध्यादेश जारी कर तुरंत इस कानून को समाप्त करे तथा समय की आवश्यकतानुसार नवीनतम वैकल्पिक नया कानून पास करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि देशद्रोही और अराजक लोगों में कानून का भय भी बना रहे। यदि देशद्रोही लोगों में कानून का भय समाप्त हो गया तो यह स्थिति देश के लिए बिल्कुल उचित नहीं रहेगी। इसके साथ ही कानून लागू करने वाली एजेंसियों व अधीनस्थ न्यायपालिका को भी सुनिश्चित करना चाहिए कि कानूनों का दुरुपयोग न हो।

– **बी एल शर्मा,** उज्जैन

### नए कानून की संभावना

**श्री** किरेन रिजिजू, माननीय कानून और न्याय मंत्री का कल ट्वीट के माध्यम से गुस्सा देखने को मिला। वैसे यह संबोधित तो था राहुल गांधी को था मगर उनका असल निशाना था सर्वोच्च न्यायालय। जिसने यह व्यवस्था दी है कि जबतक केंद्र सरकार धारा 124 ए पर समीक्षा नहीं कर लेती तबतक इस अमानवीय प्रावधान को स्थगित रखा जायेगा। जबकि केंद्र सरकार नहीं चाहती थी कि इस प्रावधान को खत्म किया जाय। क्योंकि यही वो हथियार है जिससे तमाम सरकारें आज़ादी के बाद से आलोचना करने वालों के खिलाफतथा असंतोष व मुक्त अभिव्यक्ति को दबाने के लिए व उन्हें डराने के लिए करती आयी है। अतीत में भी इसका व्यापक इस्तेमाल हमने देखा। अंग्रेज़ अपनी सत्ता बचाने के लिए इसे प्रयोग कर रहे थे। ए हमारे वाले अपने सत्ता के खातिरए इस कानून को रखने के हक़ में हैं। हो सकता है कि सरकार ऐसा प्रस्ताव पेश कर दे जिससे अदालत भी सहमत हो जाये। वैसे इस कानून के अलावे भी सरकार के पास अनेक कठोर कानून हैं जिनके जरिये सरकार आलोचकों के माथे पर तलवार हमेशा लटकाये रख सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### ज्ञानवापी की असलियत

**इतिहास** में यह अंकित है कि 18 अप्रैल 1669 को औरंगजेब ने एक फरमान जारी कर काशी विश्वनाथ मंदिर ध्वस्त करने का आदेश दिया था। यह एशियाटिक लाइब्रेरी, कोलकाता में आज भी सुरक्षित है। औरंगजेब के दरबारी लेखक साकी मुस्तइद खां ने भी इस ध्वंस का वर्णन किया है। काशी विश्वनाथ मंदिर तोड़ने की भी उस समय व्यापक प्रतिक्रिया हुई थी। छत्रपति शिवाजी, पेशवा बाजीराव, महारानी अहिल्याबाई समेत हजारों लोगों ने इस संघर्ष में भाग लिया। हालांकि, बाद में मंदिर बना तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से विश्वनाथ कारीडोर को भव्य रूप भी दिया गया। लेकिन जब तक 18 अप्रैल 1669 से पहले की स्थिति स्पष्ट नहीं होगी तब तक ये संघर्ष चलता ही रहेगा। न्यायालय के आदेश से ज्ञानवापी की पूरी असलियत जनता के सामने आनी चाहिए। विडंबना है कि एक पक्ष इस काम में अड़ंगे डाल रहा है जो स्वयं उस समुदाय के दीर्घकालीन हित में भी नहीं है।उम्मीद करनी चाहिए कि जल्द ही सच्चाई सामने आएगी।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** के विरोधियों को भी मानना पड़ा है कि मोदी एक परिघटना हैं।
– **एम. वेंकैया नायडू**
उप-राष्ट्रपति



**समय** आ गया है कि सभी श्रीलंकाई आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट हों।
– **गोटाबाया राजपक्षे**
श्रीलंका के राष्ट्रपति



**अदालत** को सरकार व विधायिका का सम्मान करना चाहिए। इसी प्रकार सरकार को भी अदालत का सम्मान करना चाहिए।
– **किरन रिजिजू**
विधि मंत्री

# समाज को आईना दिखा गया नाटक 'चीफ की दावत'

## बच्चों के रूखेपन के कारण तड़पती मां की कहानी 'चीफ की दावत' का हुआ मंचन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अपनी** संतान द्वारा तिरस्कृत और मानसिक पीड़ा झेलने वाले बुजुर्गों की दयनीय दशा पर हिंदी के कई कहानीकारों ने अपनी लेखनी चलाई है। भीष्म साहनी की कहानी चीफ की दावत भी इसी कड़ी की एक संवेदनशील रचना है। आज के इस उपभोक्तावादी युग में अधिकाधिक धन, यश, आराम आदि ही जीवन का चरम लक्ष्य माना जाता है।

ऐसी हालत में पारिवारिक मूल्य खत्म होते जा रहे हैं और मां-बाप अपनी संतान द्वारा उपेक्षित हो जाते हैं। चीफ की दावत मौजूदा समाज का ही आईना है। ये कहना था हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन का। हरियाणा कला परिषद द्वारा मार्च से प्रारम्भ नाट्य मेला के अंतिम सप्ताह में कहानी मंचन चीफ की दावत के दौरान उन्होंने अपने विचार सांझा किए। न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत तथा भीष्म साहनी द्वारा लिखित कहानी चीफ की दावत का निर्देशन रंगकर्मी विकास शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद के अतिरिक्त निदेशक महाबीर गुड्डू, संस्कार भारती कुरुक्षेत्र की अध्यक्षा किरण गर्ग, शिवकुमार किरमच, नरेश गर्ग आदि उपस्थित रहे। नाटक में आधुनिकता के रंग में डूबकर अपने माता-पिता



नाटक में प्रस्तुति देते कलाकार।

का तिरस्कार करने वाले बच्चों के ऊपर करारा कटाक्ष किया गया। सूत्रधार के माध्यम से शुरू हुई नाटक की कहानी शामनाथ के इर्दगिर्द घूमती है, जहां अपने बॉस को खुश करने के लिए शामनाथ उन्हें घर पर दावत के लिए आमंत्रित करता है। लेकिन अपनी मां के अनपढ़ व गांव की होने के कारण उसे बॉस के सामने आने से मना कर देता है। मां दावत के लिए अपनी सहेली के घर जाने की बात करती है तो बेटा घर से बाहर जाने से मना कर देता है। बेटे के तिरस्कार और बहू की डांट के आगे मां कुछ नहीं बोल पाती। चीफ की दावत में मां की भूमिका में राजकुमारी शर्मा और बेटे शामनाथ की भूमिका में आश्रय शर्मा ने अपने अभिनय कौशल दिखाए।

सूत्रधार स्वयं नाटक निर्देशक विकास शर्मा रहे। वहीं शामनाथ की पत्नी निशा के किरदार में पारुल कौशिक, चीफ शुभम सहरावत, बॉस शायना जग्गा, नौकर जैकी शर्मा रहे। सहायक कलाकारों में बबनदीप, तुषार, चंचल शर्मा, पार्थ, सुग्रीव समीर महैरा रहे। संगीत आकाशदीप ने दिया तथा प्रकाश व्यवस्था मनीष डोगरा ने सम्भाली।

### बच्चों को यातायात नियमों की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद में सड़क सुरक्षा के तहत प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें 72 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान प्रिंसीपल डॉ. आरएस घुम्मन ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें छठवीं से अमनदीप व मुस्कान प्रथम, गीत द्वितीय तथा खुशप्रीत तृतीय रही, कक्षा सातवीं में मनकिरत प्रथम, कृष्णा द्वितीय तथा यमन तृतीय रहा, कक्षा आठवीं में सिमरतप्रीत प्रथम, वंशिका द्वितीय तथा संकेत तृतीय रहा, कक्षा नौवीं में मानसी प्रथम, जानवी द्वितीय तथा ममता तृतीय रहीं। कक्षा दसवीं से यशिका प्रथम तथा सोनिया द्वितीय रही। कक्षा बारहवीं में तनवी प्रथम रही। यह प्रतियोगिता प्रबन्धक मनोज भसीन की निगरानी में हुई।

## संक्षिप्त-समाचार

### सीटू के स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक



सीटू कार्यालय में मीटिंग के दौरान पदाधिकारी व सदस्य।

**सोनीपत।** सीटू जिला कमेटी की मीटिंग जिला प्रधान आनंद शर्मा की अध्यक्षता में सीटू कार्यालय सोनीपत में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन सचिव सुनीता ने किया। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि सभी यूनियनों के ब्लॉक स्तर के एवं जिला स्तर के सम्मेलन करते हुए जिला सीटू का सम्मेलन किया जाएगा। जिसमें ग्रामीण सफाई कर्मचारियों, शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन के ब्लॉकों के सम्मेलनों की डेट तय की गई है। जिसमें जिला के पदाधिकारी पहुंचकर सम्मेलन करवाएंगे। 30 मई को सीटू का 75वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। मीटिंग में आनंद शर्मा, सुनीता, सीमा, कविता, अनीता, सुदेश, पिंकी, रोशनी, अनीता, मुकेश ,राजेश आदि मुख्य रूप से शामिल हुए और लिए गए निर्णय को लागू करने के लिए योजना बनाई।

### लायंस क्लब व स्टेटवे आईलेट्स सेन्टर ने वितरित किया भोजन



लोगों को भोजन वितरित करती स्टेटवे आईलेट्स सेंटर की लड़कियां।

**कुरुक्षेत्र।** पुराने डाकखाने के नजदीक चल रही लाडवा रसोई में शुक्रवार को सेवा करने का जिम्मा शहर की लायंस क्लब व स्टेटवे आईलेट्स सेन्टर द्वारा निभाया गया। इसमें स्टेटवे आईलेट्स सेंटर में काम करने व पढ़ने वाली लड़कियों द्वारा लोगों को भोजन वितरित किया गया। लायंस क्लब के पदाधिकारी संजय गर्ग ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे लाडवा क्षेत्र में इसकी पूरी प्रशंसा की जा रही है और सबसे बड़ी बात यह है कि शनिवार से उनके द्वारा बाबैन में भी एक ऐसी ही मात्र पांच रुपये में प्रति व्यक्ति को भरपेट खाना खिलाने की बाबैन रसोई के नाम से रसोई शुरू की जा रही है। मौके पर हरीश छाबड़ा, नैन्सी सैनी, दीक्षा सलूजा, कमलजीत कौर, कुलविन्द्र कौर, सोनिया सैनी, नीरू ढींगड़ा आदि मौजूद थे।

### किडजी स्कूल में बच्चों ने की पूल पार्टी



किडजी स्कूल में पूल पार्टी करते बच्चे।

**कुरुक्षेत्र।** किड्जी स्कूल के प्रांगण में नर्सरी, जुनियर केजी, सीनियर केजी के बच्चों ने पूल पार्टी का लुत्फ उठाया। पानी प्रकृति की अद्भुत देन है तथा इसका स्वभाव भी शीतल है जब हम इसके संपर्क में आते हैं, तो यह सृष्टि खिल उठती है। इसके बिना जीवन असंभव है। बच्चों ने पूल पार्टी में स्विमिंग कॉस्टयूम पहनकर नहाते हुए गानों की धुन पर खूब मस्ती की और गेंदों के साथ खेलने का मजा लिया। सीनियर केजी के बच्चों ने रेनी डांस किया। समूह के साथ नहाते हुए बच्चों ने अपनी खुशी का इजहार इस तरह से किया जैसे सारी नटखट शरारते आज किड्जी स्कूल के प्रांगण में विराजमान हो गई है। आयोजन में कोआर्डिनेटर आयशा और सभी अध्यापिकाएं मोनिका, ज्योति, श्वेता, पूजा, प्रभजोत, दीपा, सुरभि, शिप्रा, रजनी, निशा, शशी आदि मौजूद रहे। निर्देशक परमिंदर सिंह ने कहा कि हमें पानी जैसी बहुमूल्य धरोहर का होशपूर्वक प्रयोग करना चाहिए और इसे व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए। इसी के साथ बच्चों को पूल में अपनाई जाने वाली सुरक्षा नियमों के बारे में बताया गया और बच्चों ने उन्हें माना। भविष्य में टीचर्स द्वारा सिखाई बातों पर ध्यान देने का वायदा किया।

### भाजपा देश को अराजकता की ओर धकेल रही : बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि आज भारत वर्ष में महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक असंतुलन, आस्थाओं से छेड़छाड़, रुपये का गिरना ये सब देश में अराजकता के कारण बन रहे हैं। भाजपा अपनी नाकामी को छुपाने के लिए आमजन को इस ओर धकेल रही है। बवेजा ने कहा कि उदयपुर में कांग्रेस पार्टी का चिंतन शिविर इसी बात को लेकर दिग्गज नेताओं के बीच में हो रहा है। भारतवासियों को कैसे इस नाकाम सरकार से निजात दिया जाए और जनता को एक भाईचारा माहौल दिया जाए। बवेजा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण ही आज महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है। प्रदेश में आज हर तीसरा व्यक्ति बेरोजगार होने से महंगाई के इस दौर में लोगों को रोजी-रोटी के भी लाले पड़ गए है।

# 10 हजार एकड़ में सीधी धान बिजाई का लक्ष्य, अधिकारी करेंगे जागरूक

## बीते साल जिले में 4250 एकड़ में डीएसआर विधि से हुई थी धान की बुआई

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**नई-नई** तकनीक और अनुसंधान से खेती के तौर-तरीके बदल रहे हैं। परम्परागत खेती की बजाए वैज्ञानिक तरीके से खेती पर जोर दिया जा रहा है, ताकि पर्यावरण संरक्षण और पानी की बचत की जा सके, यह समय की मांग भी है।

इसी को देखते अब कृषि एवं किसान कल्याण विभाग धान की सीधी बिजाई करने के लिए किसानों को जागरूक करने में लगा है, इसे डीएसआर विधि कहा गया है। करनाल जिला में इस सीजन में 10 हजार एकड़ में धान की सीधी बिजाई करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अधिकतर प्रगतिशील किसान ही कवर होंगे। बीते वर्ष जिला में 4250 एकड़ में डीएसआर विधि से धान की बुआई की गई थी।

शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में इस महत्वपूर्ण विषय पर कृषि विभाग की ओर से किस रणनीति पर काम किया जा रहा है, इसे लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने उप कृषि निदेशक डॉ. आदित्य डबास के साथ विस्तार से चर्चा की। बैठक में उपायुक्त ने उक्त सभी उच्च अधिकारियों तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को जल संरक्षण के लिए खेती के परम्परागत तरीकों को छोड़कर नई तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि भूमिगत जल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। किसानों की जागरूकता के लिए अपने-अपने क्षेत्र के बड़े-बड़े गांवों में कार्यक्रम आयोजित करके जिन प्रगतिशील किसानों ने धान की सीधी बिजाई को अपनाया है, उनके अनुभव अन्य किसानों के साथ सांझा करवाएं ताकि इस नई तकनीक को अपनाने के बारे में अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिल सके।




अधिकारियों के साथ मीटिंग करते डीसी अनीश यादव, साथ में उप कृषि निदेशक डॉ. आदित्य डबासो।

### प्रति एकड़ किसान को मिलेंगे चार हजार रुपये

उप कृषि निदेशक डॉ. आदित्य डबास ने डीएसआर पर जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष सरकार की ओर से डीएसआर विधि से धान की बिजाई करने पर केवल ढाई एकड़ तक की बिजाई करने पर ही संबंधित किसान को 5 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से सब्सिडी दी जाती थी। लेकिन इस वर्ष सरकार द्वारा इसे ओपन कर दिया गया है यानि किसान जितना चाहे उतने एकड़ भूमि पर सीधी बिजाई कर सकता है और उसे प्रति एकड़ चार हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी।

### किसान का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

**डॉ. डबास** ने बताया कि प्रत्येक किसान को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी है। धान की सीधी बिजाई का कार्य 20 मई से शुरू किया जा सकता है। इस विधि को अपनाने से कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार किसान का 40 प्रतिशत तक खर्चा कम होता है और 30 से 35 प्रतिशत पानी की लागत भी कम होती है तथा लेबर की परेशानी से भी बचा जा सकता है। जबकि परम्परागत धान की रोपाई व प्रति किलोग्राम धान के उत्पादन पर 3 से 4 हजार लीटर पानी की खपत होती है। उन्होंने यह भी बताया कि डीएसआर की मशीन को 50 प्रतिशत अनुदान राशि पर किसानों को सरकार की ओर से उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# भाकियू ने मांगों को लेकर किया डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन



लघु सचिवालय परिसर में किसानों को संबोधित करते अभिमन्यू कोहाड।

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत

**भारतीय** किसान नौजवान यूनियन के बैनर तले आज जिले भर के किसान शहर की छोटूराम धर्मशाला में एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को ज्ञापन सौंपा।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड ने बताया कि आज जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देकर किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें उन्होंने बताया कि पहली मांग है कि इस बार गेहूं की पैदावार कम हुई है तो सरकार की ओर से प्रत्येक किसान को 500 रुपये प्रति क्विंटल मुआवजा दिया जाए। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग द्वारा किसानों के बिजली बिलों में कुछ अन्य भत्ते जोड़कर अधिक बिल दिया गया है। इसके बारे में जब किसानों ने मांग उठाई तो किसानों पर मुकदमे दर्ज किए गए।

### सरकार गेहूं की कम पैदावार पर किसानों को पांच सौ रुपये प्रति क्विंटल मुआवजा दे

हमारी मांग है कि बिलों को तुरंत माफ किया जाए और किसानों पर जो मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उन्हें वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी अगली और मुख्य मांग है कि पिछले कई वर्षों से फौज की भर्ती बंद की हुई है, जिसे तुरंत शुरू किया जाए।

# संदीप गर्ग ने सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी किए सम्मानित



अनाजमंडी धर्मशाला में संस्थाओं के पदाधिकारियों को संबोधित करते समाजसेवी।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**लाडवा** अनाजमंडी धर्मशाला में स्टालवार्ट फाऊंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि एक अप्रैल से जो लाडवा रसोई शुरू की गई थी, उसमें शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन बखूबी ड्यूटी निभाई जा रही है। प्रतिदिन एक संस्था द्वारा रसोई का जो जिम्मा लेने की बात संस्थाओं द्वारा कही गई थी, वह सभी संस्थाएं अपनी-अपनी बारी के अनुसार निभा रही हैं। जोकि स्वयं में बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि लाडवा शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं का यह एहसान कभी नहीं भूल पाएंगे। मौके पर अवतार सेखों, अश्वनी जैन, राकेश खुराना, विकास सिंघल, सुरेन्द्र सिंगला, महेश गर्ग, कमल किशोर, ओमप्रकाश मल्होत्रा, शिव गुप्ता, देशराज मंगला, अरविंद सिंघल, सुमित गर्ग, रिंकू अरोड़ा, सुमित गर्ग, रवि गिरधर, विशाल मित्तल, शुभम धीमान, सुमित गोयल, रवि कश्यप, विजय ढींगड़ा, सतपाल धीमान, उमेश बंसल, संदीप गोयल सहि अनेकक पदाधिकारी मौजूद थे।

### लाडवा रसोई को एक महीना होने पर किया प्रोत्साहित

लाडवा अनाजमंडी धर्मशाला में शहर की रोटरी क्लब, पंजाबी सभा, लक्ष्मण यति रामलीला क्लब, वामन द्वादशी मेला समिति, ब्राह्मण सभा, माता शाकुम्भरी देवी मंदिर समिति, अग्रवाल सभा, सरस्वती सत्संग सभा, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, वरिष्ठ नागरिक क्लब, यूथ होस्टल एसोसिएशन, श्रीकृष्ण गौशाला, युवा सदाचार संगठन, महावीर सेवा समिति, विश्वकर्मा मंदिर सभा, भारत विकास परिषद, संत निरंकारी मंडल सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी ने समारोह में भाग लिया।

## स्वामी ज्ञानानंद ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द अपने अनुयायियों के साथ मां भद्रकाली जी का पूजन अर्चन करने के लिए मां भद्रकाली शक्तिपीठ पहुंचे। वे पिछले कई वर्षों से अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मां भद्रकाली जी का आशीर्वाद लेने आते हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने यहां आकर अपनी श्रद्धा व आस्था से पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया था। उन्होंने मां की सेवा में रजत-अश्वों का जौड़ा पुष्पांजलि के साथ अर्पित किया और धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र का विश्व में और अधिक मान-सम्मान बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात हो रहा है। सम्पूर्ण मानवता का बहुमूल्य अमृत भगवान श्रीकृष्ण के मुरवारविन्द से गीता के रूप में कुरुक्षेत्र में प्रकट हुआ। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने मां की लाल चुनरी व पुष्पमाला से स्वामी ज्ञानानंद का भव्य स्वागत किया।

# शिविर में 51 युवाओं ने किया रक्तदान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**सर्व** समाज कल्याण सेवा समिति ब्लॉक पिहोवा व संत इशर सिंह जनरल व मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पिहोवा के संयुक्त तत्वावधान में 190वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य चेकअप कैंप भी लगाया गया। शिविर में पिहोवा के डीएसपी गुरमेल सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और वशिष्ट अतिथि के तौर पर वाईएआई के प्रधान अजय गुर्जर व डॉ. मंदीप सिंह मौजूद रहे।

अध्यक्षता समिति के पिहोवा हलका के प्रधान जसबीर सिंह ने की। अतिथियों का शिविर में पधारने पर समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी व संरक्षक नरेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल गोलन, पिहोवा हलका के कोषाध्यक्ष रविंद्र, उप प्रधान बलराम, सचिव मामराज, मीडिया प्रभारी सतीश नीमवाला ने बुके देकर स्वागत किया।



रक्तदाता को सम्मानित करते मुख्यातिथि डीएसपी गुरमेल सिंह।

शिविर में संत इशर सिंह अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनप्रीत सिंह, फिजीशियन डॉ विजय, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता, फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर सुशांत, फिजीशियन डॉक्टर सुखविंदर, पैरामेडिकल स्टाफ से सीमा, परमजीत, निशा, दीपा व गुरप्रीत ने 130 मरीजों का चेकअप कर उन्हें दवाइया वितरित की।

मुख्य अतिथि डीएसपी गुरमेल सिंह ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। डीएसपी गुरमेल सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं किया जा सकता। वाईएआई के प्रधान अजय गुर्जर ने रक्तदाताओं से कहा कि आपका रक्तदान किसी का भी जीवन जरुर बचा सकता है।

शिव इंसा, विकास नीमवाला, आर्य संजीव टिकरी, राहुल, मनोज, संदीप शर्मा, राजपाल इशाक, विकी नागपाल, पंजाब, विक्की, मनदीप, संदीप, रोनी, टोनी, राजेश कश्यप, अमन, सेंटी, रवि, प्रदीप शर्मा, कुलदीप सहित 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# न्यूरोलॉजिकल से पीड़ित का फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद में हुआ सफल उपचार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फोर्टिस** एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, फरीदाबाद के डॉक्टरों ने एक्यूट ट्रांसवर्स मेलाइटिस जैसी अत्यंत दुर्लभ बीमारी से पीड़ित 36 वर्षीय पुरुष का उपचार सफलतापूर्वक किया। अस्पताल में भर्ती होने के समय मरीज को तीन दिनों से शरीर के निचले हिस्सों में दोनों तरफ अत्यधिक कमजोरी महसूस हो रही थी और एक दिन के भीतर ही उनकी हालत इतनी खराब हो गई कि वह बिना मदद के खड़े होने या बैठने में भी दिक्कत महसूस करने लगे। अस्पताल आने से एक दिन पहले मरीज को पेशाब होनी बंद हो गई थी और समय के साथ-साथ अस्पताल में भर्ती होने तक वह पूरी तरह बिस्तर पर आ गए। क्लिनिकल लक्षणों और तेजी से बिगड़ती हालत के आधार पर की गई शुरुआती जांचों से यह पक्का हो गया कि यह एक्यूट ट्रांसवर्स मेलाइटिस का मामला है। इस स्थिति में आसपास के स्पाइनल कॉर्ड के हिस्सों में ग्रे और व्हाइट मैटर के बहुत ज़्यादा जलन की समस्या होती है जो आमतौर पर सीने में महसूस होती है। अगर समय से इस बीमारी का पता न चले या इसका उपचार न किया जाए तो इसकी वजह से सेहत से जुड़ी अन्य समस्याएं हो सकती हैं।

### कई रेडियोलॉजिकल जांचों से लग सका बीमारी का पता

डॉ. कुनाल बहरानी, डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, फरीदाबाद के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने तत्काल ही अपने प्रयास शुरू किए और मरीज को आईसीयू में भर्ती किया गया। बीमारी की गंभीरता का पता लगाने के लिए मस्तिष्क की एमआरआई और पूरी स्पाइन की एमआरआई जैसी कई रेडियोलॉजिकल जांचें की गई। एमआरआई से पता चला कि स्पाइनल कॉर्ड के विभिन्न हिस्सों में सूजन है और मस्तिष्क में सूजन के कुछ पैच हैं।

## प्रतिबंधित मादक पदार्थ सहित एक आरोपी किया गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की स्पेशन यूनिट असंध की टीम द्वारा एक आरोपी को प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एएसआई कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम हेतु बस अड्डा गांव डाचर पर मौजूद थी। उसी समय टीम को सूचना प्राप्त हुई कि सुखा सिंह वासी डेरा रणजीत नगर गोन्दर जिला करनाल अफीम बेचने का काम करता है और इस समय डेरा के पास बरसिम के खेत में बैठकर अफीम बेच रहा है। मौका पर से सुखा सिंह वासी डेरा रणजीत नगर गोन्दर जिला करनाल को काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से एक पोलोथीन में से 234 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की आगामी तफ्तीश उप निरीक्षक रणबीर सिंह स्पेशल यूनिट असंध को सौंपी गई।

# हैश टैग आयुर्वेद फॉर हेल्दी पीरियड्स अभियान शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गायनोवेदा,** जोकि भारतीय महिलाओं को मासिक धर्म और प्रजनन संबंधी सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए, दुनिया का पहला आयुर्वेदिक फेमटेक ब्रांड है, जिसने प्रतिष्ठित अभिनेत्री तापसी पन्नू को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। इस गठबंधन के अंतर्गत गायनोवेदा ने हैश टैग आयुर्वेद फॉर हेल्दी पीरियड्स अभियान शुरू किया है।

यह डिजिटल-फर्स्ट कंपनी भारत में 80 मिलियन और विश्व भर में 800 मिलियन से अधिक महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली, महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी विविध समस्याओं जैसे कि पीसीओएस, पीसीओडी, पीरियड की अनियमितताएं, योनि से स्राव और बांझपन से संबंधित समस्याओं के लिए 20,000 से अधिक पिनकोड स्थानों पर आसान सुलभ, किफायती आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराती है। एक ब्रांड के रूप में गायनोवेदा महिलाओं को सदैव उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा उनके अंतरंग स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर बेहिचक बात करने के लिए प्रेरित करता है ताकि इन मुद्दों को स्थायी रोगों में बदलने से रोका जा सके। इस डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) ब्रांड को, क्लीनिक में



अनुसंधानित दुर्लभ जड़ी-बूटियों से बनी इनकी बेहद कारगर, आयुर्वेदिक प्रोप्राइटरी दवाओं के लिए ग्राहकों का भरपूर प्यार और सराहना मिली है, ऐसे में गायनोवेदा ने एकदम सही समय पर तापसी पन्नू से साझेदारी की है जिन्होंने खासतौर से महिलाओं के स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित करने वाले, गहरे सामाजिक बदलावों की सक्रियता से अगुवाई की है।

इस अभिनेत्री से ब्रांड के गठबंधन के बारे में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विशाल गुप्ता, संस्थापक और सीईओ, गायनोवेदा ने कहा कि मासिक धर्म संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु आयुर्वेद को दुनिया भर में महिलाओं की पहली पसंद बनाना, हमारा ध्येय है। गायनोवेदा आयुर्वेद, तकनीक, कंटेंट और कम्युनिटी का तालमेल है, जो किशोरावस्था से लेकर मेनोपॉज तक महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल को आसान, सुलभ और किफायती बनाता है।

तापसी, महिला सशक्तिकरण की प्रतीक हैं, और उन्होंने सदैव ही यथास्थिति को चुनौती दी है। उनका नरिया, हमारे निर्धारित मिशन के अनुरूप है और इस सहयोग के माध्यम से हम महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में बड़े बदलाव हासिल करने की उम्मीद करते हैं।

## प्रेरणा



पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जिसका हाथ पकड़ लो उसे छडना मत,
जिससे प्यार किया उससे लड़ना मत,
वो जीतेगा तो जीत जाओगे तुम भी,
जरा जरा सी बातों पर अड़ना मत।

# रेशनेलाइजेशन से पूरी होगी हरियाणा के स्कूलों में अध्यापकों की कमी

## एक साल में होगी तीस हजार अध्यापकों की भर्ती

### विश्वविद्यालयों का आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना जरूरी

### नए अध्यापकों की भर्ती का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया गया

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने स्वीकार किया है कि प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। इस कमी को पूरा किया जा रहा है। जब तक प्रदेश में स्थाई भर्तियां नहीं होती तब तक रेशनलाइजेशन के माध्यम से अध्यापक-विद्यार्थी अनुपात में सुधार किया जाएगा।

शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रेशनाइलेशन के अधिकारियों जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। जहां अध्यापकों की संख्या कम या अधिक है उसमें सुधार किया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 34 हजार अध्यापकों की कमी है। अगले एक साल के भीतर इस कमी को पूरा कर लिया जाएगा। नए अध्यापकों की भर्ती का प्रस्ताव तैयार करके वित्त विभाग को भेज दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने प्रदेश के स्कूलों में किताबों की आपूर्ति को लेकर जल रहे विवाद पर विराम लगाते हुए कहा कि पहली से तीसरी कक्षा तक पुस्तकें पहुंच चुकी हैं। चौथी से आठवीं तक की किताबों के लिए सरकार द्वारा प्रकाशकों के साथ बैठक बुलाई गई है। जून माह में चौथी से आठवीं कक्षा तक की पुस्तकों के चयन को अंतिम रूप दे दिया जाएगा और जुलाई माह में पुस्तकें विद्यार्थियों के पास होंगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि अब तक तीन लाख सात हजार विद्यार्थियों को टैब दिए जा चुके हैं। अगर जरूरत पड़ेगी और टैब लिए जाएंगे। स्कूलों में छुट्टियों से पहले-पहले सभी पांच लाख बच्चों को टैब दे दिए जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि दसवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए छुट्टियों में भी ऑनलाइन कक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी भी शुरू हो चुकी है।

हरियाणा में विश्वविद्यालयों के अनुदान को लेकर छिड़े विवाद को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने विवि की ग्रांट बंद नहीं की है। अनुदान राशि जारी की जा चुकी है। इसके बावजूद सरकार चाहती है कि भविष्य में विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें।

विश्वविद्यालयों की स्वायत्ता को हर सूरत में बरकरार रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर स्तर पर होने वाली भर्तियों को भले ही एचपीएससी के माध्यम से करवाया जाएगा लेकिन आतंरिक फैसले विश्वविद्यालय स्तर पर ही होंगे।

### कल यमुनानगर में होगी प्रगति रैली



**हरियाणा** के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने बताया कि 15 मई को यमुनानगर में प्रगति रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस रैली में यमुनानगर के लिए कई विकास परियोजनाओं का ऐलान करेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक यमुनानगर जिले में चार हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं को लागू किया जा चुका है। अब यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा विकास के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय मानकों को दिमाग में रखकर तैयार हुआ शाहबाद हॉकी स्टेडियम : संदीप



### खेलो इंडिया यूथ गेम्स की पुरुष लीग मैचों की श्रृंखला होगी शाहबाद हॉकी स्टेडियम में

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए शाहबाद हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों को दिमाग में रख कर तैयार किया गया है। इस हॉकी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए करीब 15 करोड़ रुपये का बजट राज्य सरकार की तरफ से खर्च किया जा रहा है।

इस बजट में से 9 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से रात्रि मैचों के लिए फ्लड लाइट लगाने के आदेश जारी किए गए है। इस कार्य को करने का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है और इस विभाग को 4 करोड़ रुपए की राशि भी जमा करवा दी गई है। खेल मंत्री संदीप सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विशेष प्रयासों से खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी करने का एक सुनहरी अवसर हरियाणा प्रदेश को दिया गया है। इन गेम्स का आयोजन 4 से 13 जून तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में किया जा रहा है। इनमें से कुरुक्षेत्र जिले के शाहबाद उपमंडल को भी पुरुष हॉकी लीग मैचों को आयोजित करवाने के लिए मेजबानी करने का अवसर मिला है।

इन गेम्स के आयोजन के चलते हरियाणा के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के शाहबाद हॉकी एस्ट्रोटर्फ में खेल इन्फ्राट्रेक्चर को अंतरराष्ट्रीय मानकों को जहन में रखकर तैयार किया गया है। इस खेल स्टेडियम में 3 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से चेंजिंग रुम, हॉस्टल, शौचालयों का निर्माण किया गया है। इसमें 14 कमरे तैयार किए गए हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### किसानों के हितों में काम कर रही मोदी सरकार : ग्रेवाल



भाजपा नेता का स्वागत करते हुए बीजेपी कार्यकर्ता।

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव एवं जम्मू कश्मीर में लद्दाख के प्रभारी सुखमिंदर पाल सिंह ग्रेवाल ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के हितों के लिए काम कर रही है। किसानों की आय कैसे दोगुनी हो इसके लिए कई परियोजनाएं लागू की गई है। जिसको जमीनी स्तर पर अमल में लाया जा रहा है। कृषि कानून भी किसानों के फायदे के लिए लागू किए गए थे लेकिन इसका विरोध होने पर सरकार ने इसे वापस लेने का फैसला किया ताकि किसानों को पहले इसके बारे में बताया जा सके उसके बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जाए। यह भी मोदी सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। इससे पहले उनका अंबाला से लेकर करनाल तक जीटी रोड तक कई जगह स्वागत किया गया। अंबाला में गृह मंत्री अनिल विज व कुरुक्षेत्र में सांसद नायब सैनी ने उनका अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी के उत्तर भारत के चेयरमैन शुभम चौधरी वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल चौधरी और युवा नेता गौरव बेदी खासकर मौजूद रहे। किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा है अब तक जितनी भी सरकारें आई किसी ने भी किसानों या आमजन के लिए कोई भी निर्णायक सोच नहीं रखी। इस अवसर पर युवा नेता मनिंदर ग्रेवाल, अखिल अग्रवाल, इंद्रजीत पोपली क्षेत्र से आनंद विज, कुलदीप विज, प्रेम सिंह सैनी, मलूक सिंह, अनिल शर्मा, प्रदुमन कौशिक, महेश चौधरी, बालकृष्ण शामगढ़, आर्यन चौधरी व रमनदीप चहल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निगम ने खरीदी एक अतिरिक्त नई ट्रीमिंग मशीन



**करनाल।** सड़कों व पार्कों में खड़े पेड़ों की लटकती टहनियों को काटने के लिए नगर निगम ने 18.55 लाख रुपये की एक नई व अतिरिक्त ट्रीमिंग मशीन खरीद ली है। निगम में इस तरह की अब दो मशीने हो गई हैं। नगर निगम आयुक्तनरेश नरवाल ने बताया कि सड़कों पर खड़े पेड़ों से लटकती टहनियां यातायात को अवरूद्ध करती हैं, जिसकी ट्रीमिंग मशीन से छंटाई की जाती है। पार्कों में भी इससे काम लिया जाता है। लेकिन निगम के पास पहले एक मशीन थी, पार्षदों की मांग को देखते एक ओर खरीद ली गई है। इसके लिए पोर्टल पर एक ड्राईवर व दो हैल्पर की डिमांड भी कर ली है। उन्होंने बताया कि अब दोनों मशीनों को 10-10 वार्ड दे देंगे, जो मांग के शेड्यूल के हिसाब से अपना काम करेंगी। काम का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा, नियमित लॉगबुक भरी जाएगी। पेड़ों की टहनियां काटने का काम पहले से ज्यादा होगा, शिकायतें नहीं आएंगी। उन्होंने बताया कि नई ट्री ट्रीमिंग मशीन की अभी रोडवेज के मकैनिक से इंस्पैक्शन करवाएंगे, इसके बाद इसे काम पर लगाएंगे।

### बाइक पर चोरी करने आए तीन चोरों में से एक गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** शुक्रवार तड़के चोरी की वारदात को अंजाम देने आए तीन युवकों में से एक को मौके पर दबोच लिया गया, जबकि उसके 2 साथी फरार होने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार तड़के जगदीश पार्क के पास एस.के मेडिकल हॉल के ताले तोड़ कर चोर अंदर घुसने की तैयारी में थे, तभी साथ लगती कोठी निवासी मलकिंद्र सिंह आहट सुन कर बाहर निकले और उन्होंने चोरों को वारदात को अंजाम देता देख मेडिकल हॉल के मालिक को फोन किया। एसके मेडिकल हॉल मालिक कपिल अरोड़ा तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखते ही चोर फरार होने लगे, जिसमे से एक चोर और उनकी मोटरसाईकिल को कपिल और मलकिंद्र सिंह ने पकड़ लिया, जबकि उसके 2 और साथी फरार हो गए। उन्होंने डायल 112 पर फोन किया गया। डायल 112 पुलिस के आने पर चोर और मोटरसाईकिल को उनके हवाले कर दिया।

### जीवीएम में विशेषज्ञों ने छात्रों को दीं अहम जानकारियां



फंडामेंटल्स कार्यक्रम के बाद कॉलेज प्राचार्य के साथ प्रतिभागी।

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में फिजिक्स विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को फंडामेंटल्स ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स एंड एप्लिकेशन्स विषय पर एक्सटेंशन लैक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप सिंह ने छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने बधाई देते हुए छात्राओं को पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। व्याख्यान का शुभारंभ मुख्य वक्ता डीसीआरयूएसटी मुरथल के डा. प्रदीप सिंह व जीवीएम की फिजिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता अरोड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ. सुनीता अरोड़ा ने विस्तार से व्याख्यान के विषय की जानकारी देते हुए विषय विशेषज्ञ से भी अवगत करवाया। मुख्य वक्ता डा. प्रदीप सिंह ने फंडामेंटल्स ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स एंड एप्लिकेशन्स विषय महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस क्षेत्र में हो रहे नित नये विकास की भी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संबंधित क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र रोजगार के अपार अवसर प्रदान कर रहा है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को उठाना चाहिए। एक्सटेंशन लैक्चर में बीएससी की छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विशेष रूप से डॉ. सुनीता अरोड़ा सहित पुनीता बतरा, डॉ. संगीता सिंह, कीर्ति, ज्योत्सना, संध्या मलिक, डॉ. रश्मि जावा, डॉ. अनीता सैनी, सुमन आदि उपस्थित रहीं।

# इतिहास को शुगरकोटिड नहीं बना सकते, सभी बातें सामने आनी जरूरी

### स्कूल बोर्ड की पाठ्य पुस्तकों पर छिड़े विवाद पर बोले हरियाणा के शिक्षा मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में स्कूल बोर्ड की पाठय पुस्तकों को लेकर छिड़े विवाद के बीच शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा है कि इतिहास को शुगर कोटिड नहीं बनाया जा सकता है। इतिहास से जुड़ी हर तरह की बात सबके सामने आनी चाहिए।

शिक्षा मंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वीर सावरकर के बारे में पहले भी पढ़ाया जा रहा था। आजादी की लड़ाई में वीर सावरकर का संघर्ष बेमिसाल है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी, भगत सिंह, सरदार पटेल आदि नेताओं की विचारधारा अलग-अलग थी।आजादी के आंदोलन में हुई घटनाओं का श्रेय कांग्रेस लेती रही है। वहीं कुछ गलतियां भी हुई हैं। शिक्षा मंत्री ने आर के नेहरू की पत्नी राजन नेहरू की किताब का हवाला देते हुए विभाजन को स्वीकार करना ऐतिहासिक घटना थी। इसके लिए उस समय के शासको को ही जिम्मेदार माना जाएगा। एक सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा में चल रहे मदरसों में 15 अगस्त मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय गान को लेकर जानकारी एकत्र की जा रही है। राष्ट्रीय गान को गाने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय गान का सम्मान करना हर भारतीय की जिम्मेदारी है।

# उदयन शालिनी फैलोशिप ने विश्व नर्स दिवस पर कार्यशाला की आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फैलोशिप ने विश्व नर्स दिवस के अवसर पर कार्यशाला आयोजित की। जिसमें 60 से अधिक शालिनियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता उदयन शालिनी फैलोशिप की संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा रहीं।

उन्होंने नर्स दिवस की विशेषता बताते हुए कहा कि 12 मई को फेलोरिंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था। उन्हें मार्डन नर्सिंग का संस्थापक माना जाता है और उनके जन्मदिन को इंटरनेशनल नर्सेस डे के रूप में मनाया जाने लगा। शालिनी फेलोशिप की शालिनी सिमरन बैच-12 जोकि बीएससी नर्सिंग कर रही है, उसने सभी शालिनी के साथ अपना अनुभव साझा किया तथा नर्स दिवस का महत्व बताया कि हमें ये दिवस क्यों मानना चाहिए।

# गुरुद्वारा साहिब में किया कमरों का उद्घाटन

### गुरुबाणी से जुड़कर जीवन को सार्थक बनाएं संगत : हरजिंदर सिंह धामी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में कमरों का उद्घाटन करते बाबा सुबेग सिंह कार सेवा वाले, एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी, रघुजीत सिंह विर्क व मैंबर साहिबान।

**शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी एडवोकेट ने कहा कि हम सब को गुरबाणी से जुड़ना चाहिए। यही नहीं, हमें अपने बच्चों को भी गुरबाणी से जुड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

वे धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा सातवीं पातशाही में नवनिर्मित कमरों का उद्घाटन करने से पहले संगत से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उनके साथ बाबा सुबेग सिंह कार सेवा वाले, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क, एसजीपीसी मैंबर जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, जत्थेदार बलदेव सिंह खालसा, जत्थेदार बलदेव सिंह कैमपुर, धर्म प्रचार कमेटी मैंबर तजिंदरपाल सिंह लाडवा, सिमरजीत सिंह कंग, प्रभारी परमजीत सिंह दुनियामाजरा, सिख मिशन हरियाणा ज्ञानी मंगप्रीत सिंह, सहायक प्रभारी जसबीर सिंह लौंगोवाल भी मौजूद रहे। इस दौरान एसजीपीसी प्रधान ने बाबा सुबेग सिंह कार सेवा वालो को सिरोपा व श्रीसाहिब भेंट कर उनका आभार भी जताया।

इसके उपरांत शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क, बाबा सुबेग सिंह कार सेवा वालो व अन्य एसजीपीसी मैंबर साहिबान ने कमरों का उद्घाटन किया।

# एड्स एवं टीबी रोग के बारे किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र
शाहाबाद



बच्चों के साथ मौजूद प्रिंसिपल राजेन्द्र खुब्बड़।

**विद्यालय** शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार डिवाइन पब्लिक स्कूल शाहाबाद द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को एचआईवी एडस एवं टीबी (क्षय) रोग के बारे जागरूक करना था।

इस दौरान रोजाना बच्चों एवं विज्ञान संकाय के अध्यापको द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभा में स्कूल की हैल्थ नोडल आफिसर शैलजा तथा छात्रा आरूषी और रसमिता द्वारा बच्चों को जागरूकता भाषण दिए गए और मुख्य बिमारियों से बचने के उपाय बताए गए। रिबन दिखा कर बताया गया कि ये रिबन एचआईवी से पीड़ित लोगों के समर्थन में पहना जाता है। साईस की टीचर ममतेश द्वारा कक्षा आठवी के बच्चों से संगोष्ठी का आयोजन करवाया गया।

हस्ताक्षर अभियान द्वारा बच्चों को समाज में एड्स बारे जागरूकता फैलाने हेतु संगठित किया गया। सभी बच्चों को 30 मिंट का एक जागरूकता वृत्तचित्र भी दिखाया गया। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक डॉ गुरदीप सिंह हेर ने बच्चों को कहा कि एक स्वस्थ शरीर ही समाज का सही उत्थान कर सकता है।

इसलिए जितना भी हो हमें हरी सब्जियां, फल आदि का सेवन कर जंक फूड खाने से बचना चाहिए। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल राजेन्द्र खुब्बड़, उप-प्राचार्य मनीष मलिक और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# मिनिस्ट्रियल स्टाफ के सदस्यों ने सीएमओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

### ज्ञापन उपसिविल सर्जन के जरिए महानिदेशक को भेजा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



सीएमओ कार्यालय के बाहर रोष प्रदर्शन करते एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य।

**स्वास्थ्य** विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शुक्रवार को सोनीपत में कार्यरत तमाम मिनिस्ट्रियल स्टाफ के सदस्यों ने सीएमओ सोनीपत कार्यालय के समक्ष दो घंटे का रोष प्रदर्शन किया।

मिनिस्ट्रियल स्टाफ के सदस्यों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन उप सिविल सर्जन सीताराम के माध्यम से महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला को भेजा गया। जिसमें हरियाणा हैल्थ मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन ने महानिदेशक पंचकूला के नाम 10 मांगें भेजी है, जो एक भी पूरी नहीं हुई है। जिसको लेकर सभी कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। सीएमओ कार्यालय के समक्ष धरने का सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उपप्रधान शीलकराम मलिक, अधीक्षक सुभाष, जिला प्रधान अजमेर राणा, कपिल राणा, अमित, सनी, जगफूल आदि ने अपने विचार रखे। कर्मचारी संघ के उपप्रधान शीलकराम मलिक ने उनकी मांगों का समर्थन किया। अपनी बात रखते हुए आव्हान किया कि आने वाली 19 मई को डीजी हेल्थ पंचकूला कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा उनकी मांगों का समर्थन करेगा।

# व्यापारियों को कोई समस्या नहीं आने दूंगा : कृष्ण लाल

**करनाल।** नेहरू पैलेस मार्केट एसोसिएशन ने हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भारत भूषण कपूर व नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा का फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। नेहरू प्लेस मार्केट एसोसिएशन के चेयरमैन कैलाश गुप्ता व महासचिव रवि चांदना ने बताया कि कृष्ण लाल तनेजा करीब 27 से लगातार सर्व समिति से नेहरू प्लेस मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने जाते हैं और मार्केट में कोई भी समस्या आने पर सबसे पहले मौके पर पहुंचकर उस समस्या का हल करवाते हैं। तनेजा ने कहा कि व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दूंगा। सभी व्यापारियों के हितों के लिए काम किया जाएगा। इस मौके पर हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश भाटिया, हरमीत सिंह हैप्पी, अमरनाथ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# स्कूल बस और ट्रक में भिंड़त, 20 बच्चे घायल

### पूर्व मंत्री कविता जैन ने घायल हुए बच्चों का जाना हाल

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे 44 पर रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल की रोंग साइड से आ रही बस को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के समय बस में 30 बच्चे सवार थे।

करीब 20 घायल बच्चों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बहालगढ़ थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कर ट्रक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। सोनीपत में नेशनल हाईवे 44 पर आज सुबह रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि बस का चालक बस को रॉन्ग साइड से चला रहा था। स्कूल के सामने ही यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि स्कूल बस को स्कूल के अंदर ले जा रहे चालक और सामने से आ रहे ट्रक की आपसी भिड़ंत हो गई। आपसी भिड़ंत होते ही बच्चों ने चीख-पुकार करनी शुरू कर दी।

# पंजाब से तीन आरोपियों को रिमांड पर लेकर आएगी पुलिस

### बरामद गाड़ी की आरसी भी निकली फर्जी

### पांच मई को चार संदिग्ध आंतकवादियों को विस्फोटक सामग्री से साथ पकड़ा था

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



एसपी गंगाराम पूनिया जानकारी देते हुए।

**पंजाब** के फिरोजपुर से तेलंगाना में भारी विस्फोटक सामग्री पहुंचाने के लिए संदिज्ध आंतकवादियों द्वारा इनोवा गाड़ी की आरसी फर्जी पाई गई। पुलिस ने फर्जी आरसी बनाने के आरोप में मधुबन थाना में अम्बाला अमदपुर साहा निवासी नितिन शर्मा के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। दूसरी ओर पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तार 3 आरोपियों को रिमांड पर लेकर आएगी ताकि मामले के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की जा सके।

एसपी गंगा राम पूनिया ने दावा कि पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आंतकवादियों से पकड़ी गई गाड़ी के कागजात फर्जी पाए गए, जो अम्बाला के आरोपी नितिन शर्मा ने बनाएं है। पुलिस टीमें आरोनी नितिन शर्मा की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही हैं। आरोपी के बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। एसपी ने दावा करते हुए बताया कि शुक्रवार रात तक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाए। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले के संबंध में सबूत जुटाएं जाएगे। एसपी ने बताया कि आरोपी नितिन शर्मा के खिलाफ यमुनानगर में भी मामला चल रहा हैं, दूसरा उस पर जम्मू में भी केस चला हुआ हैं। इस मामले में आरोपी जेल में भी रहकर आया है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर करनाल पुलिस को काफी जानकारियां मिल हैं, उनका वेरीफिकेशन करवाया जा रहा है।

### पुलिस जानकारियों की वेरीफिकेशन में जुटी

**पुलिस** की माने तो पकड़े गए संदिज्ध आंतकवादियों से काफी जानकारियां हाथ लगी है, पुलिस आरोपियों से मिली जानकारियों को वेरीफिकेशन करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि आंतकवादियों ने नादेंड में रखे गए विस्फोटक सामग्री रखी थी, पुलिस इस मामले को लेकर भी वेरीफिकेशन करने में जुटी है।

### पंजाब से तीन आरोपियों को रिमांड पर लेंगी पुलिस

**एसपी** ने बताया कि पुलिस आरोपी राजबीर, जश्न ओर आकाशदीप को पंजाब पुलिस ने रिमांड पर लिया हुआ हैं। उनकी रिमांड अवधि समाप्त होने पर करनाल पुलिस भी आरोपियों को रिमांड पर करनाल लेकर आएगी ताकि मामले के संबंध में ओर जानकारी जुटाई जा सके। उन्होंने कहा कि नितिन शर्मा के गिरफ्तारी के बाद सारी जानकारी मिले सकेंगी। पुलिस की टीमें गंभीरता के साथ हर पहलूओ को ध्यान में रखकर जांच कर रही हैं। मामले को लेकर पुलिस टीमों के साथ मीटिंग होंगी। जिसमें निर्णय लिया जाएगा कि किस आरोपी का रिमांड बढ़वाना हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी हैदराबाद के नादेंड में भी विस्फोटक रखकर आए थे, उस क्षेत्र की भी निशानदेही करवानी हैं।

# यातायात और सौंदर्यीकरण से जुड़ी परियोजनाओं पर हो रहा तेजी से काम : अनीश यादव

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**खेल,** यातायात और सौंदर्यकरण से जुड़े स्मार्ट सिटी की कुछ नई व महत्वपूर्ण परियोजनाओ पर तेजी से काम हो रहा है, इनसे खाली पड़ी जगहों को नई लुक मिल रही है।

इनमें से डब्ल्यूजेसी के कैनाल डव्लपमेंट फ्रंट और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लड़के) की बात करें, तो इनका कभी भी उद्घाटन हो सकता है। शुक्रवार को उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने ऐसे कई प्रोजेक्ट की विजिट कर वहां किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सबसे पहले शहर के रेलवे रोड़ स्थित लडकों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से लिए गए प्रोजेक्ट क्रिएशन ऑफ प्ले ग्राउण्ड की प्रगति देखी। इसके पश्चात उपायुक्त ने हांसी रोड स्थित सरदार मिल्खा सिंह स्टेडियम स्थल का दौरा किया। बता दें कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड कीओर से हांसी रोड स्थित घोघड़ीपुर पुल से नमस्ते चौक तक सडक़ का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। करीब 3.30 किलोमीटर लम्बे इस मार्ग को सुदृढ़ बनाने में 6 करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बताया कि इस पर काम तेजी से चलेगा और अगले 4-5 महीनो में इस पर वाहन चल सकेंगे। वाहनो के लिए सडक़ करीब 7 मीटर चौड़ी होगी, जबकि दोनो ओर 5 मीटर साईडो में इंटरलोक की टाईलें लगेंगी।

### कैनाल डेवलपमेंट फ्रंट के पहले चरण का काम मुकम्मल

**डब्ल्यूजेसी** पर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से कैनाल डेवलपमेंट फ्रंट के पहले चरण का काम मुकम्मल कर लिया गया है। अब इसका स्वरूप देखते ही बनता है। करीब 2 किलोमीटर लम्बे स्ट्रैच के दोनों ओर सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत ग्रिल, फुटपाथ, साईकिल ट्रैक, बैठने की जगहें, लाईटें और अलग-अलग प्रजाति के खूबसूरत पौधे लगाए गए हैं। वित्रेणी पार्क में ओपन एयर जिम और बैंच दिए गए हैं, इसमें सुंदर घास भी लगेगा।

### प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब

# ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है : सोनिया गांधी

**कहा, न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब अल्पसंख्यकों को डराना है**

**आह्वान किया, पार्टी ने हमें बहुत कुछ दिया है, अब समय है कर्ज उतारने का**



एजेंसी। उदयपुर

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया। आरोप लगाया कि उनके न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन (मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस) का मतलब लगातार ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है।

उन्होंने कांग्रेस के नवसंकल्प चिंतिन शिविर की शुरुआत के मौके पर पार्टी में बड़े सुधार की बात की। नेताओं का आह्वान किया कि वे विशाल सामूहिक प्रयासों के जरिए पार्टी में नई जान फूंकें क्योंकि अब पार्टी का कर्ज उतारने का समय आ गया है। उनके संबोधन के बाद कांग्रेस के चिंतन शिविर की शुरुआत हुई।

सोनिया गांधी ने कहा, चिंतिन शिविर हमें यह अवसर देता है कि हम देश के सामने खड़ी उन चुनौतियों पर चर्चा करें जो भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) द्वारा पैदा की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस शिविर में राष्ट्रीय मुद्दों और संगठन पर बोल्ड चिंतन होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री और उनके साथियों की ओर से न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन की जो बात की जाती है उसका क्या मतलब है? इसका मतलब निरंतर ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है। उन्होंने यह आरोप लगाया कि इस सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब अल्पसंख्यकों को डराना है जबकि अल्पसंख्यक देश के बराबर के नागरिक हैं। इस सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब राजनीतिक विरोधियों को डराना धमकाना, उन्हें बदनाम करना और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर उन्हें जेल में डालना है। सोनिया गांधी के अनुसार, भाजपा सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब यह है कि इतिहास पर फिर से गौर किया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कमतर किया जाए तथा महात्मा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया जाए। उन्होंने कहा, हमारे महान संगठन की ओर से समय समय पर लचीलेपन की उम्मीद की जाती रही है। एक बार फिर हमसे उम्मीद की जा रही है कि हम अपना समर्थन और साहस की भावना का परिचय दें। सोनिया गांधी ने कहा, हमारे संगठन के समक्ष परिस्थितियां अभूतपूर्व हैं। असाधारण परिस्थितियों का मुकाबला असाधारण तरीके से किया जाता है... हमें सुधार की सख्त की जरूरत है। रणनीति में बदलाव की जरूरत है। रोजाना काम करने के तरीके में परिवर्तन की जरूरत है।

उन्होंने कहा मैं यह भी जोर देकर कहना चाहती हूं कि विशाल सामूहिक प्रयासों से ही हमारा पुनरुत्थान हो सकता है। सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेताओं का आह्वान किया, पार्टी ने हमें बहुत कुछ दिया है। अब समय है कर्ज उतारने का। हम अपने विचार खुलकर रखें। लेकिन सिर्फ संगठन की मजबूती, दृढ़निश्चय और एकता का संदेश बाहर जाना चाहिए। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, भाजपा के लिए लोकतंत्र कोई मायने नहीं रखता। ऐसे फासीवादी लोग धर्म का नाम लेकर सत्ता पर काबिज हो गए।

## एक परिवार, एक टिकट की व्यवस्था बनाने पर विचार कर रही है कांग्रेस

**उदयपुर।** अक्सर परिवारवाद के आरोपों का सामना करने वाली कांग्रेस अब एक परिवार, एक टिकट की व्यवस्था बनाने पर विचार कर रही है। हालांकि इस प्रस्ताव को सहमति मिलने की स्थिति में इसके साथ यह प्रावधान भी होगा कि एक परिवार के किसी दूसरे सदस्य को टिकट तभी मिलेगा जब वह पार्टी के लिए कम से कम पांच साल तक काम करे। पार्टी महासचिव अजय माकन के अनुसार, चिंतन शिविर में चर्चा के लिए एक परिवार, एक टिकट का प्रस्ताव आया है।

### राहुल और प्रियंका का रास्ता रहेगा साफ

**कांग्रेस** के एक परिवार, एक टिकट के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की स्थिति में गांधी-नेहरू परिवार से राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी वाद्रा के अगला लोकसभा चुनाव लड़ने का रास्ता साफ रहेगा क्योंकि प्रियंका 2019 के शुरु में सक्रिय राजनीति में उतरी थीं।

## मध्य प्रदेश सरकार मदरसों में राष्ट्रगान को अनिवार्य करने पर विचार कर सकती है : मंत्री

एजेंसी। भोपाल



**यूपी** में मदरसों में राष्ट्रगान गायन अनिवार्य कर दिए जाने के बाद मध्य प्रदेश के गृहमंत्री ने कहा कि उनके राज्य में भी इसी तरह के कदम पर विचार किया जा सकता है।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में शुक्रवार को यह बयान दिया। इसके अलावा मध्य प्रदेश भाजपा प्रमुख विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि देश भर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में 'जन गण मन' का पाठ किया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश के सभी मदरसों में बृहस्पतिवार से राष्ट्रगान जन गण मन गाना अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार ने नौ मई को सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को इस आशय का आदेश जारी किया। पत्रकारों से बात करते हुए मध्य प्रदेश के मंत्री मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रगान हर जगह गाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है। यह एक राष्ट्रगान है और इसे हर जगह गाया जा सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या इसी तरह का निर्णय मध्य प्रदेश में लागू किया जा सकता है, मिश्रा ने कहा, यह विचार का विषय है, इस पर विचार किया जा सकता है। क्या मप्र में भी मदरसों में राष्ट्रगान गाया जाना चाहिए के सवाल पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने कहा, हम किसी को पाकिस्तान का राष्ट्रगान गाने के लिए नहीं कह रहे हैं।

हम सिर्फ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और देश के कोने-कोने में स्थित शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत और भारत माता की जय के नारे लगाने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर ऐसा हो रहा है और ऐसा फैसला लिया गया है तो यह स्वागत योग्य कदम है।

## जामिया मिलिया ने पाठ्क्रम के नामांकन को अवेदन तिथि 25 मई तक की

**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई) ने शुक्रवार को स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 25 मई तक बढ़ा दी है। इससे पहले नामांकन के लिए आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख 13 मई थी। जेएमआई के सभी पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन कराने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। इन पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा और डिप्लोमा कार्यक्रम शामिल है। हालांकि पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए यह तिथि नहीं बढ़ाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका के सांसद की मौत खुदकुशी नहीं कत्ल है : पुलिस

**कोलंबो।** श्रीलंका के सत्तारूढ़ दल के जिस पूर्व सांसद की नित्तमबुवा शहर में हिंसक झड़प में मौत हो गई थी, उसने आत्महत्या नहीं की बल्कि भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे-नीत श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) सरकार के दौरान सांसद रहे अमरकीर्ति अथुकोरला का सोमवार को एक हिंसक भीड़ से सामना हो गया था जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। पहले यह दावा किया गया था 57 वर्षीय अथुकोरला को सोमवार को एक भीड़ ने घेर लिया था जिसके बाद उन्होंने दो लोगों पर गोली चलाई और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को पुलिस प्रवक्ता निहाल थाल्दुवा ने कहा, जिस सांसद की मौत हुई, दरअसल उनकी हत्या की गई थी। थाल्दुवा ने कहा, उन्हें गोली नहीं मारी गई। प्रदर्शनकारियों ने उनकी हत्या की थी। पीट-पीटकर उनकी हत्या की गई। वह भागने का प्रयास कर रहे थे लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया और मार दिया गया। वह आत्महत्या नहीं थी। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने उस हिंसक झड़प की जांच करने का आदेश दिया है जिसमें अथुकोरला समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 300 लोग घायल हो गए।

### थाने में आत्महत्या का प्रयास करने वाली लड़की की मौत

**अलीगढ़ ( उत्तर प्रदेश )।** अलीगढ़ जिले के विजयगढ़ थाने में आत्महत्या की कोशिश के दौरान गम्भीर रूप से जख्मी हुई 19 वर्षीय एक लड़की की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि विजयगढ़ इलाके की यह लड़की करीब एक महीने से लापता थी। उसके परिजन ने एटा जिले के आकाश तथा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पिछली पांच मई को लड़की का पता लग गया था और पुलिस उसे विजयगढ़ थाने ले आई थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्यवाही पूरी की जा रही थी और लड़की को बुधवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना था, मगर मंगलवार रात को वह थाने में पहली मंजिल से कूद गई। उसे गम्भीर रूप से घायल हालत में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

### आरोपी रूसी सैनिक पर यूक्रेन ने शुरू किया मुकदमा

**कीव।** यूक्रेन में युद्ध की शुरुआत के बाद से रूसी सैनिक के खिलाफ युद्ध-अपराध का पहला मुकदमा कीव में शुक्रवार को शुरू हुआ। एक टैंक इकाई के पकड़े गए 21 वर्षीय सदस्य पर युद्ध के पहले सप्ताह के दौरान एक नागरिक की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। यूक्रेन की राजधानी के एक छोटे से अदालत कक्ष में बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे, जहां संदिग्ध एक छोटे से शीशे के कटघरे में दिखाई दिया। सार्जेंट वादिम शिशिमारिन पर उत्तरपूर्वी गांव चुपखिवका में 62 वर्षीय व्यक्ति के सिर में गोली मारने का आरोप है। युद्ध के कानूनों और नियमों से संबंधित यूक्रेनी आपराधिक संहिता की धारा में वर्णित दंड के तहत उसे आजीवन कारावास तक की सजा का सामना करना पड़ सकता है।

### होशियारपुर में अज्ञात युवकों ने बुटीक में गोलीबारी की


**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले के मुकेरियां के मुख्य बाजार में अज्ञात युवकों ने एक बुटीक पर पथराव किया और हवा में गोलियां चलाई। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से पठानकोट का रहने वाला साजन (18) बृहस्पतिवार की शाम अपनी आंटी के बुटीक के बाहर बैठा था कि तीन युवक पहुंचे और एक अन्य स्टोर का पता पूछा। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार साजन ने जब उन्हें बताया कि उसे इसके बारे में पता नहीं है तो वे चले गए और दस मिनट बाद वापस लौटे और हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने इलाके से कारतूसों के कुछ खाली खोखे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

### आतंकियों से संबंध: प्रोफेसर, पुलिसकर्मी और शिक्षक बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शुक्रवार को आतंकी समूहों से कथित संबंध के मामले में तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया जिसमें कश्मीर विश्वविद्यालय का एक प्रोफेसर, एक शिक्षक और एक पुलिसकर्मी शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संविधान के अनुच्छेद 311 (12)(सी) के तहत गठित समिति की सिफारिश पर तीनों को बर्खास्त किया गया। अनुच्छेद 311 (12)(सी) राज्य की सुरक्षा के हित में बिना जांच किए ही किसी व्यक्ति को बर्खास्त करने की अनुमति देता है। बर्खास्त किए गए लोगों में कश्मीर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग का प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित, सरकारी शिक्षक मोहम्मद मकबूल हाजम और जम्मू-कश्मीर पुलिस का पुलिसकर्मी गुलाम रसूल शामिल है। हुसैन पंडित सक्रिय रूप से जमात-ए-इस्लाम (जेल) संगठन से जुड़ा रहा है। वह आतंकवाद के प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान भी जा चुका है। अधिकारियों ने कहा कि पंडित जेल का लगातार सक्रिय सदस्य रहा और वह संगठन में आतंकियों की भर्ती का काम करता था। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2011 से 2014 के दौरान आतंकवादियों के मारे जाने पर पंडित पथराव कराने और हिंसक विरोध प्रदर्शन आयोजित कराने में शामिल रहा है।

## सीरम इंस्टीट्यूट, सिम्बायोसिस टीका तैयार करने को अनुसंधान केंद्र स्थापित करेंगे

**महीने की शुरुआत में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल विवि के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए**




एजेंसी। नई दिल्ली

**सीरम** इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने टीके और जैविक अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए इस महीने की शुरुआत में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह आरएंडडी (अनुसंधान एवं विकास) केंद्र नए टीके, प्रौद्योगिकियों और उत्पादों के विकास एवं टीकाकरण के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देगा। यह संस्था भविष्य की महामारियों और संक्रामक रोगों के खिलाफ स्वास्थ्य समानता में सुधार की दिशा में काम करेगी। सीरम इंस्टीट्यूट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदर पूनावाला ने एक बयान में कहा, अनुसंधान केंद्र वैश्विक भागीदारों के सहयोग से टीकों और जीवविज्ञान के क्षेत्र में किसी भी भविष्य की तकनीक और परियोजनाओं के विकास के लिए स्वदेशी क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज के डीन राजीव एरवडेकर ने कहा कि इस पहल से न केवल भविष्य के नवाचारों में मदद मिलेगी, बल्कि निम्न एवं मध्य आय वाले देशों (एलएमआईसी) की विशिष्ट बीमारियों की जरूरतों को भी पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हम सर्वोत्तम उपलब्ध प्रतिभा प्राप्त करने और उन्हें नवीनतम तकनीक से लैस करने के लिए तत्पर हैं। इस केंद्र पर अगले 5-7 वर्षों में वैज्ञानिकों की एक बेहतरीन टीम होगी, जो सार्वभौमिक स्वास्थ्य ढांचा निर्माण में अग्रणी होगी। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कोविड-19 टीका उत्पादन के मामले में 50 करोड़ से अधिक खुराक का निर्माण करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है।

## मप्र : स्थानीय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर 21 मई को बंद का आह्वान

**शीर्ष अदालत ने ओबीसी कोटा के बिना दो सप्ताह में स्थानीय निकाय के चुनाव अधिसूचित करने को कहा था**

एजेंसी। ग्वालियर

**अन्य** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन ने मध्य प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में अपने समुदाय के लिए 27 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर 21 मई को मध्य प्रदेश बंद का आह्वान किया है। पिछड़ा वर्ग महासभा ने ओबीसी आरक्षण पर उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के तीन दिन बाद यह आह्वान किया है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को मध्य प्रदेश में ओबीसी कोटा के बिना दो सप्ताह के भीतर स्थानीय निकाय के चुनावों को अधिसूचित करने का निर्देश दिया था।

न्यायालय ने कहा कि 2010 के संविधान पीठ के फैसले में जिस त्रि-परीक्षण प्रक्रिया का जिक्र किया गया है, उसे जब तक पूरा नहीं कर लिया जाता, तब तक ओबीसी समुदाय के लिए किसी आरक्षण का प्रावधान नहीं किया जा सकता। पिछड़ा वर्ग महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह लोधी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, अगर 21 मई के बंद के बाद भी प्रदेश सरकार हमारी चिंताओं का समाधान नहीं करती है तो एक शक्तिशाली राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

लोधी ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार और विपक्ष ने ओबीसी समुदाय के लिए 27 फीसदी आरक्षण के प्रावधान के साथ त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव कराने के वास्ते 23 दिसंबर 2021 को विधानसभा में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था।

## ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट के पास गश्त लगा रहा चीनी युद्धपोत

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि जासूसी क्षमता वाला चीन का एक युद्धपोत देश के पश्चिमी तट के पास गश्त लगा रहा है और यह एक आक्रामक कार्वाई है।

रक्षा मंत्री पीटर डटन ने कहा कि शुक्रवार सुबह पोत को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के ब्रूम से 250 नॉटिकल मील दूर उत्तर की ओर जाते हुए देखा गया और पिछले एक सप्ताह से इस पर नजर रखी जा रही है। डटन ने कहा, जाहिर है कि इसका इरादा तट के पास खुफिया जानकारी एकत्र करना है। उन्होंने कहा, यह ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट पर सैन्य और खुफिया प्रतिष्ठानों के नजदीक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि कोई चीनी युद्धपोत दक्षिण में इतनी दूर तक आया है और इस पर विमानों तथा तकनीक के जरिए निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक आक्रामक कार्रवाई है क्योंकि यह दक्षिण में इतनी दूर तक आया है। चीन ने हाल में सोलोमन आइलैंड्स के साथ सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, केंद्र गिद्धों को बचाने के लिए कदम उठाए

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से शुक्रवार को कहा कि वह याचिका में उठाई गई चिंताओं की पड़ताल करे जिसमें कथित तौर पर पशुओं के इलाज में इस्तेमाल कुछ दवाओं की वजह से गिद्धों की आबादी में गिरावट आ रही है। अदालत ने इसके साथ ही सरकार से कहा कि वह खाद्य श्रृंखला में अहम कड़ी इन पक्षियों को बचाने के लिए भी कदम उठाए।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल की जनहित याचिका पर केंद्र, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के साथ-साथ बम्बई नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। पीठ ने कहा, हम प्रतिवादी संख्या 1-3 (केंद्र) को निर्देश देते हैं कि वह याचिका में उठाए गए पहलू की पड़ताल करे और वह हर कदम उठाए जो आहार श्रृंखला की अहम कड़ी और पर्यावरण को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण गिद्धों को बचाने के वास्ते जरूरी है। इस मामले में चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि इस पीठ में न्यायमूर्ति नवीन चावला भी शामिल हैं। याचिकाकर्ता ने अपनी अर्जी में गिद्धों को बचाने और उनके सरंक्षण की मांग की है।

### कश्मीरी पंडित की हत्या का मामला

## विरोध करते प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

**तहसील कार्यालय के भीतर घुसकर राहुल भट को मारी थी गोली**



एजेंसी। श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने आतंकवादियों द्वारा एक कश्मीरी पंडित की हत्या किए जाने की घटना को लेकर विरोध जताते हुए श्रीनगर हवाई अड्डे की ओर बढ़ रहे कश्मीरी पंडितों को तितर-बितर करने के लिए शुक्रवार को लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारी पहले मध्य कश्मीर में बडगाम जिले के शेखपोरा इलाके में एकत्र हुए और इसके बाद उन्होंने हवाई अड्डे की ओर बढ़ना शुरू कर दिया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों से वहां से जाने का अनुरोध किया गया, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया और आगे बढ़ने की जिद की, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े।

अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। कश्मीरी पंडित उनके जीवन की रक्षा करने मेंसरकार के नाकाम रहने के खिलाफ बृहस्पतिवार से प्रदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों ने चडूरा शहर में तहसील कार्यालय के भीतर घुस कर राहुल भट को गोली मारी थी। भट को प्रवासियों के लिए विशेष नियोजन पैकेज के तहत 2010-11 में क्लर्क के तौर पर सरकारी नौकरी मिली थी।

## एनआईए ने छोटा शकील के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया

एजेंसी। मुंबई

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम द्वारा नियंत्रित अपराध सिंडिकेट की अवैध गतिविधियों एवं वित्तीय लेनदेन को संभालने तथा मुंबई के पश्चिमी उपनगर में आतंकवादियों के वित्त पोषण में शामिल होने के आरोप में गैंगस्टर छोटा शकील के दो निकट सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान आरिफ अबुबकर शेख (59) और शब्बीर अबुबकर शेख (51) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि आरिफ को उपनगर मुंबई में गोरेगांव वेस्ट से और शब्बीर को पड़ोसी ठाणे जिले में मीरा रोड ईस्ट से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, दोनों को दाऊद इब्राहिम के सिंडिकेट डी-कंपनी के खिलाफ मामलों की जांच कर रहे एनआईए के एक दल ने गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के छोटा शकील से निकट संबंध हैं। कहा, वे डी-कंपनी की अवैध गतिविधियों और मुंबई के पश्चिमी उपनगर में आतंकवाद के वित्त पोषण में शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि मुंबई और ठाणे में विभिन्न स्थानों पर हाल में की गई छापेमारी में एनआईए ने जांच के लिए कई संदिग्धों का पता लगाया था। आरिफ और शब्बीर भी उन संदिग्धों में शामिल हैं, जिन्हें डी-कंपनी (दाऊद इब्राहिम के अपराध सिंडिकेट) के साथ उनके कथित संबंधों के कारण गिरफ्तार किया गया है।

## राष्ट्रपति 15 से 21 मई तक दो कैरेबियाई देशों के दौरे पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 15 मई से जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) के एक सप्ताह के दौरे पर रहेंगे। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन दो कैरेबियाई देशों की पहली यात्रा है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की यह यात्रा कैरेबियाई क्षेत्र के देशों के साथ भारत के उच्च-स्तरीय जुड़ाव की निरंतरता को दर्शाती है और छोटे विकासशील द्वीपीय देशों के साथ काम करने की प्रतिबद्धता पर जोर देती है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति कोविंद 15 से 21 मई तक जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह इन देशों की किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा होगी।

# ज्ञानवापी के सर्वेक्षण पर यथास्थिति संबंधी आदेश देने से एससी का इनकार

### स्थानीय अदालत ने 12 मई का फैसला महिलाओं के एक समूह की याचिका पर सुनाया था

**मस्जिद प्रबंधन समिति ने मस्जिद के भीतर वीडियोग्राफी का किया था विरोध**



एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर के सर्वेक्षण पर यथास्थिति बनाए रखने संबंधी अंतरिम आदेश पारित करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। बहरहाल, शीर्ष अदालत ज्ञानवापी परिसर के सर्वेक्षण के खिलाफ एक मुस्लिम दल की याचिका सूचीबद्ध करने के बारे में विचार करने को लेकर राजी हो गई। ज्ञानवापी मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की अगुवाई वाली पीठ को बताया कि वाराणसी स्थित परिसर में कराए जा रहे सर्वेक्षण के खिलाफ एक याचिका दायर की गई है। याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने को लेकर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मुझे विचार करने दीजिए।

अहमदी ने कहा, हमने उस सर्वेक्षण को लेकर याचिका दायर की है, जिसका वाराणसी स्थित संपत्ति के संबंध में किए जाने के लिए निर्देश दिया गया है। यह (ज्ञानवापी) पुरातन काल से मस्जिद है और यह (सर्वेक्षण) उपासना स्थल अधिनियम के तहत स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित है।

उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण करने का निर्देश पारित किया गया है और इस समय यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया जाए। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मुझे कोई जानकारी नहीं है। मैं ऐसा आदेश कैसे पारित कर सकता हूं? मैं पढ़ूंगा, मुझे विचार करने दीजिए।

मुस्लिम पक्ष ने उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) कानून, 1991 और उसकी धारा चार का जिक्र किया, जो 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान किसी भी उपासना स्थल के धार्मिक स्वरूप में बदलाव को लेकर कोई भी वाद दायर करने या कोई कानूनी कार्रवाई शुरू करने को लेकर प्रतिबंध का प्रावधान करती है।

इससे पहले, वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वेक्षण कराने के लिए अदालत द्वारा नियुक्त आयुक्त को पक्षपात के आरोप में हटाने संबंधी याचिका बृहस्पतिवार को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर भी वीडियोग्राफी कराई जाएगी। अदालत ने इसके साथ ही संपूर्ण परिसर की वीडियोग्राफी करके 17 मई तक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। जिला अदालत ने काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट स्थित मस्जिद के सर्वेक्षण में अदालत द्वारा नियुक्त आयुक्त की मदद के लिए दो और वकील भी नियुक्त किए। स्थानीय अदालत ने 12 मई का फैसला महिलाओं के एक समूह की याचिका पर सुनाया था, जिन्होंने मस्जिद की बाहरी दीवार पर मौजूद हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों की रोज पूजा करने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया है।

## ज्ञानवापी पर फैसला सुनाने के बाद जज का परिवार चंतित

**न्यायाधीश ने कहा मेरी मां कल मेरी सुरक्षा को लेकर चिंतित थी**

एजेंसी। वाराणसी (उप्र)

**वाराणसी** के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में बृहस्पिवार को निर्णय सुनाने वाले दीवानी अदालत के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने कहा कि फैसला सुनाए जाने के दौरान उनका परिवार उनकी सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित था। न्यायाधीश दिवाकर ने बृहस्पतिवार को अपने आदेश में कहा कि इस मामले को असाधारण मामला बनाकर भय का माहौल बनाया गया है।

उन्होंने कहा, इस दीवानी मामले को असाधारण मामला बनाकर भय का माहौल पैदा कर दिया गया है। डर इतना है कि मेरा परिवार मेरी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता है और मैं उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता हूं। मैं जब भी घर से बाहर रहता हूं, तो मेरी पत्नी को मेरी सुरक्षा की चिंता रहती है। न्यायाधीश दिवाकर ने कहा, कल मेरी अपनी मां से जब बातचीत हुई तो वे भी मेरी सुरक्षा को लेकर चिंतित थी।

# डीएम से बोले किसान- हमारे साथ हो रहा अन्याय

## जेवर एयरपोर्ट को जमीन देने वाले किसानों को कलक्ट्रेट लेकर पहुंचे थे विधायक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जेवर** में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से प्रभावित किसानों ने शुक्रवार की दोपहर रबूपुरा में विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह का घेराव किया। किसानों का आरोप है कि एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण करते वक्त तमाम वादे किए गए थे।

इनमें से कोई पूरा नहीं हुआ है। किसानों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। इसके बाद धीरेंद्र सिंह किसानों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

जिलाधिकारी सुहास एलवाई और मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह के साथ किसानों की बैठक हुई। किसानों ने कई गंभीर मसले डीएम के सामने उठाए हैं। डीएम ने किसानों को आश्वासन दिया है कि सभी जायज मांगों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। किसान कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने जिलाधिकारी से कहा, हम लोगों ने अपनी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और देश की अर्थव्यवस्था को संवारने के लिए जमीन खुशी-खुशी दी थी लेकिन अब हमें दुख महसूस हो रहा है।

हमें लगता है कि हमारे साथ अन्याय हुआ है। जमीन लेते वक्त सरकार और प्रशासन ने तमाम वादे किए थे। उनमें से कुछ वादों पर आंशिक रूप से काम हुआ है। बाकी पर गंभीरता से सुनवाई भी नहीं की जा रही है।

सुधीर त्यागी ने आगे कहा, इस जिले में एक इंच जमीन लेने के लिए किसानों ने खून बहाया है, लेकिन हम लोगों ने जेवर एयरपोर्ट के लिए सहर्ष जमीन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी थी। अब हमारे साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।



### सारे वादे पूरे करेंगे : सुहास एलवाई

**जिलाधिकारी** सुहास एलवाई ने करीब एक घंटे तक किसानों की सारी समस्याएं सुनीं। डीएम सुहास एलवाई ने कहा मैंने सारी बातें सुन ली हैं। इनका शीघ्र समाधान किया जाएगा। एयरपोर्ट के लिए आर एंड आर के वक्त जो वादे किए गए थे, वह सभी पूरे किए जाएंगे। अब तक किसानों की ओर से आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल निवारण किया जाता रहा है। आगे भी ऐसा किया जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आप लोगों ने जमीन देकर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दिया है। राज्य सरकार और गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन इसके लिए किसानों के सदैव आभारी रहेंगे। मैं आप लोगों की मांगों पर सभी जिम्मेदार अफसरों को तेजी से काम करने के लिए नियुक्त कर रहा हूं। नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करूंगा।ष् डीएम ने आगे कहाए ष्अगर किसी किसान को कभी कोई परेशानी हो तो वह आकर मिल सकते हैं।

### मैं किसानों के साथ हूं : धीरेन्द्र सिंह

**विधायक** धीरेंद्र सिंह ने किसानों और जिलाधिकारी के बीच वार्ता करवाई। वह खुद मध्यस्थ की भूमिका में रहे। धीरेन्द्र सिंह ने कहा किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आएगी। सारी जायज मांगे पूरी होंगी। जो वादे किए गए थे, उनमें से जो काम शेष बचा है, वह जल्दी पूरा करवाया जाएगा। शासन, जिला प्रशासन और यमुना प्राधिकरण में जहां कहीं भी कोई रुकावट आएगी, मैं आगे बढ़कर उसका निदान करूंगा।

## ट्रक से ससुर की हत्या करने वाले दामाद को उम्रकैद पत्नी को भी कुचला था

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कोर्ट ने ससुर की ट्रक से टक्कर मारकर हत्या करने का आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने आपसे 5 साल पहले अपने ससुर और घरवाली के ऊपर ट्रक चढ़ा दिया था। जिसमें ससुर की मौके पर ही मौत हो गई और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता भाग सिंह भाटी ने बताया कि फरूखाबाद का निवासी हरि किशन ग्रेटर नोएडा के देवला गांव में किराए के मकान में रहता था। उसने अपनी बड़ी बेटी विनीता की शादी कंनौज निवासी कौशल किशोर के साथ की थी। शादी के बाद से ही कौशल किशोर अपनी घरवाली विनीता के साथ बदतमीजी करता था। साथ ही उसे पीटता भी करता था। जिससे परेशान होकर हरि किशन ने अपनी बेटी को देवला में अपने पास बुला लिया था।

# गौतमबुद्ध नगर जेल में बंद कैदी की मौत

- पुरुष वेश्या बनाने के नाम पर छात्र से ठगे थे 26.40 लाख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में स्थित लुकसर जेल में बंद एक कैदी की बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी कुछ अधिकारियों को दी गई। शुक्रवार की सुबह जब कैदी को अस्पताल में एडमिट करवाया तो अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने आशंका जाहिर की है कि कैदी की मौत हार्ट अटैक आने से हुई है। पुलिस ने कैदी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। इस व्यक्ति ने अपने साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति को जिगोलो बनाने के नाम पर 26 लाख से अधिक की ठगी की थी।



पुलिस ने बताया कि 48 वर्षीय संजय कुमार मूल रूप से फरीदाबाद का रहने वाला था। संजय सिंह और उसका साथी राहुल दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को पुरुष वेश्या बनाने का झांसा देते थे। उन्होंने बीते दिनों एक व्यक्ति को कॉल करके उसको जिगोलो यानी कि को पुरुष वेश्या बनाने के नाम पर 26 लाख 40 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया था। वहां से आरोपी को लुकसर जेल भेज दिया गया था। आरोपी को 6 मई 2022 को जेल में लाया गया था। पुलिस ने बताया कि कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को लुकसर जेल में लाया था था।



छात्राओं और महिलाओं में सुरक्षा की भावना भरने के लिए नोएडा पुलिस ने जागरूक कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वन मैप ग्रेनो से किया लिंक

- कूड़े का कितना हुआ निस्तारण आप एक क्लिक में देख सकते हैं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के लखनावली स्थित प्लांट में कूड़े का कितना और किस तरह से निस्तारण किया जा रहा है, इस पर ग्रेटर नोएडा के निवासी भी नजर रख सकते हैं। प्राधिकरण ने इस पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है।

कोई भी निवासी जब चाहे, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर मौजूद वन मैप ग्रेटर नोएडा पर जाकर इसे देख सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सॉलिड वेस्ट के पुराने ढेर लिगेसी वेस्ट से निजात दिलाने के लिए बीते साल लखनावली में पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर लखनावली में पहली बार रेमेडिएशन प्लांट शुरू करवाया है। इस प्लांट से लगभग 400 मिट्रिक टन कूड़ा रोज प्रोसेस किया जा रहा है।



इनर्ट वेस्ट का इस्तेमाल जमीन के लेवलिंग में किया जा रहा है। लिगेसी वेस्ट के निस्तारण में पारदर्शिता लाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस प्लांट को ऑनलाइन कर दिया है। प्राधिकरण ने इसे अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध वन मैप ग्रेटर नोएडा से कनेक्ट कर दिया है। कोई भी नागरिक दूर बैठकर इस प्लांट पर नजर रख सकता है। प्राधिकरण की वेबसाइट पर जाकर वन मैप ग्रेटर नोएडा पर क्लिक करना होगा।

वन मैप पर दिए गए वेस्ट ट्रैकिंग ऑप्शन पर क्लिक करते ही रेमेडिएशन सेंटर का विकल्प खुलेगा। ऑल व्हीकल लाइव, लाइव सीसीटीवी फुटेज, व्हीकल ट्रैकिंग रिपोर्ट और शेड्यूल पाथ का खुल जाएगा।

### लखनावली प्लांट में 2.4 लाख टन कूड़ा

लखनावली स्थित प्लांट पर करीब 2.4 लाख टन कूड़ा एकत्रित है। इसे दो साल में प्रोसेस कर निस्तारित करने का लक्ष्य है, जिसमें से 32 हजार मिट्रिक टन कूड़े को निस्तारित किया जा चुका है।

# मुठभेड़ में तीन तस्करों को गोली लगी, सिपाही हुआ घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजयनगर पुलिस ने देर रात मुठभेड़के बाद तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों की गोली से एक सिपाही भी घायल हो गया। तस्करों के कब्जे से तीन तमंचे, आठ कारतूस, नशीले इंजेक्शन, कार बरामद हुई है।

एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया कि बुधवार देर रात विजयनगर पुलिस सिद्धार्थ विहार के जल निगम चौकी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पशु तस्कर स्कॉर्पियो कार में पशु ले जा रहे हैं। इसी दौरान एक सिल्वर रंग की स्कार्पियो आती दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो कार सवार भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो हड़बड़ाहट में स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा गई। घिरा देखकर कार सवार तस्करों ने पुलिस पर गोली चला दी, जिसमें दीपक नाम का सिपाही गोली लगने से घायल हो गया। एसपी सिटी ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में कार सवार तीन तस्कर भी गोली लगने से घायल हुए हैं। तस्करों की पहचान जीशान और सद्दाम व कासिम के रूप में हुई है।

# दूल्हे के दोस्त से मारपीट, लौटी बारात तो पुलिस ने कराए फेरे

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात शादी समारोह में दूल्हे के दोस्त पर रसगुल्ले की चाशनी गिरने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। दोस्त और स्वजन दूल्हे को साथ लेकर चले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दूल्हे को बुलाया और फेरे कराए।

बुधवार रात बंथला गांव निवासी एक व्यक्ति की बेटी की शादी थी। बेटी की दिल्ली से बरात आई थी। रात करीब 11 बजे डांस के दौरान दूल्हे के एक दोस्त पर लड़की पक्ष के युवक से चाशनी गिर गई। इसके बाद दोनों पक्षों के युवकों में मारपीट हो गई। मारपीट के बाद दूल्हे के दोस्त उसे अपने साथ लेकर चले गए। कुछ स्वजन भी उनके साथ चले गए।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दूल्हे व उसके स्वजन को वापस बुलाया। पुलिस और समाज के लोगों ने दोनों पक्षों को शांत कर दूल्हा-दुल्हन के फेरे कराए।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरा गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में फेस वन थानाक्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया और उसके पास से लूटे गए पांच मोबाइल फोन, देसी तमंचा तथा लूट में प्रयोग होने वाली स्कूटी बरामद की।

अपर पुलिस उपायुक्त प्रथम रणविजय सिंह ने बताया कि हरौला गांव के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी एक स्कूटी पर सवार होकर एक बदमाश आता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन रुकने के बजाय वह पुलिस दल पर गोली चलाता हुआ भागने लगा।

सिंह ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो बदमाश मोहम्मद असलम के पैर में लगी है। पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटे में पांच मोबाइल फोन, लूट में प्रयुक्त होने वाली स्कूटी तथा एक देसी तमंचा व कारतूस बरामद किया है। यह बदमाश इससे पूर्व आधा दर्जन मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस उसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।



पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान गोली के घायल बदमाश।

# तपती गर्मी से लोग बेहाल, लू के थपेड़े झुलसा रहे

- दोपहर में स्कूल की छुट्टी के दौरान बच्चों पर आफत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

इन दिनों गर्मी व उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सुबह के 9 बजे के बाद से ही गर्म हवा शरीर को झुलसाने लगती है। तपती गर्मी से जहां लोगों का हाल बेहाल है, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों के चेहरे लाल हो रहे हैं। दोपहर मे तेज धूप के चलते सड़कों व बाजारों में चहल पहल कम हो रही है। तापमान लगातार चालीस के पार है। कड़ी धूप में तपी धरती देर शाम तक गर्म ही रहती है। लोगों को रात के समय भी राहत नहीं मिल रही है। शहर की ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग दिनभर एसी के सामने बैठने को मजबूर है। पांच मिनट बिजली जाने से लोगों की हालत खराब हो जाती है।



शुक्रवार को भी जिले में तापमान 40 डिग्री के पार रहा। वहीं, 13 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने लोगों को झुलसा कर रख दिया। उमस के कारण दिनभर लोग पसीने में नहाते रहे। सड़कों पर पेयजल की दुकानों पर भीड़ रही। नोएडा.ग्रेटर नोएडा एवं यमुना एक्सप्रेस वे पर चढ़ने से पहले वाहन चालकों ने पेयजल संबंधी चीजों की खरीदी आसपास खुली दुकानों से की।

गाड़ी में एसी चलने के बाद भी लोगों का गला सूखता रहा। गर्मी से बचने के लिए लोग सुबह व शाम को बाजार जाना मुनासिब समझ रहे हैंए, जबकि दोपहर में तप रही धरती के कारण लोग घरों या छांव में बैठकर समय गुजारने को मजबूर है। एक तरफगर्मी की मार से लोग परेशान हैंए तो दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौनी भी लगातार जारी है।

सेक्टर-34 निवासी शरदा राम बताते है कि दिन में तो फिर भी लोग किसी तरह समय काट ले रहे हैं, लेकिन बिजली नहीं रहने के कारण रात गुजारना मुश्किल हो जाता है। गर्मी से स्कूली बच्चों का हाल और बेहाल हो रहा है।

तपती दोपहर में स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौटने में बच्चों के चेहरे भी लाल हो जा रहे हैं। इन दिनों नोएडा व ग्रेटर नोएडा की आबोहवा साफ है, लेकिन गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ाई हुई है।

# अतिक्रमण हटाने गए निगमकर्मियों पर हमला, चालक समेत 5 घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजयनगर थानाक्षेत्र में सम्राट चौक पर बुधवार को अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। देखते ही देते माहौल गरमा गया और लोग निगम कर्मियों से भिड़ गए।

सुरक्षा के लिहाज से साथ गए पुलिसकर्मियों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने और उनकों भी पीट दिया। इतना ही नहीं लोगों ने जेसीबी पर पथराव कर उसका शीशा भी तोड़ दिया।

घटना में जेसीबी चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में नगर निगम के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक ने विजयनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नगर निगम के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नरेश कुमार का कहना है कि विजयनगर जोन में सम्राट चौक से लीलावती स्कूल तक सड़क के दोनों तरफलोगों ने अतिक्रमण किया हुआ था।

बुधवार शाम को वह जोनल अधिकारी रामबली पाल, अवर अभियंता एसके सरोजए राजस्व निरीक्षक सुनील तथा पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए गए थे। नरेश कुमार का कहना है कि सी-ब्लॉक सेक्टर-11 में नगर निगम की टीम जिस वक्त अतिक्रमण हटा रही थीए उसी दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा रहेगा। सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे, खुद पर भरोसा बढ़ेगा। साझा प्रयासों में अधिक सफलता के संकेत हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होने से प्रसन्न रहेंगे। मानसिक रूप से काफी हल्का महसूस करेंगे। घर में सुखमय वातावरण रहेगा। दिन वाणिज्यिक गतिविधियों में रुचि बढ़ाने वाला। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद दूर होंगे।

**(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

**भाग्यांक : 7**

**विशेष :** अपने इष्ट देव की पूजा करें।

### वृष

आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य स्थल पर काफी मेहनत करेंगे, लाभ आगे चलकर मिलेगा। मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहें। घर परिवार में हर्ष आनंद बना रहेगा। खान-पान के साथ-साथ आस-पास स्वच्छता का भी ध्यान रखें, अनावश्यक खर्च करने से बचें। अपनी वाणी पर संयम रखें और सोच समझकर बोलें, अन्यथा बेवजह के विवाद में पड़ सकते हैं।

**(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

**भाग्यांक : 6**

**विशेष :** शनि देव की आराधना करें।

### मिथुन

आज काफी अच्छा महसूस करेंगे। मानसिक रूप से खुशी की अनुभूति होगी। नई जगहों पर भ्रमण पर जाएंगे। मित्रों का साथ उत्साहित रखेगा। प्रतिस्पर्धा में आगे रहेंगे। विचारों में काल्पनिकता का समावेश हो सकता है, बेहतर होगा इस्तेमाल रचनात्मक कार्यों में करें। आज नए कार्य की शुरुआत न करें, अच्छे समय का इंतजार करें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन संभल कर चलाएं।

**(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)**

**भाग्यांक : 4**

**विशेष :** शमी का पौधा लगाएं।

### कर्क

दिन अच्छा रहेगा। घर में सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति की संभावना है। शुभ कार्यों में रुचि बनी रहेगी। परिजनों के साथ आनंदमय समय बिताएंगे। नए व्यावसायिक संबंध मजबूत होंगे। कुछ खास करना चाहते हैं तो यह समय एकदम उचित है। आस-पास के लोगों पर गुस्सा आ सकता है। क्रोध पर काबू और खर्च पर नियंत्रण रखें। यात्रा पर जाने से बचें।

**(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

**भाग्यांक : 8**

**विशेष :** खोटा सिक्का नदी में प्रवाहित करें।

### सिंह

दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में बेहतर बने रहेंगे। मित्रों से भेंट होगी। कला कौशल को बल मिलेगा। धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, घर में खुशहाली रहेगी। नए कार्य की शुरुआत के लिए समय अच्छा है। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। खुद को मानसिक रूप से मजबूत महसूस करेंगे। कामकाज में अधिक समय देने की सोचें। आलस्य से बचें। जीवनसाथी वैवाहिक जीवन की शांति और खुशी को कुछ खराब कर सकता है।

**(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)**

**भाग्यांक : 6**

**विशेष :** रात में पानी में जौ भिगोकर रखें और सुबह पक्षियों को डालें।

### कन्या

आज दिन आपके लिए कुछ सकारात्मक परिवर्तन लेकर आ सकता है। आकस्मिक खर्च बढ़ने से आप तनाव महसूस करेंगे, अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखने का प्रयास करें। जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। समाज में सराहना और सम्मान की प्राप्ति होगी। परिवार के साथ समय बिताएंगे। परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। काम की व्यस्तता रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें, स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बाहर जाने का प्लान बन सकता है।

**(टो ,पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)**

**भाग्यांक : 4**

**विशेष :** घर में रखा कूड़ा कबाड़ा बेच दें।

### तुला

आज दिन अच्छा रहेगा। लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब होंगे, नौकरी में तरक्की और व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। ज्ञान और बुद्धि से दूसरों का प्रभावित करेंगे। सफलता और सहयोग के अच्छे संकेत हैं। नई कोशिशों से सभी को आकर्षित करेंगे। अनुशासन का ध्यान रखें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें और बाहर का खाना खाने से बचें। काम का दबाव होने के बावजूद प्रिय आपके लिए खुशी के पलों को लाएगा।

**(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक : 7**

**विशेष :** खीर का सेवन करें।

### वृश्चिक

दिन मिला-जुला रहेगा। काफी प्रसन्न रहेंगे और भव्यता व सभ्यता पर जोर रहेगा। खर्च और निवेश बढ़ा हुआ रहेगा। लोगों से सराहना मिलेगी। यात्रा में सतर्कता रखें। अनजान लोगों से करीबी बढ़ाने में सावधान रहें। दोस्तों का साथ मिलेगा। बिना वजह किसी से विवाद करने से बचें, बेवजह झगड़ा हो सकता है। धार्मिक कार्यों की रुझान तरफ रहेगा। लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक : 9**

**विशेष :** बेसन से बनी मिठाई गरीबों में बांटें।

### धनु

दिन अच्छा नहीं रहेगा। गुस्से पर काबू रखें। परिवार वालों के साथ विवाद हो सकता है। कड़वी बातों को नजरअंदाज करने की कोशिश करें। मेहनत और लगन से लक्ष्य पूर्ति में सफल होंगे। साथियों और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। धार्मिक स्थल पर जाकर ठहरे आत्मिक शांति मिलेगी। दफ्तर की परेशानियों को हल करने में मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

**(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

**भाग्यांक : 6**

**विशेष :** जरूरतमंद को दान करें।

### मकर

दिन सामान्य रहेगा। परिवार को लेकर चिंतित रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। आर्थिक कोशिशें बेहतर बनी रहेंगी। लाइफ स्टाइल से जुड़ी वस्तुओं के प्रति रुझान बढ़ेगा। घर में सुख सौख्य सौंदर्यबोध बढ़ेगा। पदोन्नति के योग बन रहे हैं। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है काम में अड़चन आ रही है तो धैर्यपूर्वक कार्य को पूर्ण करने का प्रयास करें। जहां तक हो सके, अपनी समझदारी का इस्तेमाल कर इससे बचें।

**(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)**

**भाग्यांक : 6**

**विशेष :** दूध में केसर डालकर उसका सेवन करें।

### कुंभ

दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ रहेगा। धनप्राप्ति के योग बनेंगे। जो भी करेंगे उसमें बेहतर रहेंगे। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा। परीक्षार्थी उम्मीद के अनुरूप परिणाम पाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे। घूमने भी जा सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा पर भी जा सकते हैं, अतिरिक्त खर्च करना पड़ सकता है। रिश्तेदारों का दखल शादीशुदा जिंदगी में परेशानी पैदा कर सकता है।

**(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

### मीन

दिन शुभ फलदायी रहेगा। कानूनी कार्यों में सफलता मिल सकती है। नई परियोजना को अमल में ला सकते हैं। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। सहजता और सरलता से आगे बढ़ते रहें। मौसम की प्रतिकूलताओं को हल्के में न लें। सेहत के प्रति सजग रहें। घर परिवार में बड़ों का सानिध्य सुख बढ़ाएगा। मानसिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी की खूबियों के चलते उनके प्यार में गिरफ्तार हो सकते हैं।

**(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

**भाग्यांक : 5**

**विशेष :** पीपल के वृक्ष की पूजा करें।

# उम्मीदें जीवंत रखने को एक दूसरे का सामना करेंगे सनराइजर्स और केकेआर

## हैदराबाद को गेंदबाजी से जुड़ी समस्याओं को दूर करना होगा

### 12 मैचों में से 10 अंक पाने वाली केकेआर बाहर होने के कगार पर

एजेंसी। पुणे

**लगातार** चार मैचों में हार के बाद वापसी के लिए संघर्षरत सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में गेंदबाजी से जुड़ी अपनी समस्याओं को दूर करना होगा।

लगातार पांच मैचों में जीत के बाद लगातार चार हार से सनराइजर्स की आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। उसके 11 मैचों में 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। केकेआर के 12 मैचों में 10 अंक हैं और वह बाहर होने के कगार पर है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम के केवल दो मैच बचे हुए हैं और इनमें जीत से भी वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी जो कि प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते क्योंकि राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) 12 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष चार में बने हुए हैं। सनराइजर्स की पिछले मैचों में हार का मुख्य कारण उसके मुख्य गेंदबाजों वाशिंगटन सुंदर और टी नटराजन का चोटिल होना तथा तेज गेंदबाज उमरान मलिक का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सनराइजर्स के खिलाफ विपक्षी टीम ने पिछले चार मैचों में 190 से अधिक रन बनाए।



#### केकेआर पावरप्ले में रन बनाने को जूझ रही

केकेआर की टीम पावरप्ले में रन बनाने के लिए जूझ रही है। वेंकटेश अय्यर ने हालांकि बीच में बाहर किए जाने के बाद अच्छी वापसी की है। पिछले मैच में टिम साउदी और पैट कमिन्स दोनों को अंतिम एकादश में शामिल किया गया था और इन दोनों ने मिलकर चार विकेट लिए। लेकिन रिपोर्टों के अनुसार कमिन्स आईपीएल के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे और वह कूल्हे की चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौट रहे हैं। केकेआर की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले उमेश यादव पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। टीम को उम्मीद है कि वह जल्द फिट हो जाएंगे।

#### दोनों टीम इस प्रकार

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** आरोन फिंच, अभिजीत तोमर, अजिंक्य रहाणे, बाबा इंद्रजीत, नीतीश राणा, प्रथम सिंह, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), अशोक शर्मा, पैट कमिन्स, रसिख डार, शिवम मावी, टिम साउदी, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती, अमन खान, आंद्रे रसेल, अनुकुल रॉय, चमिका करुणारत्ने, मोहम्मद नबी, रमेश कुमार, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, सैम बिलिंग्स, शेल्डन जैक्सन।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** केन विलियमसन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्कराम, निकोलस पूरण, अब्दुल समद, प्रियम गर्ग, विष्णु विनोद, ग्लेन फिलिप्स, आर समर्थ, शशांक सिंह, रोमारियो शेफर्ड, मार्को यानसेन, जे सुचित, श्रेयस गोपाल, भुवनेश्वर कुमार, सीन एबॉट, कार्तिक त्यागी, सौरभ तिवारी, फजलहक फारूकी, उमरान मलिक, टी नटराजन।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।**



बेयरस्टो और लिविंगस्टोन का अर्धशतक

# आईपीएल : पंजाब किंग्स ने बनाए नौ विकेट पर 209 रन

एजेंसी। मुंबई

**पंजाब** किंग्स ने जॉनी बेयरस्टो (66) और लियाम लिविंगस्टोन (70) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ नौ विकेट पर 209 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

आरसीबी के लिए हर्षल पटेल ने अंतिम ओवर में दो विकेट से चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट झटके। वानिंदु हसारंगा ने दो जबकि शाहबाज नदीम और ग्लेन मैक्सवेल ने एक एक विकेट प्राप्त किया। ओपनर शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो ने पंजाब को तूफानी शुरुआत दी। इन दोनों ने 20 गेंदों पर 60 रन की पार्टनरशिप की। धवन 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर ग्लेन मैक्सवेल को विकेट दे बैठे। कप्तान मयंक अग्रवाल ने 16 गेंदों पर 19 रन बनाए। उनका विकेट हर्षल पटेल ने लिया।

# फिडे अध्यक्ष ने आनंद को चुनाव लड़ने के लिए अपनी टीम में शामिल किया

### जुलाई-अगस्त में होने वाले वाले हैं 44वें शतरंज ओलंपियाड के चुनाव

एजेंसी। चेन्नई

**इस साल** जुलाई-अगस्त में यहां 44 वें शतरंज ओलंपियाड के दौरान होने वाले चुनावों में अगर मौजूदा अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच को फिर से इस पद के लिए चुना जाता है तो भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद विश्व शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट) बन जाएंगे।

पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद को ड्वोरकोविच ने आगामी चुनाव लड़ने के लिए अपनी टीम के हिस्से के रूप में नामित किया है। ड्वोरकोविच की अध्यक्षता वाली टीम की घोषणा के बाद आनंद ने ट्वीट किया, शतरंज के उज्ज्वल और बेहतर भविष्य का हिस्सा बनने की उम्मीद है। ड्वोरकोविच ने अपनी टीम के बारे में घोषणा करते हुए कहा, प्रिय सहयोगियों और शतरंज के दोस्तों, फिडे अध्यक्ष के चुनाव के लिए मुझे अपनी टीम पेश करने में खुशी हो रही है। मेरी टीम इस प्रकार है अर्कडी ड्वोरकोविच अध्यक्ष, विश्वनाथन आनंद उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट), झू चेन कोषाध्यक्ष, जोरान औलिन-जॉनसन उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट), माहिर मामेदोव - उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट)। पिछले महीने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान आनंद ने कहा था कि वह ड्वोरकोविच के फिर अध्यक्ष बनने की दावेदारी का समर्थन करेंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि वह ड्वोरकोविच की टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नेक्स्चजेन कप में भाग लेंगे बेंगुलुरू एफसी व केरल ब्लास्टर्स

**बेनौलिम।** रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) के विजेता बेंगलुरू एफसी और उपविजेता केरल ब्लास्टर्स इस साल के आखिर में ब्रिटेन में होने वाले नेक्स्टजेन कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बेंगलुरू एफसी ने निर्णायक मैच में केरल ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहले आरएफडीएल का खिताब जीता। बेंगलुरू को खिताब जीतने के लिए केरल के खिलाफ मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी। बेंगलुरू ने लीग में 19 अंकों के साथ अपना सफर समाप्त किया और वह एकमात्र अजेय टीम रही। केरल की टीम सात मैचों में 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने देश में अगली पीढ़ी के फुटबॉलरों के लिए आवश्यक मंच तैयार करने के लिए आरएफडीएल की सराहना की। छेत्री ने कहा, ऐसे कई खिलाड़ी हैं, विशेषकर युवा, जिन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिलते हैं। उनमें से कुछ को जब मौका मिलता है तो वे उसका पूरा फायदा उठाते हैं। रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग सही दिशा में उठाया गया कदम है।

### वाणी, अमनदीप स्विट्जरलैंड में संयुक्त 14वें स्थान पर

**फ्लमसरबर्ग।** भारत की वाणी कपूर और अमनदीप द्राल फ्लमसबर्ग लेडीज ओपन गोल्फ के पहले दिन एक-अंडर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर हैं। वाणी ने दो बर्डी और एक बोगी की जबकि अमनदीप में तीन बोगी, एक डबल बोगी और छह बर्डी लगाए। पहले दिन के खेल के बाद तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। शीर्ष पर काबिज मिशेल फोर्सलैंड, जेम्मा क्लीज और लॉरेन होल्मी स्विट्जरलैंड ने चार-अंडर 68 का स्कोर किया।

### आईपीएल में आगे नहीं खेल पाएंगे कमिन्स

**मेलबर्न।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज पैट कमिन्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आगे नहीं खेल पाएंगे और कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौटेंगे।रिपोर्ट के अनुसार आस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिन्स राष्ट्रीय टीम के अगले महीने के श्रीलंका दौरे से पहले पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए सिडनी लौट रहे हैं। कमिन्स को केकेआर ने 7.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। कमिन्स के पूरी तरह फिट होने में एक पखवाड़े का समय लगने की संभावना है। टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के अलावा कमिन्स एकदिवसीय और टी20 टीम के भी एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। इस बीच केकेआर के टीम प्रबंधन ने अभी इस बात की पुष्टि नहीं की है कि कमिन्स आगे के मैचों में नहीं खेल पाएंगे। कमिन्स ने इस सत्र में आईपीएल में केवल पांच मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने सात विकेट लेने के अलावा 63 रन बनाए। इसमें मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 14 गेंदों पर खेली गई नाबाद 56 रन की पारी भी शामिल है। केकेआर के 12 मैचों में केवल 10 अंक हैं और वह बाहर होने के कगार पर है। उसका अगला मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

### आंद्रेस्कू को हराकर स्वियाटेक सेमीफाइनल में पहुंची

**रोम।** इगा स्वियाटेक ने इटली ओपन टेनिस में शुक्रवार को यहां 2019 की अमेरिकी ओपन चैम्पियन बियांका आंद्रेस्कू को 7-6, 6-0 से हराकर सेमीफाइनल मेंजगह पक्की की। ऐश बार्टी के अचानक संन्यास के बाद रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची स्वियाटेक की यह लगातार 26वीं जीत है। सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने अमांदा अनिसिमोवा को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। पुरुषों के मुकाबले में पांचवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सितसिपास ने 20 वर्षीय यानिक सिनर को 7-6, 6-2 से हराया। सिटसिपास का क्लेकोर्ट पर यह लगातार तीसरा मास्टर्स सेमीफाइनल है, उन्होंने पिछले महीने अपने मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब का बचाव किया था और फिर पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। वह एक बार फिर सेमीफाइनल में ज्वेरेव से भिड़ेंगे। 2017 के चैम्पियन ने क्रिस्टियन गारिन को 7-5, 6-2 से हराया।

### अजितेश संधू संयुक्त 20वें स्थान पर, गंगजी कट से चूके

**तोक्यो।** भारतीय गोल्फर अजितेश संधू ने दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर के अच्छे प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां एशिया पैसिफिक ओपन गोल्फ चैंपियनशिप डायमंड कप के कट में जगह बनाई, लेकिन राहिल गंगजी एक शॉट से चूकने के कारण बाहर हो गए। जापान चैलेंज टूर में 2017 के विजेता संधू का दूसरे दौर के बाद कुल स्कोर एक अंडर है और वह संयुक्त 20वें स्थान पर हैं। उन्होंने पहले दौर में पार 70 का स्कोर बनाया था। भारत के एक अन्य खिलाड़ी और 2018 में पैनासोनिक ओपन जापान के विजेता गंगजी अंतिम तीन होल में दो बर्डी बनाने के बावजूद एक शॉट से कट से चूक गए। गंगजी को नौवें और दसवें होल में बोगी करने का नुकसान हुआ। वह संयुक्त 64वें थान पर रहे जबकि शीर्ष 60 खिलाड़ियों ने कट में जगह बनाई।

# चोट से जूझ रहे नडाल इटालियन ओपन के तीसरे दौर में हारे

## पैर में दर्द होने की वजह से देखा हार का मुंह

एजेंसी। रोम

**फ्रेंच** ओपन टेनिस टूर्नामेंट शुरू होने से केवल 10 दिन पहले राफेल नडाल फिर से चोट से जूझ रहे हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी इटालियन ओपन में गुरुवार को डेनिस शापोवालोव के खिलाफ तीसरे दौर के मैच में पांव में दर्द से परेशान रहा, जिस कारण आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

शापोवालोव ने नडाल को शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठाने दिया और 1-6, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज की। इस मैच के दौरान 35 वर्षीय नडाल को कुछ अवसरों पर दर्द के कारण लड़खड़ाते हुए देखा गया। बाएं पांव में चोट के कारण नडाल पिछले साल कई टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। नडाल ने कहा, मेरा पांव फिर से



चोटिल हो गया है। बहुत दर्द हो रहा है। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो चोटों के साथ जीवन व्यतीत करता रहा हूं। यह मेरे लिए नया नहीं है। दुर्भाग्य से चोट और मेरा चोली दामन का साथ है। दिन प्रतिदिन इससे मुश्किल हो रही है। पांव की चोट नडाल के लिए चिंता का विषय है क्योंकि फ्रेंच ओपन 22 मई से शुरू हो रहा है जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 13 खिताब जीते हैं। नडाल ने कहा, एक सप्ताह में क्या होगा, मैं वास्तव में नहीं जानता। इससे पहले विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने स्टेन वावरिंका को 6-2, 6-2 से पराजित किया।

इटालियन ओपन में पांच बार के चैंपियन जोकोविच का अगला मुकाबला फेलिक्स ऑगर अलियासिम से होगा, जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन को 6-3, 6-2 से हराया। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष रैंकिंग की इगा स्वियातेक ने विक्टोरिया अजारेंका पर 6-4 6-। से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वियातेक का अगला मुकाबला 2019 की यूएस ओपन चैंपियन बियांका आंद्रिस्कू से होगा, जिन्होंने क्रोएशियाई क्वालीफायर पेट्रा मार्टिच को 6-4, 6-4 से हराया।




# ब्रेसवेल, पटेल न्यूजीलैंड के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल

एजेंसी। वेलिंगटन

ऑलराउंडर जिमी नीशाम को तीन साल में पहली बार न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से हटा दिया गया है और उनकी जगह वेलिंगटन के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को दी गई है।

इक्कतीस वर्षीय नीशाम ने 12 टेस्ट, 66 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप फाइनल के सुपर ओवर में मार्टिन गुप्टिल के साथ बल्लेबाजी की थी। नीशाम नीदरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेले थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति दी थी। ब्रेसवेल ने मार्च में नीदरलैंड के खिलाफ वनडे में पदार्पण किया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें पहली बार अनुबंधित खिलाडियों की सूची में जगह मिली है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की। इस सूची में स्पिनर अयाज पटेल भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में भारत के खिलाफ एक पारी में 10 विकेट लिए थे। वह टेस्ट मैचों में ऐसा कारनामा करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। पटेल को पिछले सत्र में अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था।



#### न्यूजीलैंड के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची

टॉम ब्लंडेल, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, कॉलिन डी ग्रैंडहोम, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गुप्टिल, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, अयाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, नील वैगनर, केन विलियमसन, विल यंग।

### दोहा में जाम्बिया से मैत्री मैच खेलेगा भारत : एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम 25 मई को दोहा में अपने से अधिक रैंकिंग की टीम जाम्बिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह मैच आगामी एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अंतिम दौर के लिए भारत की तैयारी का हिस्सा है। क्वालीफायर के अंतिम दौर के मैच आठ जून से कोलकाता में खेले जाएंगे।

भारतीय टीम फीफा रैंकिंग में 106वें स्थान पर है जबकि जाम्बिया उससे 19 पायदान ऊपर 87वें स्थान पर है। एआईएफएफ ने विज्ञप्ति में कहा, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ पुष्टि करता है कि भारतीय टीम 25 मई को दोहा में जाम्बिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। भारत ने इससे पहले मार्च में मेजबान बहरीन और बेलारूस के खिलाफ मैत्री मैच खेले थे। भारतीय टीम 23 अप्रैल से पहले बेल्लारी और अब कोलकाता में अभ्यास शिविर में भाग ले रही है।


# डीआरएस का न होना दुर्भाग्यपूर्ण, कुछ फैसले हमारे खिलाफ : फ्लेमिंग

## कहा, हम बाकी बचे दो मैचों में अन्य खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं

एजेंस। मुंबई

**चेन्नई** सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने उनकी पारी के शुरू में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) की सुविधा नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच में इस दौरान कुछ फैसले उनके खिलाफ गए।

वानखेड़े स्टेडियम में शॉर्ट सर्किट की वजह से चेन्नई की पारी की पहली 10 गेंद तक डीआरएस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिसका उसकी टीम को नुकसान हुआ क्योंकि इस बीच कुछ फैसले उसके खिलाफ गए। चेन्नई के फॉर्म में



चल रहे बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अपने खिलाफ गए पगबाधा के फैसले को नहीं बदलवा पाए जबकि रीप्ले से लग रहा था कि डेनियल सैम्स की गेंद लेग स्टंप से बाहर निकल रही थी। रोबिन उथप्पा भी जसप्रीत बुमराह के अगले ओवर में पगबाधा आउट करार दिए गए और तब भी बल्लेबाज के बचने की संभावना दिख रही थी।

फ्लेमिंग ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, यह थोड़ा दुर्भाग्यपूर्ण था कि उस समय ऐसा हुआ। हम थोड़ा निराश थे, लेकिन यह भी खेल का हिस्सा है। उस समय कुछ फैसले हमारे पक्ष में नहीं गए। निश्चित तौर पर यह हमारे लिए अच्छी शुरुआत नहीं थी।

मुंबई के हाथों पांच विकेट की हार से चेन्नई की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं भी समाप्त हो गई। फ्लेमिंग हालांकि सकारात्मक पहलुओं पर गौर करना चाहते हैं। फ्लेमिंग ने कहा, हमारे लिए वास्तव में कुछ सकारात्मक पहलू रहे। मुकेश (चौधरी) और सिमरजीत (सिंह) की नई गेंद से गेंदबाजी शानदार रही। ऐसे में दीपक चाहर की वापसी पर हमारे पास नई गेंद से गेंदबाजी करने के कुछ अच्छे विकल्प रहेंगे।

उन्होंने कहा, हमने उतना अच्छा खेल नहीं दिखाया जैसा हमें दिखाना चाहिए था। अब हम प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं तो हम बाकी बचे दो मैचों में अन्य खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं। मुंबई के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने पिछले कुछ मैचों में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। बांड ने कहा, गेंदबाजी इकाई के रूप में पिछले चार-पांच मैचों में हमने बेहतर प्रदर्शन किया।

# जूनियर निशानेबाजी विश्व कप : भारत ने चार और स्वर्ण पदक जीते

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** निशानेबाजों ने शुक्रवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में दबदबा जारी रखते हुए महिला और पुरूष एयर राइफल और पिस्टल टीम स्पर्धाओं में चार और स्वर्ण पदक जीते। इस तरह भारत के आठ स्वर्ण और छह रजत से कुल 14 पदक हो गए हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, पोलैंड और बुल्गारिया ने स्पर्धा में दाव पर लगे चार स्वर्ण पदक जीते।



भारत के लिए शुक्रवार को स्वर्ण पदक जीतने की शुरुआत पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में रूद्रांक्ष पाटिल, पार्थ मखिजा और उमामहेश मादीनेनी की तिकड़ी ने स्पेन को 16-8 से हराकर की। यह रूद्रांक्ष और पार्थ दोनों के लिए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक था।

फिर मनु भाकर, पलक और ईशा सिंह की तिकड़ी ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में जार्जिया को 16-8 के समान अंतर से पराजित किया। तीसरा स्वर्ण पदक एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा से मिला। इसमें आर्या बोरसे, जीना खिट्टा और रमिता की तिकड़ी ने कोरिया को 17-9 से हराया। पुरुष एयर पिस्टल टीम ने भारत को दिन का चौथा स्वर्ण पदक दिलाया जिसमें सौरभ चौधरी, शिवा नरवाल और सरबजोत सिंह ने उज्बेकिस्तान की तिकड़ी को 17-9 से पराजित किया।

# उदयन माने आठ अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर पहुंचे

एजेंसी। फुकेट

**भारतीय** गोल्फर उदयन माने ब्लू कैन्यन क्लासिक गोल्फ में आठ अंडर 63 के शानदार कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। यह टूर्नामेंट एशियाई विकास टूर (एडीटी) ऑर एमईएनए टूर का हिस्सा है। पुणे के 31 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह प्रतियोगिता का अंत 63 के स्कोर के साथ किया था और इस सप्ताह उन्होंने इसी स्कोर के साथ आगाज किया है।

उन्होंने इस दौरान छह बड़ी और एक ईगल लगाया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में कार्तिक शर्मा और एम धर्मा 66 के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त आठवें, यशस चंद्रा (68) संयुक्त 22वें, युवराज संधू (70)



संयुक्त 49वें, दिव्यांशु बजाज (71) संयुक्त 66वें, चिराग कुमार (76) संयुक्त 124वें और करण वासुदेव (77) संयुक्त 131वें स्थान पर है।

# नीलामी से पूर्व वाहन क्लेम करने की सूचना

फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में जब्त किए गए 130 वाहनों की नीलामी की जायेगी, 15 जून 2022 तक आमजन अपने व्हीकल का क्लेम कर सकते हैं

फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में जब्त किए गए वाहन जिसमें कार, मोटरसाइकिल, ऑटो इत्यादि शामिल हैं। इन वाहनों की नीलामी की जानी है।

पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल सहित अन्य मुकदमों में जब्त किए गए 130 वाहनों की सूची को फरीदाबाद पुलिस की वेबसाइट http://www.faridabad.haryanapolice.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। पुलिस द्वारा सूचना के मुताबिक आमजन 15 जून 2022 तक अपने वाहन का क्लेम कर सकते हैं। इसके लिए नागरिक लिस्ट में अपने वाहन की जानकारी प्राप्त करके संबंधित थाने या पुलिस लाइन कार्यालय के टेलीफोन नंबर 0129-2277540 पर संपर्क कर सकते हैं । इससे पहले 27 मार्च को नीलामी के लिए प्रकाशित किए गए वाहनों के साथ ही इन वाहनों की नीलामी भी कर दी जाएगी।

पुलिस प्रवक्ता
फरीदाबाद

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 771 | MVACT | auto | HR38N 8903 | CF11606854 | AZH0115113 | CITY BLB |
| 772 | MVACT | shine | HR51 Z4116 | 78002456 | E0077504 | City BLB |
| 773 | MV ACT | Scooty Activa | HR29AM 4872 | 158546 | 31184 | CITY BLB |
| 774 | MV ACT | Spl+ | HR 29 AK 3039 | 82903 | 36177 | CITY BLB |
| 775 | MV ACT | SPL+ | HR29AA3672 | 08076 | 1643 | CITYBLB |
| 776 | MV ACT | CD DELUX | HR29AP1197 | 23591 | 41229 | CITY BLB |
| 777 | MV ACT | SPL+ | HR51 BA 5512 | 45247 | 71446 | CITY BLB |
| 778 | MV ACT | BOXER BAJAJ | HR29H9066 | 58604 | 29419 | CITY BLB |
| 779 | MV ACT | CD DELUX | HR 50A 2254 | 63020 | 75082 | City BLB |
| 780 | MV ACT | CRUX | HR 29 N 5984 | 66899 | 36899 | CITY BLB |
| 781 | MV ACT | PLATINA | HR 51 AX7608 | 26076 | 75503 | CITY BLB |
| 782 | MV ACT | GLAMOUR | HR29R6920 | 01105 | 01077 | CITY BLB |
| 783 | MV ACT | PLATINA | HR29T 8085 | 71168 | 21459 | CITY BLB |
| 784 | MV ACT | AUTO | HR 38U 9582 | 21907 | 53891 | City BLB |
| 785 | MV ACT | AUTO | HR38W 5920 | 24358 | 31721 | CITY BLB |
| 786 | MV ACT | SHINE | HR 29 AH1635 | 194052 | 42837 | CITY BLB |
| 787 | MV ACT | SPL+ | HR29X 7703 | 14092 | 24924 | CITYBLB |
| 788 | MV ACT | SPL | HR51AJ 1781 | 15489 | 18074 | CITYBLB |
| 789 | MV ACT | SZR Yamha | HR29 AA 6376 | 53666 | 53615 | CITY BLB |
| 790 | MV ACT | PLATINA | HR29 Y 5523 | 10974 | 38215 | CITY BLB |
| 791 | MV ACT | YAMha YZF | HR32G 1500 | 12551 | 12496 | SEC58 |
| 792 | MV ACT | PASSION PRO | DL 13 SS 8696 | 07108 | 07843 | SEC58 |
| 793 | MV ACT | SPL+ | HR29 AJ 0645 | 03107 | 03596 | SEC58 |
| 794 | MV ACT | BAJAJ CD DELUX | HR 29 u 2543 | 44487 | 43231 | SEC58 |
| 795 | MV ACT | SPL+ | HR 26 AC 8902 | 18311 | 17612 | SEC58 |
| 796 | MV ACT | platina | DL6S Z 9196 | 44410 | 44414 | SKD |
| 797 | MV ACT | APACHY | HR51 BD 4927 | 09194 | 08775 | SKD |
| 798 | MV ACT | DELUX | DL3 SA L 3962 | 57602 | 95571 | SKD |
| 799 | MV ACT | DICOVER | HR51 U 7814 | 91881 | 91125 | SKD |
| 800 | MV ACT | PULSAR | DL3SAL0772 | 98016 | 98467 | SKD |
| 801 | MV ACT | AUTO | HR38AB 3862 | 33134 | 76949 | BHUPANI |
| 802 | MV ACT | MC | DL7SAZ 9772 | 91145 | 792773 | BHupani |
| 803 | MV ACT | MC | DL 3SBL 1596 | 03536 | 29936 | Bhupani |
| 804 | MV ACT | AUTO | HR 38 Z 6965 | 23372 | 60142 | BHUPANI |
| 805 | MV ACT | MC | HR 51 V 6431 | 83366 | 06832 | DHAUJ |
| 806 | MV ACT | SPL | HR29K 1556 | 41084 | 41533 | DHAUJ |
| 807 | MV ACT | MC | PB10BL6154 | 12465 | 12465 | DHAUJ |
| 808 | MV ACT | MC | HR51 AH 6249 | 55878 | 24514 | DHAUJ |
| 809 | MV ACT | MC | DL3SDL4882 | A0092 | 90370 | DHAUJ |
| 810 | MV ACT | MC | DL3SCL 6112 | 33276 | 27260 | DHAUJ |
| 811 | MV ACT | MC | HR 29 N 1589 | 56931 | 27822 | DHAUJ |
| 812 | MV ACT | HONDA MC | HR 26 AG2947 | 05611 | 04154 | DHAUJ |
| 813 | MV ACT | DISCOVER | HR51 BD 6093 | 78246 | 95812 | DHAUJ |
| 814 | MV ACT | VAN | DL2CA F0337 | 51814 | 11539 | DHAUJ |
| 815 | MV ACT | AUTO | HR38T4743 | 37324 | 17187 | SARAI |
| 816 | MV ACT | AUTO | HR38V3894 | 66215 | 23156 | SARAI |
| 817 | MV ACT | MC | DL 9SB P3168 | 69924 | 603946 | SARAI |
| 818 | MV ACT | MC | DL3SBq 3513 | 13797 | 22162 | SARAI |
| 819 | MV ACT | MC | DL9SAZ5847 | 86831 | 02075 | SARAI |
| 820 | MV ACT | MC | DL 3 SBF 9505 | 97908 | 88573 | SARAI |
| 821 | MV ACT | ACTIVA | DL 3SCF0453 | 87210 | 31006 | SARAI |
| 822 | MV ACT | MC | HR5! BD 5914 | 31801 | 24476 | SARAI |
| 823 | MV ACT | ACTIVA | HR51 BJ 5422 | 95777 | 01632 | SARAI |
| 824 | MV ACT | MC | HR 5! CB 3192 | D0663 | 81771 | SARAI |
| 825 | MV ACT | MC | DL3SBN 6935 | 02130 | 01966 | SARAI |
| 826 | MV ACT | MC | DL 3SAX 8281 | 28038 | 28038 | SARAI |
| 827 | MV ACT | MC | HR 51 V 4145 | 00288 | 00721 | SARAI |
| 828 | MV ACT | MC | DL3SCH0893 | 11786 | 12227 | SARAI |
| 829 | MV ACT | MC | DL3SAV4835 | 09759 | 27114 | SARAI |
| 830 | MV ACT | MC | DL9SP4538 | 73164 | 76144 | SARAI |
| 831 | MV ACT | MC | DL3SCX6189 | 07989 | 03315 | SARAI |
| 832 | MV ACT | ACTIVA | DL3SDD7137 | 42801 | 40560 | SARAI |
| 833 | MV ACT | MC | HR 72 3869 | 115882 | 76463 | SARAI |
| 834 | MV ACT | MC | HR87E0212 | E9646 | 38861 | SARAI |
| | | MC | DL6SZ2970 | 707307 | 51774 | SARAI |
| 835 | MV ACT | MC | DL12SA1368 | 07610 | 06525 | SARAI |
| 836 | MV ACT | MCBAJAJ DISCOVER | PB02AM 7436 | 32454 | 33627 | BPTP |
| 837 | MV ACT | Passion | DL4SAZ0213 | 42532 | 48727 | BPTP |
| 838 | MV ACT | Splender | DL4SAZ0624 | 19678 | 28129 | BPTP |
| 839 | MV ACT | Passionpro | HR51BB5104 | 03788 | 00507 | BPTP |
| 840 | MV ACT | MC | HR51 V 4488 | 55659 | 06626 | DHauj |
| 841 | MV ACT | MC | HR51 U6428 | 33236 | 23421 | DHAUJ |
| 842 | MV ACT | MC | HR 51BC 2322 | 82162 | 52848 | DHAUJ |
| 843 | MV ACT | MC | DL7SR9438 | 04954 | 20915 | DHAUJ |
| 844 | MV ACT | MC | HR26 CN8702 | 06139 | 05706 | DHAUJ |
| 845 | MV ACT | MC | HR26AD9161 | 22061 | 221347 | Dhauj |
| 846 | MV acT | MC | HR512642 | 89393 | 52266 | SEC31 |
| 847 | MV ACT | MC | HR51K7239 | 05592 | 43426 | SEC31 |
| 848 | MV ACT | MC | HR51N1257 | 92928 | 92506 | SEC31 |
| 849 | MV ACT | MC | HR51P0281 | 77324 | 29107 | SEC31 |
| 850 | MV ACT | MC | HR 51R 3663 | 99275 | 41252381 | SEC31 |
| 851 | MV ACT | MC | HR51 W4564 | 07241 | 13494 | SEC31 |
| 852 | MV ACT | MC | HR51B2178 | 04619 | 04366 | SEC31 |
| 853 | MV ACT | MC | HR51W2513 | 39891 | 32484 | SEC31 |
| 854 | MV ACT | MC | HR51AX 1552 | 03489 | 24425 | SEC31 |
| 855 | MV ACT | MC | HR51AS7817 | 34090 | 33840 | SEC31 |
| 856 | MV ACT | MC | HR29 W 7641 | 15289 | 15268 | SEC31 |
| 857 | MV ACt | MC | HR51N5379 | 40023 | 03588 | SEC31 |
| 858 | MV ACt | Mc | HR51 AW 0575 | 01362 | 01569 | SEC31 |
| 859 | MV ACT | MC | HR51BT0674 | 30432 | 38225 | SEC31` |
| 860 | MV ACt | MC | HR51AD1385 | 16119 | 86656 | SEC31 |
| 861 | MV ACT | MC | HR51Q 2860 | 89482 | 94414 | Sec31 |
| 862 | MV ACT | MC | HR51AH9654 | 00789 | 00874 | SEC31 |
| 863 | MV ACT | MC | HR 51 Z 8030 | 47446 | 15948 | Sec31 |
| 864 | MV ACT | MC | DL3CG4691 | 13125 | 05399 | SEC31 |
| 865 | MV ACT | MC | DL9SS2292 | 73685 | 51385 | OLD |
| 866 | MV ACT | MC | HR51X6926 | 33323 | 43190 | OLD |
| 867 | MV ACT | MC | HR51BC 3632 | 31959 | 306664 | OLD |
| 868 | MV ACT | MC | HR51A0376 | KH1996 | KH1996 | OLD |
| 869 | MV ACT | MC | HR29Q1921 | 37258 | 75366 | OLD |
| 870 | MV ACT | MC | HR51AC9826 | 03187 | 03085 | DABUA |
| 871 | MV ACT | MC | HR51AB9109 | 06942 | 08836 | DABUA |
| 872 | MV ACT | MC | HR51 AH 0704 | 07799 | 08318 | Traffic |
| 873 | MV Act | MC | HR52 E9463 | 00429 | 08733 | Traffic |
| 874 | MV Act | MC | UP80Z2406 | 21085 | 16772 | Traffic |
| 875 | MV ACT | MC | HR51AS9104 | 84968 | 40402 | Traffic |
| 876 | MV ACT | MC | DL9SZ4593 | 10343 | 19672 | Traffic |
| 877 | MV ACT | MC | HR72A7696 | 03261 | 02421 | Traffic |
| 878 | MV ACT | MC | HR51U8422 | 13928 | 13898 | Traffic |
| 879 | MV ACT | MC | UP13AE4448 | 12171 | 17789 | Traffic |
| 880 | MV ACT | MC | HR26DA9268 | 16090 | 63886 | Traffic |
| 881 | MV ACT | MC | HR51 AS1340 | 96661 | 37634 | Traffic |
| 882 | MV ACT | Mc | UP85F4019 | 51467 | 55167 | Traffic |
| 883 | MV ACT | Mc | HR87 0598 | 17307 | 48756 | Traffic |
| 884 | MV ACT | MC | HR29 Ap7539 | 30071 | 94816 | Traffic |
| 885 | MV ACT | MC | HR51J 0159 | 81835 | 54650 | Traffic |
| 886 | MV ACT | MC | DL3SAM2288 | 43129 | 43645 | Traffic |
| 887 | MV ACT | MC | DL8SAP5279 | 84339 | 85547 | Traffic |
| 888 | MV ACT | MC | HR51AS5895 | 55409 | 55279 | Traffic |
| 889 | MV ACT | MC | DL5SBJ4336 | 05062 | 09015 | Traffic |
| 890 | MV ACT | MC | DL3SBN2962 | 14134 | 15630 | Traffic |
| 891 | MV ACT | Mc | UP14DI7192 | 96842 | 57387 | Traffic |
| 892 | Mv ACT | Mc | UP13As9576 | 01271 | 04882 | Traffic |
| 893 | MV ACT | MC | HR51Ar3577 | M97147 | M17071 | BPTP |
| 894 | MV ACT | AVIATOR | HR51AQ6079 | 9290622 | 8259158 | BPTP |
| 895 | MV ACT | PLATINA | HR51AJ1563 | C05063 | PC73058 | BPTP |
| 896 | Mv ACt | SPL | HR51AD4130 | M09302 | M03512 | BPTP |
| 897 | MV ACT | Delux | HR29U1716 | K35104 | K15505 | BPTP |
| 898 | MV ACT | Discover | HR29X1105 | 10530 | 10721 | BPTP |
| 899 | MV ACT | DISCOVER | HR51BM9419 | 36953 | 69732 | BPTP |
| 900 | MV ACT | SPL | HR51v6306 | 53851 | 48889 | BPTP |